स्पाइसेस बोर्ड भारत

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2019-20

स्पाइसेस बोर्ड भारत
SPICES BOARD INDIA
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce&Industry
भारत सरकार
Government of India
कोचिन / Cochin – 682 025

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्पाइसेस बोर्ड

वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

स्पाइसेस बोर्ड
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
सुगंध भवन, पी.बी. नं : 2277, कोच्ची - 682 025
दूरभाष : 0484-2333610-616, 2347965
इ-मेइल : mail.sboard@gov.in
वेबसाइट : www.indianspices.com

संकलन और संपादन

1. **श्री रोय जोसफ**
   उप निदेशक (यो. व स.)

2. **श्री प्रत्यूष टी.पी.**
   उप निदेशक (विपणन)

3. **डॉ. जी. उषाराणी**
   सहायक निदेशक (रा.भा.)

तकनीकी समर्थन

1. **श्री बिजू डी. षेणाई**
   वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक

2. **श्री आर. जयचन्द्रन**
   ई डी पी सहायक

विषय सूची

कार्यकारी सारांश	:	5
1. संघटन और प्रकार्य	:	8
2. प्रशासन	:	10
3. वित्त और लेखा	:	16
4. निर्यातोन्मुख उत्पादन	:	17
5. निर्यात विकास और संवर्धन	:	24
6. प्रचार एवं संवर्धन	:	38
7. कोडेक्स सेल और हस्तक्षेप	:	41
8. गुणवत्ता सुधार	:	43
9. निर्यातोन्मुख अनुसंधान	:	46
10. सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रक्रमण	:	51
11. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन	:	52
परिशिष्ट I		53

कार्यकारी सारांश

सांविधिक संगठन, स्पाइसेस बोर्ड का गठन स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम 1986 के अंतर्गत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भूतपूर्व इलायची बोर्ड और मसाला निर्यात संवर्धन परिषद के विलय के साथ 26 फरवरी 1987 को किया गया था तथा यह 52 अनुसूचित मसालों के निर्यात के संवर्धन और इलायची (छोटी और बड़ी) के विकास के लिए उत्तरदायी है। स्पाइसेस बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी संवर्धन के लिए एक अग्रणी संगठन है। बोर्ड भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए संचालित गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है, ताकि भारतीय मसाला उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय प्रसंस्करण केंद्र बनने तथा वैश्विक मसाला बाजार के औद्योगिक, खुदरा और खाद्य सेवा क्षेत्रों में स्वच्छ और मूल्यवर्धित मसालों और शाकों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सके।

बोर्ड का अधिदेश प्रथमतः मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने और निर्यात हेतु मसलों की गुणवत्ता नियमित करने केलिए है। वर्ष 2019-20 के दौरान कोविड-19 महामारी के प्रकोप और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई भारी मंदी के बावजूद, वर्ष 2019-20 के दौरान भारत ने मसाले के निर्यात में वृद्धि बनाए रखी है और इसने मसाला निर्यात के इतिहास में पहली बार तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार कर लिया है। वर्ष 2018-19 के दौरान के 19505.81 करोड़ रु. (2805.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाले 11,00,250 टन निर्यात की तुलना में, वर्ष 2019-20 के दौरान अनुमानित निर्यात 21515.40 करोड़ रु. (3033.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाला 11,83,000 टन रहा। वर्ष 2019-20 के दौरान मसाले का निर्यात मात्रा और मूल्य, दोनों के संदर्भ में एक सर्वकालिक रिकॉर्ड था। वर्ष 2018-19 की तुलना में, निर्यात में रुपये के मूल्य में 10 प्रतिशत और मात्रा में आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। डॉलर के संदर्भ में, यह वृद्धि आठ प्रतिशत है।

वर्ष 2019-20 के दौरान मसाले का निर्यात भी मात्रा और मूल्य (रुपये और डॉलर) दोनों ही के संदर्भ में इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को पार कर गया है। वर्ष 2019-20 के 19666.90 करोड़ रु. (2850.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाले 10,75,000 टन के निर्यात लक्ष्य के मुक़ाबले में, 21515.40 करोड़ रु. (3033.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाले 11,83,000 ट न की लब्धि हासिल की गई है, जो मात्रा में 110 प्रतिशत, रुपये के तौर पर मूल्य 109 प्रतिशत और डॉलर की हैसियत से मूल्य 106 प्रतिशत है।

2019-20 के दौरान इलायची (बडी), मिर्च, अदरक, धनिया, जीरा, सेलरी, मेथी और अन्य बीज जैसे अजवायन बीज़, सरसों आदि के निर्यात में 2018-19 की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों में वृद्धि हुई है। मूल्यवर्धित उत्पादों के मामले में, करी पाउडर / पेस्ट, पुदीना उत्पादों और मसाले तेलों व तैलीरालों के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों में वृद्धि देखी गई है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, मिर्च देश से निर्यात किया जाने वाला सबसे एकल मसाला है, जिसके बाद देश से कुल मसालों के निर्यात का 80 प्रतिशत हिस्सा पुदीना उत्पादों, जीरा, मसाला तेलों व तैलीरालों और हल्दी का होता है।

वर्ष 2019-20 में भारतीय मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात विश्व स्तर पर 180 स्थलों में किया गया। उनमें से प्रमुख देश चीन, अमेरिका, बांग्लादेश, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, मलेशिया, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और जर्मनी थे। इन नौ देशों ने वर्ष 2019-20 के दौरान कुल निर्यात अर्जन में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान किया।

वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने मूल्य की दृष्टि से 15 प्रतिशत और परिमाण के तौर पर तीन प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के 5411.18 करोड़ रुपए मूल्यवाले 4,68,500 टन के मुक़ाबले में 6211.70 करोड़ रुपए मूल्यवाले 4,84,000 टन मिर्च एवं मिर्च उत्पादों का निर्यात किया है। देश से मिर्च और मिर्च उत्पादों के निर्यात ने कुल मसाला निर्यात में मात्रा के संदर्भ में 40 प्रतिशत से अधिक और मूल्य के संदर्भ में 29 प्रतिशत का योगदान दिया। प्रमुख निर्यातक देशों में चीन, थाईलैंड, श्रीलंका, अमेरिका, इंडोनेशिया और बांग्लादेश शामिल हैं।

वर्ष 2018-19 के दौरान पुदीना उत्पादों का निर्यात, परिमाण में पाँच प्रतिशत और मूल्य की दृष्टि से दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2018-19 के दौरान के 3749.34 करोड़ रु. मूल्यवाले 21,610 टन के मुकाबले में 3838.35 करोड़ रुपए मूल्यवाला 22,725 टन रहा। प्रमुख खरीददार चीन, अमेरिका, सिंगापुर और जर्मनी रहे।

वर्ष 2019-20 के दौरान, परिमाण में 16 प्रतिशत और मूल्य में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए, पिछले वर्ष के 2884.80 करोड़ रुपए मूल्यवाले 1,80,300 टन के मुकाबले में 3225 करोड़ रुपए मूल्यवाले कुल 2,10,000 टन जीरे का निर्यात किया गया। प्रमुख बाजार चीन, बांग्लादेश, अमेरिका, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

वर्ष 2018-19 में, 2193 करोड़ रुपये के मूल्य के 12,750 टन मसाला निचोड़ की तुलना में वर्ष के दौरान 2645.25 करोड़ रु. के कुल 13,950 टन मसाला निचोड़ का निर्यात किया गया। मसाला निचोड़ के निर्यात में मात्रा के संदर्भ में नौ प्रतिशत और मूल्य के संदर्भ में 21 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। संयुक्त राज्य अमेरिका मसाला निचोड़ का सबसे बड़ा उपभोक्ता है और उसने मात्रा के संदर्भ में देश के कुल निर्यात का 30 प्रतिशत से अधिक आयात किया। अन्य प्रमुख खरीददार चीन, फ्रांस, जर्मनी और यूके रहे।

वर्ष 2019-20 के दौरान भारत से हल्दी का निर्यात, पिछले वर्ष के 1416.16 करोड़ रुपए मूल्यवाले 1,33,600 के मुकाबले में 1216.40 करोड़ रुपए मूल्यवाले 1,36,000 टन रहा। भारतीय हल्दी के लिए अग्रणी खरीददार बांग्लादेश था जिसके बाद यूएसए, ईरान, मलेशिया, मोरक्को और यूएई का स्थान आता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान छोटी इलायची और बड़ी इलायची का उत्पादन क्रमशः 11235 मीट्रिक टन और 8530 मीट्रिक टन था।

बोर्ड द्वारा प्रस्तुत योजना अर्थात् "मसालों के निर्यात संवर्धन और गुणवत्ता सुधार तथा इलायची के अनुसंधान और विकास के लिए एकीकृत योजना" को स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) द्वारा मध्यम अवधि ढांचा (एमटीएफ) योजना (2017-18 से 2019-20) के अंतर्गत 491.78 करोड़ रु. के कुल परिव्यय के लिए अनुमोदित किया गया है। वर्ष 2019-20 में, एमटीएफ के अंतर्गत 168.53 करोड़ रु. के स्वीकृत परिव्यय की तुलना में, बोर्ड को 105.00 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी और कुल व्यय 116.93 करोड़ रुपये था।

स्पाइसेस बोर्ड की 86वीं और 87वीं बोर्ड बैठकें क्रमशः कोच्ची, केरल में 16 नवंबर, 2019 को और विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में 29 फरवरी, 2020 को आयोजित की गई थीं।

स्पाइसेस बोर्ड ने सामान्य अवसंरचना और प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करके मसाला उद्योग, विशेषकर कृषक समुदाय के पणधारियों को सशक्त बनाने के लिए प्रमुख उत्पादन/बाजार केंद्रों में फसलविशिष्ट मसाला पार्क स्थापित किए हैं। बोर्ड ने मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा और गुना; केरल में पुट्टडी; राजस्थान में जोधपुर और कोटा; आंध्र प्रदेश में गुंटूर; तमिलनाडु में शिवगंगा और उत्तर प्रदेश में रायबरेली में मसाला पार्कों की स्थापना की है।

कोच्ची, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, गुंटूर, तूतिकोरिन और कांडला में स्थित बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने वर्ष के दौरान, चुने हुए मसालों केलिए विश्लेषणात्मक सेवाएं और निर्यात परेषणों का अनिवार्य परीक्षण और प्रमाणन कार्य जारी रखा। कोलकाता में गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। बोर्ड की सभी क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ एएसआईडीई योजना के अंतर्गत स्थापित की गई हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने मसाला नमूनों के 1,16,772 मापदंडों का विश्लेषण किया जिनमें एफ़्लाटॉक्सिन, अवैध डाई, नाशकजीवनाशी अवशिष्ट, सालमोनेला आदि भी शामिल थे।

स्पाइसेस बोर्ड प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता संपर्क कार्यक्रमों (बीएसएम) का संचालन करता आ रहा है ताकि मसाला उत्पादकों और निर्यातकों के बीच सीधा बाजार संपर्क स्थापित करने के लिए बातचीत का एक मंच प्रदान किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने विभिन्न राज्यों में आठ बीएसएम आयोजित किए, जिनमें से तीन पूर्वोत्तर क्षेत्र में थे।

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों व मसाला उत्पादों के निर्यात में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए मसालों के निर्यात में उत्कृष्टता पुरस्कारों की व्यवस्था की है। माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश ने 22 फरवरी, 2020 को केरल के कोच्ची में वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए निर्यातकों को मसालों के निर्यात में उत्कृष्टता हेतु ट्रॉफियां और पुरस्कार वितरित किए।

माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश ने 22 फरवरी, 2020 को कोच्ची, केरल में भारतीय मसाला क्षेत्र के निम्नलिखित महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों/परियोजनाओं का शुभारंभ किया 1) विश्व मसाला कांग्रेस 2020 का पूर्वावलोकन; 2) भारत में मसाला मूल्यश्रृंखला को मजबूत करने के लिए डब्ल्यूटीओ की मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ) और संयुक्त राष्ट्र परियोजना के एफएओ के साथ सहयोगात्मक परियोजना की शुरूआत; 3) इलायची के लिए पादप संरक्षण संहिता का शुभारंभ; 4) राष्ट्रीय मसाला संधारणीय कार्यक्रम (एनएसएसपी) का शुभारंभ; 5) स्पाइसेस बोर्ड द्वारा प्रवर्तित एक हस्ताक्षर ब्रांड फ़्लेवरिट के अंतर्गत मसालों की ऑनलाइन बिक्री का शुभारंभ।

वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने 58 अग्रणी मसाला निर्यातकों की सहभागीदारी के साथ प्रमुख आयातक देशों में आठ अंतरराष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लिया। बोर्ड ने देश के प्रमुख स्थानों पर 22 घरेलू प्रदर्शनियों में भी भाग लिया।

किसानों को छोटी इलायची के 1629.38 हेक्टेयर पुनर्रोपण के लिए और बड़ी इलायची के 2579.43 हेक्टेयर पुनर्रोपण/नवीन रोपण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।। बोर्ड की

विभागीय नर्सरियों में छोटी इलायची की कुल 2.45 लाख रोपण सामग्री का उत्पादन किया गया और उसे किसानों को वितरित किया गया। प्रमाणित नर्सरी योजना के अंतर्गत, किसानों को छोटी इलायची के 9.10 लाख पादपों और बड़ी इलायची के 24.90 लाख पादपों/अंतर्भूस्तरियों के उत्पादन के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। छोटी इलायची के लिए 38 सुधरी क्यूरिंग हाउसों और बड़ी इलायची के लिए 30 आशोधित भट्टी के लिए किसानों को सहायता प्रदान की गई।

फसल-कटाई उपरांत गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत, 61 सीड स्पाइस थ्रेशर, 179 कालीमिर्च थ्रेशर, 41 हल्दी स्टीम बॉयलिंग इकाइयां, 18 हल्दी पॉलिशिंग इकाइयां, 58 जायफल ड्रायर्स, सात पुदीना आसवन इकाइयां और 231 केंचुआ-कम्पोस्ट इकाइयां स्थापित करने के लिए मसाला किसानों को सहायता प्रदान की गई।

बोर्ड ने उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक और पूर्वोत्तर क्षेत्र से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी से संबंधित 335 किसानों के लिए अनुभवजन्य दौरों का आयोजन किया है। किसानों को केरल में मसाला प्रसंस्करण इकाइयों, इलायची नीलामी केंद्र और अनुसंधान संस्थान में ले जाया गया। उन्हें मसाला पौधशाला प्रबंधन और श्रेष्ठ कृषि प्रक्रियाओं (जीएपी) का प्रशिक्षण दिया गया।

स्पाइसेस बोर्ड ने वर्ष 2019-20 के दौरान भी मसालों व पाक शाकों की कोडेक्स समिति के सचिवालय के रूप में अपनी सेवाएँ जारी रखीं। कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन ने 8 से 12 जुलाई 2019 तक जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित अपने 42वें सत्र (सीएसी42) में सूखे/निर्जलित लहसुन के लिए मानक अपनाया। इस मानक का मसौदा तैयार करने वाले इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप (ईडब्ल्यूजी) की अध्यक्षता भारत ने की थी।

बोर्ड ने केरल में 14, कर्नाटक में 10 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में चार मसाला क्लीनिकों का संचालन किया और इनमें किसानों को खेती के विभिन्न पहलुओं पर सलाह दी गई।

मसालों की खेती और प्रसंस्करण का कार्य कर रहे किसानों के सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत स्पाइसेस बोर्ड पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) को लागू कर रहा है। वर्ष के दौरान, देश के विभिन्न राज्यों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में आयोजित 21 कार्यक्रमों सहित कुल 95 कुल कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 3866 पणधारियों को लाभान्वित किया गया।

बोर्ड ने राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम तैयार किए हैं और उन्हें समुचित रूप से संचालित किया है तथा बोर्ड के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शन दिया है और इस कार्य की निगरानी भी की है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में जारी किए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम और अन्य आदेशों के अनुसार, बोर्ड ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को और अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाने के लिए अपने प्रयासों को वर्ष 2019-20 के दौरान भी जारी रखा।

बोर्ड ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005 को प्रभावी रूप से लागू किया है और इस संबंध में सरकार के सभी निर्देशों का अनुपालन किया है। बोर्ड ने स्वतः प्रकट किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना को उस रूप और तरीके से प्रदर्शित किया है कि वह बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनता के लिए सुलभ है [आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4(1)]। वर्ष 2019-20 के दौरान, आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत भौतिक और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल 113 आरटीआई आवेदन और छह अपीलें प्राप्त हुई तथा सभी मामलों में निर्धारित समय के भीतर सूचना प्रदान कर दी गई।

1. संघटन और प्रकार्य

अ) स्पाइसेस बोर्ड का संघटन

संसद द्वारा अधिनियमित स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 10) में इलायची की खेती एवं उससे जुडे मामलों के नियंत्रण सहित मसालों के निर्यात के विकास तथा इलायची उद्योग के नियंत्रणार्थ बोर्ड के गठन का प्रावधान है। सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केंद्रीय सरकार ने स्पाइसेस बोर्ड का गठन किया, जो 26 फरवरी 1987 से अस्तित्व में आ गया।

आ) स्पाइसेस बोर्ड की सदस्यता में:

क) अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्रीय सरकार द्वारा की जाएगी

ख) संसद के तीन सदस्य, जिनमें से दो लोकसभा से और एक राज्य सभा से चुने होते हैं

ग) केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों के प्रतिनिधि तीन सदस्य

- (i) वाणिज्य
- (ii) कृषि; एवं
- (iii) वित्त;

घ) मसाले कृषकों के प्रतिनिधि छह सदस्य *;

ङ) मसाले निर्यातकों के प्रतिनिधि दस सदस्य;

च) प्रमुख मसाले उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधि तीन सदस्य;

छ) निम्नलिखित प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करनेवाले चार सदस्यः

- (i) योजना आयोग (संप्रति नीति आयोग);
- (ii) भारतीय पैकेजिंग संस्थान, मुंबई;
- (iii) केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान, मैसुरु;
- (iv) भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड;

झ) मसाले श्रमिकों के हितों का प्रतिनिधि एक सदस्य।

इ) बोर्ड के कार्य

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986, के मुताबिक स्पाइसेस बोर्ड को निम्नलिखित काम सौंप दिए गए हैं

क) बोर्ड

- (i) मसालों का विकास, प्रचार एवं निर्यात-नियमन करें ;
- (ii) मसालों के निर्यात केलिए प्रमाणपत्र प्रदान करें;
- (iii) मसालों के निर्यात को बढावा देने केलिए कार्यक्रम व परियोजना चलाएं;
- (iv) मसालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग व पैकेजिंग की गुणवत्ता तकनीक के सुधार केलिए अनुसंधान व अध्ययन कार्य को सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान करें;
- (v) निर्यातार्थ मसालों के मूल्य के स्थिरीकरण की दिशा में प्रयास करें;
- (vi) उपयुक्त गुणवत्ता प्रतिमानों का विकास तथा निर्यातलायक मसालों का गुणवत्ताचिह्नाँकन द्वारा गुणवत्ता-प्रमाणीकरण करें;
- (vii) निर्यातार्थ मसालों की गुणवत्ता का नियंत्रण करें;
- (viii) निर्यातार्थ मसालों के विनिर्माताओं को निर्धारित निबंधनों व शर्तो के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान करें;
- (ix) निर्यात बढाने के हित में आवश्यकता महसूस होने पर किसी भी मसाले का विपणन करें;
- (x) मसालों केलिए विदेशों में भंडागार सुविधाएं प्रदान करें;
- (xi) संकलन एवं प्रकाशनार्थ मसाले विषयक साँख्यिकी इकट्ठा करें;
- (xii) केंद्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से बिक्री केलिए किसी भी मसाले का आयात करें; तथा
- (xiii) मसालों के आयात-निर्यात संबंधी बातों पर केंद्रीय सरकार को सलाह दे दें।

** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना नं. 157(ई) दिनांक 2 फरवरी, 2018 के अनुसार संशोधित*

ख) साथ ही, बोर्ड

(i) इलायची कृषकों के बीच सहकारी प्रयासों को बढावा दें;

(ii) इलायची कृषकों को लाभकारी पारिश्रमिक सुनिश्र्चित करें;

(iii) इलायची खेती और प्रसंस्करण के सुधरे तरीकों, इलायची पुनरोपण तथा इलायची खेती इलाकों के विस्तारण केलिए वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करें;

(iv) इलायची की बिक्री को विनियमित तथा उसके मूल्य को स्थिर रखें;

(v) इलायची की जाँच तथा उसके ग्रेड मानदण्डों को स्थिर करने का प्रशिक्षण प्रदान करें;

(vi) इलायची के उपभोग को बढावा दें तथा उसके प्रचार-प्रसार को ज़ारी रखें;

(vii) इलायची के (नीलामकर्त्ताओं सहित) दलालों एवं इलायची का धंधा करनेवाले लोगों को पंजीयन और अनुज्ञप्ति दें;

(viii) इलायची के विपणन में सुधार करें;

(ix) इलायची उद्योग से जुडे किसी भी विषय पर कृषकों, व्यापारियों या ऐसे अन्य विनिर्दिष्ट लोगों से आँकडा इकट्ठा करें और उनको या उनके अंश को या उनके सारांश को प्रकाशित करें;

(x) श्रमिकों केलिए बेहतर कार्यकारी परिस्थितियाँ और सुविधाओं की व्यवस्था तथा प्रोत्साहन को भी सुनिश्चित करें और

(xi) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधान कार्य चलाएँ, उनकेलिए प्रोत्साहन या सहायता प्रदान करें।

ई) बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के अधीन आनेवाले मसाले

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम की अनुसूची में निम्नलिखित 52 मसाले आते हैं:-

1	इलायची	19	कोकम	37	जूनिपर बेरी
2	कालीमिर्च	20	पुदीना	38	बे-पत्ता
3	मिर्च	21	सरसों	39	लूवेज
4	अदरक	22	अजमोद	40	मर्जोरम
5	हल्दी	23	अनारदाना	41	जायफल
6	धनिया	24	केसर	42	जावित्री (मेस)
7	जीरा	25	वैनिला	43	तुलसी
8	बडी सौंफ	26	तेजपात	44	खसखस
9	मेथी	27	पीपला	45	ऑलस्पाइस
10	सेलरी	28	स्टार एनीज़	46	रोज़मेरी
11	सौंफ	29	घोड बच (स्वीट फ्लैग)	47	सेज
12	अजोवन (मसाले का पौधा)	30	महा गलेंजा	48	सेवरी
13	काला जीरा	31	होर्स-रैडिश	49	थाइम
14	सोआ	32	केपर	50	ओरगेनो
15	दालचीनी	33	लौंग	51	टेरागन
16	अमलतास (केसिया)	34	हींग	52	इमली
17	लहसुन	35	केंबोज		
18	करी पत्ता	36	हिस्सप		

(करी पाउडर, मसाले तेल, तैलीराल एवं अन्य मिश्रण सहित किसी भी रूप में हो, जहाँ मसाला घटक प्रमुख है)

2. प्रशासन

अ) प्रशासन

वर्ष 2019-20 के दौरान, श्री सुभाष वासु एवं श्री डी. सत्यन आईएफ़एस ने क्रमशः स्पाइसेस बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव के रूप में अपनी सेवाएँ जारी रखीं।

सुश्री ए. षैनामोळ आईएएस ने 28-08-2019 से लेकर निदेशक(वित्त) का पदभार ग्रहण किया। श्री पी.एम.सुरेषकुमार, निदेशक ने 23-02-2020 तक निदेशक (विपणन) का भार सँभाला और 27-08-2019 तक निदेशक (वित्त) का पूर्ण अतिरिक्त भार सँभाला। श्री पी.एम. सुरेषकुमार, निदेशक को निदेशक (प्रशासन) के रूप में 24 फरवरी, 2020 को पुनःपदनामित किया गया। इस अवधि के दौरान, डॉ. रमाश्री ए.बी., निदेशक (अनुसंधान) के रूप में जारी रही और निदेशक (विकास) का अतिरिक्त भार भी सँभाला। श्री एस. नल्लकण्णु, उप निदेशक ने 24-02-2020 से 31-03-2020 तक निदेशक (विपणन) का भार सँभाला।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पत्र संख्या 5/6/2018 प्लांट डी दिनांक 04-02-2020 के ज़रिए युक्तीकरण और पुनर्गठन प्रस्ताव केलिए मंजूरी दे दी ताकि बोर्ड के संसाधन का उचित उपयोग हेतु एक कृश संरचना हो। प्रस्ताव के अनुसार, बोर्ड की कुल स्टाफसंख्या 513 से 379 होकर कम हो गई है और 106 कार्यालयों में से 15 कार्यालय बंद किए जाने हैं।

स्पाइसेस बोर्ड ने पुनर्गठन प्रस्ताव में अनुमोदित लक्ष्यीकृत स्टाफ संख्या प्राप्त की है। जैसे कि 31 मार्च, 2020 को है, 379 की मंजूर संख्या के खिलाफ स्पाइसेस बोर्ड की स्टाफ संख्या 77 वर्ग क, 99 वर्ग ख, चार विभागीय कैंटीन कर्मचारियों सहित 150 वर्ग ग को मिलाकर 326 है।

बोर्ड ने 74 पात्र कर्मचारियों को एमएसीपी प्रदान की, जो पिछले दो सालों से लंबित थी और वैज्ञानिक 10 सी के ग्रेड पर पात्र तीन वैज्ञानिकों को एफ़एफ़सीएस।

बोर्ड ने गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं में विश्लेषणात्मक सेवाएँ, अनुसंधान स्टेशनों में कृषि विस्तार सेवाएँ और प्रचार, पुस्तकालय, ईडीपी जैसे विविध विभागों में सरकारी कामकाज केलिए स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी से 100 से भी ज़्यादा बेरोजगार युवकों को काम में लगाया।

वर्ष के दौरान स्पाइसेस बोर्ड की 86वीं व 87 वीं बोर्डबैठक क्रमशः स्पाइसेस बोर्ड के कोच्ची के मुख्यालय में 16-11-2019 और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 29-02-2020 को आयोजित की गईं।

क) नियुक्तियों एवं पदोन्नतियों में अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. के लिए आरक्षण

बोर्ड अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के लिए पद-आधारित आरक्षण रोस्टर का उचित रूप से कार्यान्वयन करता है। सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी अनुदेशों का भी कडाई से अनुपालन किया जा रहा है। जैसे कि 31 मार्च, 2020 को है, अ.जा./अ.ज.जा. और अ.पि.व. की श्रेणियों में 176 पदाधिकारी थे। मितोपभोग उपायों के कारण वाणिज्य विभाग से प्राप्त निदेशों के अनुसार, रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान पदाधिकारियों को 04-02-2020 तक कोई पदोन्नति नहीं दी गई। बोर्ड ने, मंत्रालय द्वारा बोर्ड के युक्तिकरण एवं पुनर्गठन प्रस्ताव के अनुमोदन पर बोर्ड के पात्र पदाधिकारियों को पदोन्नतियाँ प्रदान करने हेतु कार्रवाई प्रारंभ की।

ख) महिला कल्याण

जैसे कि 31 मार्च 2020 को है, बोई की 'क', 'ख' व 'ग' श्रेणियों की महिला पदाधिकारियों की कुल संख्या 88 थी। महिला पदाधिकारियों की शिकायतों पर समय पर और उचित तौर पर ध्यान दिया जाता है। बोर्ड की वर्ग 'क' स्तर की एक महिला अधिकारी को "महिला कल्याण अधिकारी" के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि महिलाओं की परेशानियां/समस्याएं, यदि कोई हो, तो उन्हें जानने और संभव समाधान के लिए सुझावों के साथ उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जा सके।

ग) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. कल्याण

बोर्ड द्वारा अ.जा/अ.ज.जा व अ.पि.व. के कर्मचारियों के कल्याण की देखभाल हेतु और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समितियों का गठन किया जा चुका है। बोर्ड द्वारा अ.जा./अ.ज.जा. व अ.पि.व. से संबंधित आरक्षण मामलों के लिए संपर्क अधिकारियों को पदनामित किया जा चुका है।

घ) दिव्यांग व्यक्तियों का कल्याण

बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों से जुडे आरक्षण मामलों के लिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामित किया है और विकलांग व्यक्तियों का आरक्षण-रोस्टर बनाए रखा जाता है।

ङ) बोर्ड के कार्यालय

बोर्ड का मुख्यालय केरल के कोच्ची में स्थित है। बोर्ड के देश भर में 104 कार्यालय हैं जिनमें 31 निर्यात संवर्धन कार्यालय, छोटी व बड़ी इलायची के लिए 54 विकास कार्यालय/फार्म, चार अनुसंधान स्टेशनें, सात गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ (गु.मू.प्र.) और आठ मसाला पार्क शामिल हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड के निम्नलिखित कार्यालय प्रवृत्त रहे।

(i) निर्यात संवर्धन कार्यालय

क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	पडेरू	आंध्र प्रदेश
2	खम्मम	आंध्र प्रदेश
3	वारंगल	आंध्र प्रदेश
4	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
5	गुवाहटी	असम
6	पटना	बिहार
7	जगदलपुर	छत्तीसग़ढ
8	दिल्ली	दिल्ली
9	पोंडा	गोआ
10	अहमदाबाद	गुजरात
11	ऊँझा	गुजरात
12	उना	हिमाचल प्रदेश
13	श्रीनगर	जम्मू व कश्मीर
14	बैंगलूरू	कर्नाटक
15	मुंबई	महाराष्ट्र
16	चुराचंदपुर	मणिपुर
17	शिलाँग	मेघालय
18	आइज़ॉल	मिज़ोरम
19	कोरापुट	उडीसा
20	चंडीगढ	पंजाब/हरियाणा
21	जोधपुर	राजस्थान
22	सिंगटम	सिक्किम
23	चेन्नई	तमिलनाडु
24	नागरकोविल	तमिलनाडु
25	निज़ामाबाद	तेलंगाना
26	हैदराबाद	तेलंगाना
27	अगरतला	त्रिपुरा
28	बाराबंकी	उत्तर प्रदेश
29	साँबल	उत्तर प्रदेश
30	देहरादून	उत्तराखंड
31	कोलकाता	पश्चिम बंगाल

(ii) अनुसंधान व विकास कार्यालय/फार्म

छोटी इलायची		
क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	अडिमाली	केरल
2	एलप्पारा	केरल
3	कल्पेट्टा	केरल
4	कट्टप्पना	केरल
5	कुमली	केरल
6	नेडुंकण्डम	केरल
7	पांपाडुम्पारा	केरल
8	पीरमेड	केरल
9	पुट्टडी	केरल
10	राजाक्काड	केरल
11	राजकुमारी	केरल
12	शांतनपारा	केरल
13	उडुंबनचोला	केरल
14	बोडिनायकन्नूर	तमिलनाडु
15	ईरोड	तमिलनाडु
16	सेलम	तमिलनाडु
17	आइगूर (फार्म)	कर्नाटक
18	बागमंडला	कर्नाटक
19	बेलगोला (फार्म)	कर्नाटक

20	बेलिगेरी (फार्म)	कर्नाटक
21	बेट्टडामने (फार्म)	कर्नाटक
22	चिकमंगलूर	कर्नाटक
23	सकलेशपुर	कर्नाटक
24	हावेरी	कर्नाटक
25	कोप्पा	कर्नाटक
26	मडिक्केरी	कर्नाटक
27	मुडिगेरे	कर्नाटक
28	शिवमोगा	कर्नाटक
29	सिरसी	कर्नाटक
30	सोमवारपेट	कर्नाटक
31	वनगूर	कर्नाटक
32	विराजपेट	कर्नाटक
33	येसलूर(फार्म)	कर्नाटक

(iii) बड़ी इलायची

क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	आलो	अरुणाचल प्रदेश
2	बोमडिला	अरुणाचल प्रदेश
3	चांगलांग	अरुणाचल प्रदेश
4	इटानगर	अरुणाचल प्रदेश
5	नमसाई	अरुणाचल प्रदेश
6	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश
7	रोइंग	अरुणाचल प्रदेश
8	तेज़ू	अरुणाचल प्रदेश
9	ज़िरो	अरुणाचल प्रदेश
10	तिनसुकिया	असम
11	दीमापुर	नागालैंड
12	कोहिमा	नागालैंड
13	मोकोकचुंग	नागालैंड
14	गान्तोक	सिक्किम
15	गेयसिंग	सिक्किम
16	जोरथांग	सिक्किम
17	काबी (फार्म)	सिक्किम
18	मंगन	सिक्किम
19	पांगथांग (फार्म)	सिक्किम
20	कलिम्पोंग	पश्चिम बंगाल
21	सुखियापोखरी	पश्चिम बंगाल

(iv) अनुसंधान स्टेशनें

1	मैलाडुंपारा	केरल
2	डोनिगल-सकलेशपुर	कर्नाटक
3	ताडियनकुड़िशि	तमिलनाडु
4	तादोंग	सिक्किम

(v) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं (क्यू ई एल)

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	काण्डला	गुजरात
3	कोच्ची	केरल
4	मुम्बई	महाराष्ट्र
5	नरेला	नई दिल्ली
6	चेन्नई	तमिलनाडु
7	तूतिकोरिन	तमिलनाडु

(vi) मसाला पार्क

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	पुट्टडी	केरल
3	छिंदवाडा	मध्य प्रदेश
4	गुना	मध्य प्रदेश
5	जोधपुर	राजस्थान
6	कोटा	राजस्थान
7	शिवगंगा	तमिलनाडु
8	राय बरेली	उत्तर प्रदेश

च) विभाग से जुड़ी संसदीय स्थायी समितियों का ब्यौरा

वर्ष 2019-20 के दौरान वाणिज्य विभाग से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति ने “कृषि व समुद्री उत्पाद, बागान फसल, हल्दी व कयर का निर्यात” विषय पर जांच के लिए 06 से 10 जनवरी, 2020 की अवधि में विजयवाड़ा, बंगलुरु तथा कोच्ची का दौरा किया और बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

छ) जेम (GeM) के ज़रिए उत्पादों व सेवाओं की अधिप्राप्ति

सुरक्षा, हाउसकीपिंग, इलेक्ट्रीशियन आदि सभी आउटसोर्स की गई सेवाएँ, सरकार-इ-बाज़ार के ज़रिए अधिप्राप्त की गईं। कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेखन-सामग्रियाँ आदि जैसे उत्पाद भी जेम के ज़रिए खरीदे गए (कुल खरीद का 70 प्रतिशत से अधिक जेम के ज़रिए किया गया)।

ज) स्वच्छ भारत कार्यकलाप

वर्ष 2019-20 के दौरान कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन के भाग के रूप में मंत्रालय द्वारा अधिसूचित सभी कार्यकलाप सफलतापूर्वक कार्यान्वित किए गए और फोटो सहित रिपोर्टें मंत्रालय को प्रेषित की गईं।

झ) राष्ट्रीय महत्ववाले दिनों का मनाया जाना

स्पाइसेस बोर्ड में, स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, गांधी जयन्ती, संविधान दिवस, आतंकवाद-विरोधी दिवस, योगा दिवस और राष्ट्रीय महत्व के अन्य दिनों, सतर्कता जागरूकता सप्ताह और हिन्दी दिवस/ पखवाड़ा मनाए गए।

आ) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय का राजभाषा अनुभाग, राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम बनाने और उनका संचालन करने में बोर्ड की सहायता करने और बोर्ड के कार्यालयों में राजभाषा नीति के मॉनीटरिंग और कार्यन्वयन हेतु उत्तरदायी नॉडल पॉइंट है। राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और आदेशों के अनुरूप, राजभाषा अनुभाग, सचिव और बोर्ड की राजभाषा कार्यन्वयन समिति की सहमति और अनुमोदन से वर्ष 2019-20 के दौरान भी राजभाषा नीति के कार्यन्वयन को अधिक कारगर और प्रभावी बनाने में राजभाषा अनुभाग प्रयासरत रहा।

क) प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां

i) अनुवाद

- निम्नलिखित का अनुवाद कार्य (अंग्रेजी से हिन्दी और उल्टे) किया गया
- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज जैसे कि सामान्य आदेश, परिपत्र, निविदा दस्तावेज, विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्ति, अधिसूचना, वीआईपी संदर्भ आदि।
- वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2018-19 और संसद के समक्ष प्रस्तुत बोर्ड की अन्य प्रशासनिक रिपोर्टें।
- पृष्ठभूमि नोट, विभिन्न संसदीय समितियों के बोर्ड के दौरे/ निरीक्षण के लिए भरी हुई प्रश्नावली और अन्य सामग्रियाँ।
- हिन्दी में प्राप्त पत्र और उनके हिन्दी में उत्तर सेवारत कार्मिकों के लिए विजिटिंग कार्ड, रबड़ मुहर और बोर्ड की सेवा से सेवानिवृत होने वाले कार्मिक को स्मृतिचिह्न के लिए सामग्री।
- बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न सरकारी समारोहों के लिए बैनर, बैकड्रोप, निमंत्रणकार्ड, कार्यक्रम शीट आदि सामग्री।

(ii) राजभाषा नीति का कार्यान्वमयन

क) राजभाषा कार्यान्वायन समिति की बैठक

प्रत्येक तिमाही में एक बैठक आयोजित करने के अनुरूप चार बैठकें क्रमश: 30-05-2019 (अप्रैल-जून, 2019), 21-08-2019 (जुलाई-सितंबर, 2019), 13-12-2019 (अक्तूबर -दिसंबर, 2019) और 16-03-2020 (जनवरी-मार्च, 2020) को आयोजित की गईं। इन सभी बैठकों की अध्यक्षता सचिव द्वारा की गई।

ख) हिन्दी कार्यशाला

मुख्यालय के वर्ग 'क' अधिकारियों केलिए 24-06-2019 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण-पश्चिम), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय भवन, काक्कनाड, कोच्ची ने कार्यशाला का संचालन किया। कुल 27 अधिकारियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इसके अलावा, स्टाफ सदस्यों के लिए मुख्यालय में 25 सितंबर, 2019, 27 दिसंबर, 2019 और 17 मार्च, 2020 को तीन हिन्दी कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया और 50 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इनको राजभाषा नीति तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु बोर्ड के कार्यकलापों के बारे में समझाया गया।

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल और मई, 2019 के महीनों के दौरान आयोजित पाँच दिवसीय गहन कार्यशाला के लिए बोर्ड ने गु.मू.प्र., नरेला, नई दिल्ली और क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के अधिकारियों को नामित किया।

ग) सेवाकालीन हिन्दी प्रशिक्षण

मुख्यालय के एक और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के कार्यालयों के 12 पदाधिकारियों को केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के अंतर्गत पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी [प्रबोध-1, प्रवीण-5 और प्राज्ञ-7] में सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है।

इसके अलावा, मुख्यालय के तीन पदाधिकारियों को हिन्दी शब्द संसाधन एवं हिन्दी कंप्यूटर टंकण प्रशिक्षण केलिए नामित किया गया और इन पदाधिकारियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

घ) हिन्दी समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए चंदा

बोर्ड ने, हिन्दी अखबार "दैनिक हिन्दी मिलाप" और *सरिता* व *वनिता* नामक हिन्दी पत्रिकाओं के लिए चंदा ज़ारी रखा।

ङ) राजभाषा निरीक्षण

श्री बद्री यादव, अनुसंधान अधिकारी (कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (एनईआर), गुवाहटी द्वारा 20-01-2020 को स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, गुवाहटी का दौरा व निरीक्षण किया गया। प्रभारी अधिकारी, प्रादेशिक कार्यालय, गुवाहटी ने कार्यालय में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर कार्यकलापों से संबन्धित विवरण दिया और उसके बाद अधिकारियों व स्टाफ के साथ परिचर्चा हुई।

च) हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह 2019

बोर्ड ने 14 सितंबर, 2019 को 'हिन्दी दिवस' का आयोजन किया। हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2019 का उद्घाटन 17 सितंबर, 2019 को आयोजित किया गया। श्री के.एस. श्रीनिवास आईएएस, अध्यक्ष, एमपीईडीए मुख्यातिथि रहे। श्री डी. सत्यन आईएफ़एस, सचिव, स्पाइसेस बोर्ड ने समारोह की अध्यक्षता की। श्रीमती ए. षैनामोळ आईएएस, निदेशक (वित्त) तथा श्री पी.एम. सुरेष कुमार, निदेशक (विपणन) ने बधाई भाषण दिए। श्री एस. रूपेष कुमार, उप निदेशक (लेखापरीक्षा व सतर्कता) ने वाणिज्य सचिव का संदेश सुनाया और डॉ. जी. उषाराणी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने इस अवधि में राजभाषा अनुभाग के कार्यकलापों की संक्षिप्त जानकारी दी और संघ के गृह मंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया साथ ही सभी उपस्थितों का स्वागत किया। श्री बिजू डी. षेणाई, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अधीनस्थ कार्यालयों अर्थात् गुवाहटी व गान्तोक और आईसीआरआई, मैलाडुंपारा एवं आरआरएस, तादोंग में भी हिन्दी दिवस और हिन्दी पखवाड़ा समारोहों का आयोजन किया गया।

मुख्यालय और अधीनस्थ कार्यालयों में स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

बोर्ड ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2019 के सिलसिले में विशेष कार्यक्रम के रूप में कोच्ची और आसपास के स्कूलों के कक्षा V-VII के छात्रों केलिए हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की।

मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह 2019 का आयोजन 28 जनवरी, 2020 को किया गया। श्री डी.वी. स्वामी आईएएस, विकास आयुक्त, सीएसईज़ेड, काक्कनाड समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह के दौरान, मुख्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं एवं स्टाफ द्वारा हिन्दी में किए गए सराहनीय काम केलिए ट्रॉफियाँ/नकद पुरस्कार/प्रमाणपत्र, राजभाषा प्रतिभा पुरस्कार, अनुभागों के लिए राजभाषा रोलिंग/रन्नर अप ट्रोफी, वर्ष 2019 में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में विशेष प्रयास के लिए पुरस्कार, हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2019 के सिलसिले में विशेष कार्यक्रम के रूप में कोच्ची और आसपास के स्कूलों के कक्षा V-VII के छात्रों केलिए आयोजित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं केलिए ट्रॉफियाँ तथा प्रमाणपत्र आदि प्रदान किए गए।

छ) नराकास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागिता

- संयुक्त राजभाषा समारोह 2019 से जुडे खर्च की पूर्ति के लिए कोच्ची, गान्तोक तथा गुवाहटी नराकासों को अपने-अपने अंशदान की व्यवस्था की
- 26-06-2019 को गान्तोक में संपन्न नराकास की बैठक में प्रादेशिक कार्यालय, गान्तोक के प्रभारी अधिकारी ने भाग लिया
- गुवाहटी के नराकास की बैठक में प्रादेशिक कार्यालय, गुवाहटी के वैज्ञानिक-सी सह प्रभारी अधिकारी तथा एक और पदाधिकारी ने भाग लिया

- निदेशक (विपणन) और कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने 13-08-2019 को आयोजित कोच्ची नराकास बैठक में भाग लिया।
- मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग के पदाधिकारियों ने 21-08-2019 को कोच्ची नराकास के सदस्य संगठनों में कार्यरत राजभाषा कर्मचारियों की बैठक में भाग लिया।
- निदेशक (वित्त) और कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने 29-10-2019 को आयोजित कोच्ची नराकास बैठक में भाग लिया।

(iii) स्पाइस इंडिया (हिन्दी)

स्पाइस इंडिया (हिंदी) मासिक पत्रिका के सभी अंक निकाले गए।

(ग) पुस्तकालय एवं प्रलेखन सेवा

बोर्ड के पुस्तकालय में कंप्यूटरीकृत ग्रंथसूची डाटा बेस सहित पुस्तकों व पत्रिकाओं का एक अच्छा संग्रहण है। पुस्तकालय व प्रलेखन इकाई को मजबूत बनाने की प्रक्रिया, नई पुस्तकों व पत्रिकाओं को जोड़कर जारी रखा गया। वर्ष 2019-20 के दौरान, 163 नई पुस्तकें जोडी गईं और करीब 120 पत्रिकाओं के लिए चंदा ज़ारी रखा गया। पुस्तकालय ने किताबें जारी करना तथा वापस लेना, दस्तावेज़ों व पत्रिकाओं का परिचालन, करंट एवेयरनेस सेवा, दैनिक सूचना सेवाएं, ईसमाचारपत्र पठन और जर्नलों को मुक्त अभिगम्यता और स्पाइसेस समाचार सेवा जैसी नियमित सेवाएं ज़ारी रखीं। विविध संस्थाओं के करीब 25 छात्रों तथा शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन सहित संदर्भ सुविधाएं प्रदान की गईं। नियमित कार्यकलापों के अलावा जैविक कृषि, जलवायु परिवर्तन, भारतीय कृषि, कालीमिर्च, इलायची, अदरक, हल्दी, मिर्च, लहसुन, पुदीना, बीजीय मसालों, वृक्ष मसालों, तेल व तैलीराल पर सूचना संकलित की गई।

3. वित्त और लेखा

बोर्ड की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के लिए वित्तीय व्यवस्था भारत सरकार से प्राप्त अनुदान एवं आर्थिक सहायता द्वारा की जाती है। प्रशासन के खर्च मुख्यतः सरकार से प्राप्त सहायता-अनुदान और बोर्ड के विविध कार्यकलापों से अर्जित आन्तरिक एवं अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आईईबीबार) के जरिए जाते हैं।

वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड के लिए अनुमोदित बजट 10500.00 लाख रुपए है। वर्ष 2019-20 के दौरान भारत सरकार से अनुदान के लिए 5410.00 लाख रुपए, इमदाद के लिए 3400.00 लाख रुपए, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रावधान के रूप में 690.00 लाख रुपए और एस सी उपप्लान के लिए प्रावधान के रूप में 500.00 लाख रुपए और जनजातीय उप-प्लान के लिए प्रावधान के रूप में 500.00 लाख रुपए बोर्ड को प्राप्त हुए। बोर्ड ने 2019-20 के दौरान गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की गई गुणवत्ता जांच-सेवाओं के विश्लेषण चार्ज, पौधशालाओं से पादपों, अनुसंधान फार्मों के फार्म-उत्पादों की बिक्री, चंदा एवं विश्लेषण शुल्क, निर्यातकों का रजिस्ट्रीकरण शुल्क, अग्रिम पर ब्याज, अल्पकालीन जमा पर ब्याज आदि से 2128.49 लाख रुपए का आईईबीआर अर्जन किया। वर्ष 2019-20 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड का कुल व्यय 11693.30 लाख रुपए था, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

लेखा शीर्ष	व्यय (लाख रूपयों में)
निर्यातोन्मुख उत्पादन	3847.79
निर्यात विकास एवं संवर्धन	2297.60
निर्यातोन्मुख अनुसंधान	699.30
गुणवत्ता सुधार	925.47
एच आर डी व निर्माणकार्य	108.21
स्थापना	3814.93
कुल	11693.30

बोर्ड अन्य सरकारी विभागों एवं राष्ट्रीय अभिकरणों, जैसे कि आईसीएआर, एएसआईडीई और अन्य से प्राप्त अनुदानों से कुछ चालू परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन भी करता आ रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान ऐसी परियोजनाओं से प्राप्त अनुदानों एवं किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

कार्यक्रम	प्राप्त अनुदान (लाख रूपयों में)	व्यय (लाख रूपयों में)(*)
ए एस आई डी ई	0.00	51.80
ए एस आई डी ई आई आई पी एम	0.00	24.23
आई सी ए आर - ए आई सी आर पी एस	19.50	10.66
ईस्पाइस बाज़ार परियोजना	0.00	17.77
हंक के मूल्यांकन अध्ययन	7.70	0.00
आर पी एल - पी एम के वी ई	0.00	4.20
एनएआईपी	0.00	5.73
एसएचएम - जैव प्रौद्योगिकी	0.00	17.23
एसएचएम मोबाइल एग्री क्लिनिक	0.00	6.79
डब्ल्यूजीडीपी कर्नाटक	0.00	7.33
सूक्ष्मजीवविज्ञान में उत्कृष्टता का केंद्र	0.00	0.59
डब्ल्यूटीओ - एसटीडीएफ़	0.00	1.00
कुल	27.20	147.35

** व्यय में पिछले वर्षों में एवं वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान उपयोग में लाया गया अनुदान शामिल है।*

स्पाइसेस बोर्ड पर वैधानिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2019-20 के अनुच्छेद परिशिष्ट-I में हैं।

4. निर्यातोन्मुख उत्पादन

स्पाइसेस बोर्ड, इलायची (छोटी और बड़ी) के उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार तथा समग्र विकास के लिए उत्तरदायी है। बोर्ड, निर्यात हेतु गुणवत्तायुक्त मसालों के उत्पादन के लिए फसलोत्तर सुधार कार्यक्रम भी कार्यान्वित कर रहा है। बोर्ड के विभिन्न विकास कार्यक्रमों और फसलोत्तर गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों को 'निर्यातोन्मुख उत्पादन' के अंतर्गत शामिल किया गया है।

विकास कार्यक्रम, बोर्ड के विस्तार नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं, जिनमें प्रादेशिक कार्यालय, मंडल कार्यालय और क्षेत्र कार्यालय शामिल हैं। बोर्ड ने मसाला उत्पादकों की गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए कर्नाटक के प्रमुख इलायची उत्पादक क्षेत्रों में पांच विभागीय पौधशालाओं का अनुरक्षण जारी रखा है।

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के विकास और विपणन को बढ़ावा देने और राज्य में उगाए जाने वाले मसालों के अनुसंधान, उत्पादन, विपणन, गुणवत्तासुधार और निर्यात कार्यक्रमों को लागू करने में विभिन्न राज्य, केंद्र और संबद्ध एजेंसियों/संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय करने के लिए निम्नलिखित 11 मसाला विकास एजेंसियों (एसडीए) की स्थापना की।

गुवाहटी एसडीए	गान्तोक एसडीए	उत्तर प्रदेश एसडीए	गुना एसडीए
ऊंझा एसडीए	जोधपुर एसडीए	मुम्बई एसडीए	गुंटूर एसडीए
हावेरी एसडीए	ईरोड एसडीए	वारंगल एसडीए	श्रीनगर एसपीईडीए

संबंधित राज्य के मुख्य सचिव एसडीए के अध्यक्ष हैं तथा प्रत्येक एसडीए में मसाला उत्पादकों, निर्यातकों, व्यापारियों, राज्य बागवानी/कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, विदेश व्यापार संयुक्त महानिदेशक (जेडीजीएफ़टी), कृषि मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले 17 सदस्य हैं। बोर्ड का संबंधित प्रादेशिक अधिकारी एसडीए का सदस्य सचिव रहेगा। एसडीए ने बैठकें आयोजित की हैं और एसडीए बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

ग्यारह एस डी ए के अतिरिक्त स्पाइसेस बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर में केसर के विकास, विपणन, गुणवत्ता, निर्यात और घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर में केसर उत्पादन और निर्यात विकास एजेंसी (एसपीईडीए) की स्थापना की है। एसपीईडीए की सह-अध्यक्षता वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव करते हैं।

मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन

वर्ष 2019-20 के दौरान 'मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन' योजना के अंतर्गत लागू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया जाता है :

अ) इलायची (छोटी)

छोटी इलायची मुख्य रूप से केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के पश्चिमी घाटों में उगाई जाती है। इलायची उत्पादन के अधिकांश जोत क्षेत्र छोटे और मामूली हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान 11,230 मीट्रिक टन के अनुमानित उत्पादन के साथ कुल 69,993 हेक्टेयर क्षेत्र में छोटी इलायची उगाई गई थी। छोटी इलायची के विकास के लिए कार्यान्वित कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :

क) पुनःरोपण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में छोटी इलायची के पुराने, जीर्ण और अलाभकर बागानों के मामलों पर ध्यान देना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे और सीमांत कृषकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें पुराने, जीर्ण और अलाभकर बागानों के पुनरोपण लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। केरल और तमिलनाडु में सामान्य कृषकों को प्रति हेक्टेयर 70,000/- रुपए और अनूसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कृषकों को 1,57,500/- रुपए प्रति हेक्टेयर तथा कर्नाटक में सामान्य को प्रति हेक्टेयर 50,000/- रुपए और अनूसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को 1,12,500/- रुपए प्रति हेक्टेयर की इमदाद की पेशकश की जाती है, जो पक्वनावधि के दौरान पुनःरोपण और अनुरक्षण की लागत के क्रमशः 33.33 प्रतिशत और 75 प्रतिशत के रूप में, जो दो समान वार्षिक किस्तों में देय है। आठ हेक्टेयर तक के पंजीकृत छोटे और सीमांत इलायची

कृषक इस योजना के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

वर्ष 2019-20 के दौरान, विकास विभाग ने इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के ज़रिए 1629.38 हेक्टयर छोटी इलायची (जिसमें प्रथम किस्त - 903.28 हे. और पिछला बकाया मामले, अर्थात् 2017-18 एवं 2018-19 दोनों वर्षोंकी प्रथम व द्वितीय किस्त -726.1 हे. शामिल हैं) के पुनरोपण केलिए सहायता प्रदान की है। 3972 कृषकों (2354 लाभार्थी प्रथम किस्त केलिए और 1618 कृषक पिछला बकाया भुगतान केलिए) को लाभ पहुंचाते हुए योजना के अंतर्गत 547.68 लाख रुपए (जिसमें प्रथम किस्त 301.10 लाख रुपए एवं पिछला बकाया भुगतान अर्थात् वर्ष 2017-18 व 2018-19 दोनों वर्षों की प्रथम व द्वितीय किस्त 246.58 लाख रुपए शामिल है) की वित्तीय सहायता, इमदाद के रूप में प्रदान की गई।

ख) गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण

बोर्ड की विभागीय पौधशालाओं द्वारा रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण किया गया। पांच विभागीय पौधशालाओं में उत्पादित रोपण सामग्रियाँ नाम मात्र दर पर उत्पादकों को वितरित की गई थीं। वर्ष 2019-20 के दौरान, कर्नाटक क्षेत्र के बोर्ड की पांच विभागीय पौधशालाओं से 2,45,534 इलायची रोपण सामग्री, 1,19,495 कालीमिर्च की मूल लगाई कतरनें, 6,196 कालीमिर्च न्यूक्लियस रोपण सामग्री, 610 झाड़ीदार कालीमिर्च रोपण सामग्री और 71 वैनिला रोपण सामग्री का उत्पादन किया गया और उन्हें 842 कृषकों को वितरित किया गया।

ग) रोपण सामग्री उत्पादन

आगामी मौसम के लिए रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए किसानों को अपने स्वयं के खेत में इलायची अंतर्भूस्तरियों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 146 लाभार्थी किसानों को शामिल करते हुए 22.75 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 91 इकाइयां स्थापित की गईं।

घ) सिंचाई और भूमि विकास

अधिक उपज प्राप्त करने के लिए इलायची के बागानों में गर्मी के महीनों के दौरान सिंचाई अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फार्म तालाबों, टैंकों, कुओं, वर्षा जल संभरण उपकरणों, सिंचाई उपकरणों की स्थापना और मृदा संरक्षण कार्यो जैसे सिंचाई संरचनाओं का निर्माण करके इलायची के बागानों में जल संसाधनों में वृद्धि करके इलायची के बागानों में सिंचाई को बढ़ावा देना है। बोर्ड केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में कार्यक्रम लागू कर रहा है।

i) भंडारण संरचनाओं का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, भण्डारण संरचनाओं की निर्माण योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए, एक व्यक्ति के लिए इमदाद केवल एक निर्माण अर्थात् फार्म तालाब / कुएं / भंडारण टैंक के लिए प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकतम इमदाद प्राप्त करने के लिए सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 क्यूबिक मीटर होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत दी जाने वाली इमदाद सामान्य श्रेणीके लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 20,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 30,000/- रुपए हैं, जो भी कम हो।

ii) सिंचाई उपकरणों का संस्थापन

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, आईपी सेट/ग्रेविटी सिंचाई उपकरणों के लिए लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिंचन के मामले में इलायची उत्पादक जिनके पास 1.00 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है और पंजीकृत है, वे आर्थिक सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लिए ग्रेविटी सिंचन की लागत का 25 प्रतिशत अथवा 2500/- रुपए; सिंचाई पंपसेट के लिए 10,000/- रुपए; स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिंचाई के लिए 21,175/ रुपए, जो भी कम हो और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा ग्रेविटी सिंचन के लिए 7500/- रुपए; सिंचाई पंपसेट के लिए 30,000/- रुपए; स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिंचाई के लिए 63,525/- रुपए,जो भी कम हो, प्रदान किया जाता है।

iii) वर्षाजल संचय संरचना का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। कोई भी किसान, जिसने पहले इसका लाभ उठाया है, वह लाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं है। दो सौ घन मीटर क्षमता टैंक के निर्माण के लिए सामान्य श्रेणी के लिए, वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 12000/- रुपए; और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए, वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 27000/- रुपए, जो भी कम हो,

की इमदाद दी जाती है।

2019-20 के दौरान, कुल 77 जल भंडारण संरचनाओं और 41 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया और 66 सिंचाई पंपसेट और छह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की गईं, जिससे 190 किसानों को 24.23 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई।

आ) उत्तर पूर्व के लिए विकास कार्यक्रम

इलायची (बड़ी)

बड़ी इलायची मुख्य रूप से सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के उपहिमालयी इलाकों में उगाई जाती है। वर्ष 2019-20 के दौरान सिक्किम और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में कुल 26617 हेक्टेयर जमीन पर बड़ी इलायची उगाई गई थी और अनुमानित उत्पादन 5866 टन था। वर्ष 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के अंतर्गत बड़ी इलायची का कुल क्षेत्र 2735 टन के उत्पादन के साथ 16983 हेक्टेयर था। गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की अनुपलब्धता, जीर्ण, पुराने और अलाभकर पौधों की विद्यमानता तथा अंगमारी (चित्ती) रोग का प्रकोप, बड़ी इलायची के उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियां हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बोर्ड बड़ी इलायची के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रहा है :

क) बड़ी इलायची - पुनःरोपण/नवरोपण

बड़ी इलायची मुख्य रूप से समाज के कमजोर वर्गों के छोटे और सीमांत किसानों द्वारा उगाई जाती है। इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्हें व्यवस्थित तरीके से पुनरोपण करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इलायची उगाने वाले किसान, उच्च निवेश के कारण पुनरोपण/नव रोपण की लागत को पूरा कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में नए रोपण और परंपरागत क्षेत्रों में पुनःरोपण के साथ-साथ पक्वनावधि (अर्थात् पहले और दूसरे वर्ष) के दौरान रखरखाव केलिए, इमदाद के रूप में, सामान्य श्रेणी के लिए लागत की 33.33 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 75 प्रतिशत, बशर्तेकि अधिकतम प्रति हेक्टेयर क्रमश अधिकतम 28000/- रुपए और 63000/- रुपए हो, जो दो समान वार्षिक किस्तों में देय है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, बड़ी इलायची के पुनरोपण/नव रोपण के लिए इमदाद के रूप में 565.96 लाख रुपए (जिसमें प्रथम किस्त 267.62 लाख रुपए और वर्ष 2017-18 व 2018-19 की पिछली बकाया प्रथम और द्वितीय किस्त - 298.33 लाख रुपए शामिल है) के साथ बोर्ड ने 2579.43 हेक्टेयर (जिसमें प्रथम किस्त 941.70 हेक्टेयर और पिछली बकाया मामले जैसे कि वर्ष 2017-18 की द्वितीय किस्त व 2018-19 की प्रथम और द्वितीय किस्त - 1637.73 हेक्टेयर शामिल थी) केलिए सहायता प्रदान की, जिससे 6146 कृषक लाभान्वित हुए।

ख) रोपण सामग्री उत्पादन

आगामी सीज़न केलिए रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए किसानों को अपने स्वयं के खेत में इलायची अंतर्भूस्तरियों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 433 लाभार्थी किसानों को शामिल करते हुए 82.06 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 249 इकाइयां स्थापित की गईं।

ग) सिंचन योजनाएं

बड़ी इलायची मुख्यतः वर्षा आधारित फसल के रूप में उगाई जाती है। प्रायः जलवायु की भिन्नता उत्पादन को प्रभावित करती है। नवंबर से मार्च के महीने में लंबे समय तक सूखा मौसम के बाद गंभीर सर्दी होती है, जिसके परिणामस्वरूप विकास की मंदता और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जल संसाधन बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सर्दियों के महीनों के दौरान लंबे समय तक सूखे से निपटने के लिए सिंचाई को सक्षम करने के लिए बड़ी इलायची के बागानों में सिंचाई उपकरण स्थापित करने के लिए, बोर्ड उत्तर पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में कार्यक्रमों को लागू कर रहा है।

घ) भंडारण संरचनाओं का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए, एक व्यक्ति के लिए आर्थिक सहायता केवल एक निर्माण अर्थात् फार्म तालाब / कुएं / भंडारण टैंक के लिए प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकतम आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 क्यूबिक मीटर होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत दी जाने वाली इमदाद सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 20,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 30,000/- रुपए हैं, जो भी कम हो।

i) सिंचन उपकरणों का संस्थापन

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, आईपी सेट / ग्रेविटी सिंचाई उपकरणों के अंतर्गत इस योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ देने के लिए, किसी व्यक्ति को केवल एक इकाई के लिए आर्थिक सहायता प्रतिबंधित है। सिंचाई उपकरण/ग्रेविटी सिंचाई उपकरण योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता की राशि सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 10,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 15,000/- रुपए हैं, जो भी कम हो।

ii) वर्षाजल संचय संरचना का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कोई भी किसान जिसने पहले इससे लाभ उठाया है, वह लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। दो सौ क्यूबिक मीटर क्षमता वाले टैंक के लिए दी जाने वाली इमदाद की दर सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 12,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 27,000/- रुपए हैं, तक सीमित है। वर्ष 2019-20 के दौरान, जल भंडारण संरचना, वर्षा जल संचयन संरचना और सिंचाई पंप सेट की स्थापना केलिए बोर्ड ने वित्तीय समर्थन प्रदान किया।

इ) फसल कटाई के पश्चात् मसालों का सुधार

क) सुधरी इलायची क्यूरिंग उपाय की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों को निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली इलायची का उत्पादन करने के लिए इलायची को सुखाने हेतु उन्नत इलायची क्यूरिंग उपकरणों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योजना के अंतर्गत ड्रायर के लिए इमदाद की दर सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत है, बशर्तेकि अधिकतम क्रमशः 1,00,000/- रुपए और 2,25,000/- रुपए हो।

वर्ष 2019-20 के दौरान, 33.34 लाख रुपए की कुल आर्थिक सहायता पर 38 सुधरी इलायची क्यूरिंग उपकरण स्थापित किए गए, जिनसे 38 कृषक लाभान्वित हुए।

ख) बड़ी इलायची को सुखाने के लिए संशोधित भट्टी का निर्माण (सुधरी क्यूरिंग हाउस)

इस योजना का उद्देश्य खेतीहर समुदाय को बड़ी इलायची की गुणवत्ता में सुधार के लिए वैज्ञानिक क्यूरिंग उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना है। 200 किग्रा और 400 किग्रा की क्षमता वाली संशोधित भट्टी (आईसीआरआई मॉडल) के निर्माण की कुल लागत क्रमश : 27,000/- रुपए और 37,500/- रुपए है। इसके अलावा एसएडब्ल्यूओ ड्रायर/समकक्ष ड्रायर की कुल लागत 25,000/- रुपए आकलित की गई है। संशोधित भट्टी (आईसीआरआई मॉडल) के निर्माण या एसएडब्ल्यूओ ड्रायर/ समकक्ष ड्रायर की खरीद के लिए इमदाद की दर, कुल लागत का 75 प्रतिशत या 22,500/- रुपए, जो भी कम हो, प्रदान करने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, कुल 5.84 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से 30 संशोधित भट्टियों का निर्माण किया गया, जिससे 30 कृषक लाभान्वित हुए।

ग) बीजीय मसाला थ्रेशरों की आपूर्ति

आम तौर पर बीजीय मसाला उत्पादकों द्वारा अपनाई जाने वाली कटाई और फसल कटाई के पश्चात् की प्रथाएं अस्वास्थ्यकर होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद डंठल, गंदगी, रेत, तनों के टुकडे इत्यादि बाहरी सामग्री से संदूषित होते हैं। बीजों को मानवीय रूप से काटे गए और सूखे पौधों को बांस के टुकड़ों से पीट कर या पौधों को रग़ड़कर अलग किया जाता है। बोर्ड, सूखे पौधों से बीज को अलग करने और स्वच्छ मसालों का उत्पादन करने के लिए, थ्रेशरों का उपयोग लोकप्रिय बनाया जा रहा है, जिन्हें हाथों से या बिजली का उपयोग करके चलाया जाता है।

बोर्ड इमदाद के रूप में थ्रेशर की लागत का सामान्य कृषकों को 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 75 प्रतिशत उपलब्ध कराता है, जो कि क्रमशः सामान्य कृषक के लिए अधिकतम 60,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 90,000/- रुपए है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने किसानों के खेतों में 61 विद्युत संचालित थ्रेशरों को स्थापित करने में सहायता प्रदान की और 36.90 लाख रुपए की कुल इमदाद प्रदान की गई, जिससे 61 उत्पादक लाभान्वित हुए।

घ) कालीमिर्च के थ्रेशरों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य, कालीमिर्च के उत्पादकों को, डंठलों से

कालीमिर्च की फलियों को स्वच्छता के साथ अलग करने हेतु कालीमिर्च के थ्रेशर्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर, निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता-वाली कालीमिर्च का उत्पादन करना है। इमदाद की दर सामान्य कृषक को थ्रेशर की लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 75 प्रतिशत, बशर्तेकि सामान्य कृषक को अधिकतम 15,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन-जाति के कृषकों को 22,500/- रुपए है।

वर्ष 2019-20 के दौरान कुल 24.61 लाख रुपए की कुल इमदाद के साथ 179 थ्रेशर्स स्थापित किए गए थे, जिनसे 179 कृषक लाभान्वित हुए।

ङ) भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों की आपूर्ति

कार्यक्रम का उद्देश्य भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों का उपयोग करके हल्दी प्रसंस्करण के लिए बेहतर वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने में हल्दी उत्पादकों की सहायता करना है। यह अंतिम उपज को बेहतर रंग और गुणवत्ता प्रदान करता है। स्पाइसेस बोर्ड निर्यात के लिए उपयुक्त गुणवत्तायुक्त हल्दी के उत्पादन के लिए उत्पादकों में हल्दी उबालने वाली इकाइयों के उपयोग को, बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बना रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हल्दी उबालने वाली इकाई की वास्तविक लागत का सामान्य कृषक को 50 प्रतिशत और उत्तरपूर्वी क्षेत्र अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 75 प्रतिशत अथवा सामान्य कृषक के लिए 1.50 लाख रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन-जाति के कृषकों के लिए 2,25,000/- रुपए में से, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दी जाती है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, 78.53 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से भाप से उबालने वाली 41 इकाइयों की आपूर्ति की गई, जिससे 41 कृषक लाभान्वित हुए।

च) हल्दी पॉलीशर की आपूर्ति

कार्यक्रम का उद्देश्य हल्दी उत्पादकों / उत्पादकों के समूह / मसाला उत्पादक सोसाइटियों / मसाला किसान उत्पादक कंपनी आदि को प्रेरित करना और उनकी सहायता करना है, ताकि निर्यात के लिए उपयुक्त गुणवत्ता वाली हल्दी का उत्पादन करने के लिए इमदादी दरों पर सुधारित पॉलिशर्स की आपूर्ति करके हल्दी की आपूर्ति की जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य कृषक के लिए बॉयलिंग इकाई की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 75,000/- रुपए और पूर्वोत्तर, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 1,12,500/- रुपए, जो भी कम है, की इमदाद प्रदान की जाती है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, 16.00 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से हल्दी पॉलीशिंग वाली 18 इकाइयों की आपूर्ति की गई, जिससे 18 कृषक लाभान्वित हुए।

छ) जायफल ड्रायर

इस योजना का उद्देश्य गुणवत्ता वाले जायफल और जावित्री का उत्पादन करने के लिए उत्पादकों में यांत्रिक ड्रायर को लोकप्रिय बनाना है। इमदाद की दर, सामान्य कृषक को ड्रायर की लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन-जाति कृषकों को 75 प्रतिशत अथवा क्रमशः सामान्य कृषक को अधिकतम 30,000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन-जाति के कृषकों को 45,000/- रुपए है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने 58 जायफल ड्रायरों की स्थापना में सहायता की, जिसके लिए 58 कृषकों को लाभान्वित करते हुए 10.51 लाख रुपए की कुल वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ज) पुदीना आसवन इकाई की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य पुदीना उत्पादकों को आसवन इकाई की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ निर्यात के लिए तेल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उनके खेतों में स्टेनलेस स्टील वाली आधुनिक आसवन इकाइयों को स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इमदाद की दर, सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत बशर्तेकि क्रमशः 1,50,000/- रुपए और 2,25,000/- रुपए, जो भी कम हो, है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, रुपए 7.10 लाख रुपए की कुल इमदाद के साथ सात पुदीना आसवन इकाइयां स्थापित की गईं, जिनसे सात कृषक लाभान्वित हुए।

ई. जैविक खेती

मसालों के जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2019-20 में, केंचुआ-कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना हेतु सहायता देने, मसाले के जैविक बीज बैंक को बढ़ावा देने के लिए ये योजनाएँ लागू की गईं।

क) केंचुआ-कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना

जैविक उत्पादन में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए खेत में ही जैविक आदानों का उत्पादन करना आवश्यक है। उत्पादकों को जैविक कृषि आदानों, विशेष रूप से केंचुआ-कम्पोस्ट का उत्पादन करने में सक्षम बनाने के लिए, एक टन उत्पादन की क्षमता वाली एक केंचुआ-कम्पोस्ट इकाई हेतु इमदाद के रूप में, सामान्य कृषकों को वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 3000/- रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के किसानों को 75 प्रतिशत अथवा 6750/- रुपए प्रदान किए जाते हैं।

वर्ष 2019-20 के दौरान, 14.13 लाख रुपए की कुल इमदाद के साथ 231 केंचुआ-कम्पोस्ट इकाइयां स्थापित की गईं जिनसे 129 कृषक (0.79 लाख रुपए केलिए आठ लाभग्राहियों को शामिल करते हुए पिछली 15 इकाइयों सहित) लाभान्वित हुए।

ख) मसालों के लिए जैविक बीज बैंक की स्थापना

जैविक बीज बैंकों के अंतर्गत शामिल करने हेतु स्वदेशी किस्में- केरल में कोचीन अदरक, पूर्वोत्तर राज्यों में नादिया अदरक, केरल में अलेप्पी फिंगर हल्दी, महाराष्ट्र में राजापोरी हल्दी, मेघालय में लकादोंग / मेघा हल्दी और तमिलनाडु में शाकीय मसाले चिह्नित किए गए। इनमें से किसी भी किस्म के जैविक प्रमाणन के अंतर्गत आने वाले मसाले के वे उत्पादक इस योजना का लाभ उठाने के पात्र हैं जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है। एक कृषक अधिकतम तीन वर्षों के लिए योजना के अंतर्गत इमदाद ले सकता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अधीन 0.375 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के साथ गान्तोक क्षेत्र के तादोंग संभाग में अदरक के संबंध में एक जैविक बीज बैंक केलिए पिछला बकाया भुगतान किया गया।

उ) सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

क) मसाला उत्पादक सोसाइटी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मसालों का उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता का उन्नयन करने तथा विक्रेयता सुधारने में आपसी सहयोग केलिए मसाला बढ़ानेवाले क्षेत्रों में विशेषकर मसालों केलिए एक उत्पादक सोसाइटी का गठन करना है।

बोर्ड, इमदाद के रूप में, सामान्य श्रेणी केलिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत बशर्ते कि अधिकतम 6.00 लाख रूपए हो और अनुसूचित जाति/अनुससुचित जनजाति श्रेणी केलिए 90 प्रतिशत बशर्ते कि अधिकतम 10.80 लाख रुपए की सहायता देता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, केरल के इडुक्की जिले में ऐसे दो मसाला उत्पादक सोसाइटियों को पिछले बकाया भुगतान के रूप में छोटी इलायची केलिए सामान्य श्रेणी के अधीन 10.85 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ऊ) मसालों की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (क्यूआईटीपी)

बोर्ड किसानों, राज्य कृषि/बागवानी विभाग के अधिकारियों, व्यापारियों, एनजीओ के सदस्यों आदि को प्रमुख मसालों की फसल-कटाई के पहले और बाद के उपचारों तथा भंडारण प्रौद्योगिकियों, वैज्ञानिक तरीकों और अद्यतनीकृत गुणवत्ता सुधार अपेक्षाओं के बारे में अवगत कराने हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

वर्ष 2019-20 के दौरान 18.48 लाख रुपए के कुल व्यय से, 186 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 10178 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया था। (महिलाएं 2695; अ.जा806; अ.ज.जा3684) इस व्यय की पूर्ति मानव संसाधन विकास (एचआरडी) शीर्ष से की गई।

ऋ) विस्तार सलाहकार सेवा

उत्पादकता में वृद्धि और मसालों की फसल कटाई के बाद उनमें सुधार की तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण का प्रशिक्षण, उत्पादकता में वृद्धि और मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इस कार्यक्रम में निजी संपर्क, क्षेत्रीय यात्राओं, सामूहिक बैठकों और साहित्य वितरण के माध्यमों से छोटी इलायची (केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में) और बड़ी इलायची (सिक्किम और पश्चिम बंगाल राज्यों में) की खेती के वैज्ञानिक पहलुओं और फसल के प्रबंधन के वैज्ञानिक पहलुओं पर उत्पादकों को तकनीकी/विस्तार समर्थन देने की परिकल्पना की गई है।

बोर्ड के उत्पादन और फसल कटाई के बाद के कार्यक्रम विस्तार सलाहकार सेवा के अलावा, 'निर्यातोन्मुख उत्पादन योजना' के अंतर्गत विस्तार नेटवर्क के माध्यम से लागू किए जाते हैं।

वर्ष 2019-20 के दौरान, कुल 29,513 विस्तार दौरे आयोजित किए गए और केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के कालिंगपोंग तथा दार्जिलिंग जिले के इलाकों और अन्य मसालों के लिए संबंधित उगाने वाले क्षेत्रों में छोटे और बड़े इलाके के लिए 2269 सामूहिक बैठकें/ अभियान आयोजित किए गए। वर्ष 2019-20 के दौरान, विस्तार सलाहकार सेवा के अंतर्गत का कुल खर्च 2098 लाख रुपए था।

ए) अनन्यतः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कृषकों के लिए प्रकटन दौरा

बोर्ड ने, विशेष रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के किसानों के लिए प्रकटन दौरे का आयोजन किया। दिनांक 22-10-2019 से 12-03-2020 तक 15 अलग-अलग बैचों में उत्तर प्रदेश (बाराबंकी), तमिलनाडु (बोडिनायकन्नूर), सिक्किम (गान्तोक), उत्तर पूर्व (गुवाहटी), राजस्थान (जोधपुर) तथा कर्नाटक (सकलेशपुर) क्षेत्रों से कुल 335 किसानों ने 63.26 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से प्रकटन दौरों में भाग लिया। किसानों को

विभिन्न मसाला बागानों, भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआई), मैलाडुंपारा, इडुक्की जिला; भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर), कोषिक्कोड, केरल; केरल के इडुक्की जिले में मसाला उत्पादक सोसाइटी; राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, अजमेर, राजस्थान; अजमेर के कृषि विज्ञान केंद्र, राजस्थान; प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन, मुड़िगेरे, कर्नाटक; केरल कृषि विश्वविद्यालय, मण्णुत्ती, तृशूर; मसाला पार्क, पुट्टड़ी, केरल ले जाया गया।

ऐ) बड़ी इलायची उत्पादकता पुरस्कार

स्पाइसेस बोर्ड ने बड़ी इलायची कृषकों को प्रोत्साहित करने तथा मान्यता देने हेतु बड़ी इलायची उत्पादकता पुरस्कार की स्थापना की है। वर्ष 2016-17, 2017-18 तथा 2018-19 केलिए बड़ी इलायची की उत्पादकता में उत्कृष्टता हेतु पुरस्कार, 13-11-2019 को इटानगर में वितरित किए गए। श्री तागे टाकी, माननीय कृषि, बागवानी, पशुपालन और पशु चिकित्सा और मत्स्य पालन मंत्री, अरुणाचल प्रदेश समारोह के मुख्यातिथि रहे। समारोह के उपरांत, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के मसालों पर एक क्षेत्रीय सेमिनार तथा बड़ी इलायची की खेती के ज़रिए आजीविका केलिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र की महिलाओं की क्षमता पर एक प्रमोशनल फिल्म "**अरुणोदय**" का लोकार्पण किया गया।

ओ) नई पहल

क) राष्ट्रीय सतत मसाला नेटवर्क कार्यक्रम (एनएसएसपी)

'राष्ट्रीय सतत मसाला नेटवर्क कार्यक्रम' (एनएसएसपी) शीर्षक वाली परियोजना, मसाला क्षेत्र में, जैव-विविधता केलिए चिंता जताते हुए, खाद्य सुरक्षा और ट्रेसबिलिटी लाने तथा स्थिरता प्राप्त करने हेतु विश्व मसाला संगठन (डबल्यूएसओ - ऑल इंडिया स्पाइसेस एक्स्पोर्टर्स फोरम (एआईएसईएफ़) का तकनीकी स्कन्ध), अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों - आईडीएच (जो टिकाऊ व्यापार पहल का समर्थन करती है) और जीआईज़ेड, जर्मनी (जो जैवविविधता एवं व्यापार पर कार्य करती है) और स्पाइसेस बोर्ड के सहयोग के साथ कार्यान्वित की जा रही है। कार्यक्रम के तहत ध्यान देने वाले मसाले हैं - मिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, जीरा, छोटी इलायची और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उत्पादित मसाले, ताकि क्षेत्र से मसालों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा मिल सके।

ख) मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ) परियोजना

स्पाइसेस बोर्ड ने, जीरा, बडी सौंफ, धनिया और काली कालीमिर्च जैसे मसालों के एसपीएस मुद्दों को संबोधित करने के साथ-साथ क्षमता निर्माण एवं ज्ञान साझा करने में सहायता केलिए वर्ष 2014 में मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ), डबल्यूटीओ के अधीन एक संगठन, केलिए "भारत में मसाला मूल्य श्रृंखला को मजबूत बनाने और क्षमता निर्माण के माध्यम से बाजार पहुंच में सुधार" के लिए एक तीन साल की परियोजना प्रस्तुत की थी। परियोजना मंजूर की गई है और कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में स्पाइसेस बोर्ड के साथ कार्यान्वयन के लिए एफएओ के साथ एक समझौता पत्र(एलओए) निष्पादित किया जा रहा है।

ग) हल्दी टास्क फोर्स समिति (टीटीएफ़सी)

हल्दी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पणधारियों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने के लिए और क्षेत्र के लिए मौजूदा समर्थन प्रणाली की सीमाओं की पहचान करने और सभी पणधारियों को शामिल करते हुए समन्वित प्रयासों के माध्यम से उन्हें मजबूत करने के लिए, स्पाइसेस बोर्ड ने हल्दी टास्कफोर्स समिति (टीटी एफ सी) का गठन किया है। समिति में सदस्यों के रूप में कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा तेलंगाना के राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, उड़ीसा, तमिलनाडु तथा तेलंगाना राज्यों के बागवानी/कृषि विभागों, आईआईएसआर तथा हल्दी निर्यातक संघों, व्यापार संघों तथा उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों के साथ निदेशक (विकास), स्पाइसेस बोर्ड को अध्यक्ष और उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, वारंगल को सदस्य सचिव रहेंगे।

टीटीएफ़सी की अनुशंसाओं के आधार पर, "तेलंगाना राज्य में निर्यात गुणवत्ता हल्दी के उत्पादन के लिए एकीकृत परियोजना" के शीर्षक में एक विस्तृत परियोजना तैयार की गई और अनुमोदनार्थ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को और उचित कार्रवाई प्रारंभ करने केलिए अन्य समान विभागों को अग्रेषित की गई।

5. निर्यात विकास और संवर्धन

'निर्यात विकास और संवर्धन' योजना के अंतर्गत लागू किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य आयात करने वाले देशों के बदलते खाद्य सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए क्षमताओं को विकसित कर निर्यातकों का समर्थन करना है। वैज्ञानिक प्रथाओं और प्रक्रिया उन्नयन को अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने के अलावा, बोर्ड मसालों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा पर ध्यान दे रहा है। विदेश में भारतीय मसाला ब्रैंडों का प्रचार उत्पाद विकास और अनुसंधान, अवसंरचना विकास, भारतीय मसाला ब्रैंड का विदेशों में प्रचार प्रमुख मसाला बढ़ाए जाने वाले/विपणन केंद्रों में सामान्य सफाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग और भंडारण (मसाला पार्क) के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना जैविक मसालों/जीआई मसालों का प्रचार, क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन आदि प्रमुख कार्य शामिल हैं। उत्तर पूर्वी क्षेत्र के उद्यमियों के लिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए जाते है।

अ. अवसंरचना का विकास

क) हाई-टेक अपनाने, प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया उन्नयन, आंतरिक प्रयोगशाला की स्थापना और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए सहायता-अनुदान

बोर्ड ने 12वीं योजना अवधि के दौरान सहायता-अनुदान प्रदान कर उच्च तकनीक, प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया उन्नयन, आंतरिक प्रयोगशाला, गुणवत्ता प्रमाणन इत्यादि की स्थापना के लिए, सामान्य क्षेत्रों में प्रति निर्यातक लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 1.00 करोड़ रुपए प्रदान कर योजना लागू की थी। अवसंरचना विकास के लिए ब्याज समकारी योजना के नए प्रस्ताव को शामिल करने के फलस्वरूप बोर्ड ने मध्यावधि संरचना कार्ययोजना (2017-20) में प्रौद्योगिकी और विकास, उन्नयन, आंतरिक प्रयोगशाला की स्थापना, गुणवत्ता प्रमाणन आदि की योजना बंद कर दी। तथापि, बोर्ड ने वर्ष 2019-20 के दौरान इस योजना के अंतर्गत लंबित मामलों को आगे बढ़ाया है और 5.16 लाख रुपए की सहायता प्रदान की।

ख) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना

बोर्ड, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में मसालों के लिए प्राथमिक प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थारपना में सहायता करता है। इस योजना के अंतर्गत दिया जाने वाला सहायता-अनुदान प्रति निर्यातक प्रसंस्कररण सुविधाओं/उपकरणों की लागत का 33 प्रतिशत जो अधिकतम 50 लाख रुपए तक होगा और किसानों के समूहों/कृषक उतपादक कंपनियो के संबंध में, वैध सीआरईएस होने पर, सभी प्रकार की प्रसंस्कषरण सुविधाओं के लिए लागत के 50 प्रतिशत, जो अधिकतम 50 लाख रुपए होगी तक सहायता दी जाएगी। सीआरईएस धारक अ.जा/अ.ज.जा निर्यातकों, कृषक समूहों और कृषक उत्पादक कंपनियों को (समूहों/एफपीसी-यों के लिए सदस्यों को अ.जा/अ.ज.जा समुदाय का होना चाहिए) प्रसंस्करण सुविधा की लागत के 75 प्रतिशत तक की सहायता दी जाएगी जिसकी अधिकतम सीमा 112.50 लाख रुपए होगी।

ग) सामान्य प्रसंस्करण केलिए अवसंरचना (मसाला पार्क) की स्थापना और अनुरक्षण

स्पाइसेस बोर्ड ने, प्रमुख उत्पादन / बाजार केंद्रों के पास प्राथमिक प्रसंस्करण और मसालों के मूल्य-योजन के लिए सुविधाओं को सक्षम करने के उद्देश्य से, देश भर के प्रमुख मसाला केन्द्रों में आठ फसल विशिष्ट मसाला पार्क स्थापित किए हैं। पार्क, किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर मूल्य और व्यापक बाजार पहुंच प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के लिए एक सुविचारित कल्पना है। स्पाइसेस पार्क का उद्देश्य कृषि समुदाय को मसालों के प्रसंस्करण, मूल्य-योजन और भंडारण के लिए सामान्य अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करनी हैं ताकि उत्पाद की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

स्पाइस पार्क में स्थापित सफाई, ग्रेडिंग, पैकिंग, भाप आसवन आदि की सुविधाओं से किसानों को उपज की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी और इस तरह उच्च मूल्य की प्राप्ति होगी। इसके अलावा, मसाला पार्क में स्थापित प्रसंस्करण इकाइयां, जो किसानों से सीधे स्रोत की गुणवत्ता का उत्पादन करती हैं, ने निर्यातकों के साथ किसान / किसान समूहों के बाजार संबंध स्थापित करने में मदद की है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हुई है।

स्थापित सभी मसाला पार्कों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने मेगा खाद्य पार्क नाम से अभिहित किया है ताकि पणधारक, जिन्होंने पार्क में प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित की हैं, को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफ़पीआई) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत सहायता प्राप्त हो सके।

प्रमुख उत्पादन/बाजार केन्द्रों में बोर्ड द्वारा स्थापित फसल विशिष्ट मसाला पार्कों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	स्थान/राज्य	शामिल मसाले	स्थिति
1	छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश	लहसुन और मिर्च	प्रवृत्त
2	पुट्टडी, केरल	कालीमिर्च और इलायची	प्रवृत्त
3	जोधपुर, राजस्थान	जीरा और धनिया	प्रवृत्त
4	गुना, मध्य प्रदेश	धनिया	प्रवृत्त
5	गुंटूर, आंध्र प्रदेश	मिर्च	प्रवृत्त
6	शिवगंगा, तमिलनाडु	हल्दी और मिर्च	प्रवृत्त
7	कोटा, राजस्थान	धनिया, जीरा	प्रवृत्त
8	राय बरेली, उत्तर प्रदेश	पुदीना	प्रवृत्त

वर्ष 2019-20 के दौरान, विभिन्न मसाला पार्कों में स्थापित सामान्य प्रसंस्करण इकाइयों के ज़रिए 12369 लाख रुपए मूल्य के कुल 10847 मेट्रिक टन मसाले का प्रसंस्करण किया गया। इसके अलावा, मसाला पार्क, रायबरेली स्थापित इकाई में तथा आस-पास के बढ़ाव क्षेत्रों में स्थापित उपग्रह इकाइयों में पुदीना तेल के आसवन केलिए 446 मीट्रिक टन पुदीना शाक का उपयोग किया गया।

बोर्ड ने, मसालों के मूल्य योजन केलिए उद्यमियों को अपनी प्रसंस्करण इकाइयों के विकास करने हेतु मसाला पार्क में प्लॉटों का आबंटन किया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, 1653 लाख रुपए के मूल्यवाले कुल 2940 मीटरी टन मसालों का प्रसंस्करण किया गया और 730 लाख रुपए मूल्य के 653 मीटरी टन मसालों का निर्यात किया गया।

वर्ष 2019-20 के दौरान, मसाला पार्क में स्थापित सामान्य भंडारण सुविधाओं में कुल 4901 मीटरी टन मसाले भंडारित किए गए और निजी उद्यमियों द्वारा स्थापित माल-गोदामों/शीत भांडागारों में कुल 41,084 मीटरी टन मसाले व 25,800 मीटरी टन अन्य कृषि उत्पाद भंडारित किए गए।

वर्ष 2019-20 के दौरान, मसाला पार्कों ने, 218 स्थायी श्रमिकों तथा 206 ठेका/आकस्मिक श्रमिकों (169 महिला श्रमिकों सहित) केलिए रोजगार प्रदान करने के अलावा कुल 1577 कृषकों तथा अन्य पणधारियों को सीधी सेवाएँ प्रदान की हैं। मसाला पार्कों के अनुरक्षण/निर्माण कार्य ले लेने हेतु 256.94 लाख रु. खर्च किए गए हैं।

आ. व्यापार संवर्धन

क) व्यापारिक नमूनों को विदेश भेजना

बोर्ड उन निर्यातकों की सहायता करता है जो क्रेताओं द्वारा अनुरोध किए गए नमूनों के आधार पर व्यापारिक लेनदेन को अंतिम रूप देने की इच्छा रखते हैं और कूरियर शुल्क की प्रतिपूर्ति करता है। मसाला निर्यात परिदृश्य में व्यापारिक नमूने भेजना संभावित ग्राहकों को बेहतर और शीघ्रता से ग्राहकों में रूपांतरित करने में सक्षम करता है। सभी निर्यातक, स्पाइसेस बोर्ड के साथ जिनका पहला रजिस्ट्रीकरण तीन वर्षों के अंदर हुआ है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

ख) पैकेजिंग विकास और बारकोडिंग

इस कार्यक्रम में शेल्फ लाइफ़ को बढ़ाने और भंडारण स्थान को कम करने तथा विदेशी बाजारों में भारतीय मसालों की खोज और बेहतर प्रस्तुति स्थापित करने के लिए निर्यात पैकेजिंग के सुधार और आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गई है। पंजीकृत निर्यातक पैकेजिंग विकास और बारकोडिंग पंजीकरण की लागत में 50 प्रतिशत की सहायता प्राप्त कर सकते हैं, जो प्रति निर्यातक 1.00 लाख रुपए तक सीमित है।

इसके अलावा, बोर्ड ने भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी), मुंबई को मसालों के पैकेजिंग विकास के लिए अनुसंधान और विकास परियोजना सौंपी है। साथ ही, बोर्ड ने आई आई पी के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है और अध्ययन प्रगति पर है, जिसकेलिए 8.89 लाख रुपए का खर्च हुआ है।

ग) उत्पाद विकास और अनुसंधान

देश के भीतर उत्पादित मसालों से नए अंत्योपयोग और अनुप्रयोगों को प्राप्त करने की पर्याप्त गुंजाइश है। इस योजना का उद्देश्य मसालों के पौष्टिक, न्यूट्रास्यूटिकल, सौंदर्यवर्धक, औषधीय और सहज गुणों का वैज्ञानिक अधिप्रमाणन और इस अधिप्रमाणन के आधार पर नए उत्पादों का विकास करना है। इन उत्पादों और सूत्रों से उपलब्ध मूल्य की तुलना में बहुत अधिक मूल्य प्राप्त होगा। मसालों से नए उत्पादों के विकास में पौष्टिक, औषधीय और कॉस्मेटिक मूल्यों के क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल है, जो अधिकतम मूल्य प्राप्ति के साथ पेटेंट योग्य उत्पादों के निर्माण को आगे बढ़ा सकता है। यह योजना, उत्पाद अनुसंधान और विकास, नैदानिक परीक्षण, गुणविशेषताओं का अधिप्रमाणन, पेटेंट करने और परीक्षण विपणन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पंजीकृत निर्यातक और अनुसंधान व विकास संस्थान जिनके पास अपेक्षित सुविधाएं हैं, इस योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। रजिस्ट्रीकृत निर्यातक एवं आर व डी संस्थाओं को, जिनके पास अपेक्षित सुविधाएं हैं परियोजना की लागत का 50 प्रतिशत बशर्तेकि अधिकतम 25.00 लाख रुपए हो, इस योजना के अन्तर्गत सहायता पाने के पात्र हैं यदि इसमें नैदानिक परीक्षण और पेटेंट करना शामिल हैं, तो यह सीमा 100 लाख रुपए की होगी। वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने तीन लाभग्राहियों केलिए उत्पाद विकास और अनुसंधान के घटक के अधीन 15.32 लाख रुपए की सहायता प्रदान की है।

घ) विदेश में भारतीय मसाला ब्रैंडों को बढ़ावा

कार्यक्रम का उद्देश्य गुणवत्तायुक्त भारतीय मसालों के ब्रैंडों की स्थिति को पहचानने के उपायों की एक श्रृंखला के माध्यम से विदेशी बाजारों में पहचाने जाने योग्य भारतीय ब्रैंडों के प्रवेश में सहायता करना है, जो पहचान और खाद्य सुरक्षा के स्पष्ट निशान के साथ विदेशी उपभोक्ताओं की पहुंच के भीतर हों। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, अपने ब्रैंड को पंजीकृत कराने वाले निर्यातकों को प्रति ब्रैंड 100 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत और विदेशों के चुने गए शहरों के चिह्नित दूकानों में निर्दिष्ट ब्रैंडों को सुलभ करने के उद्देश्य से, स्लॉटिंग/लिस्टिंग शुल्क और प्रचार व्यय का 100 प्रतिशत और उत्पाद विकास की लागत का 50 प्रतिशत देने पर विचार किया जाएगा।

क) बोर्ड द्वारा बाजार अध्ययन

बोर्ड का भारतीय मसालों के निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धियों को पहचानने और उपयुक्त तंत्रों को विकसित करने के लिए भारतीय मसालों के लिए पेशेवर एजेंसियों के माध्यम से बाजार अध्ययन कराने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, उचित मूल्य निर्धारण, प्रचार और विपणन तंत्र तैयार करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का गहराई से अध्ययन किया जाना है। बोर्ड द्वारा कराये जाने वाले बाजार सर्वेक्षण से भारतीय मसालों की ताकत, कमजोरी, खतरों और अवसरों को जानने में मदद मिलेगी। अध्ययन विशेष रूप से लघु निर्यातकों और नए प्रवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है जिन्हें बाजार की बदलती स्थितियों और उनके निर्यात के कुशल संचालन के लिए अन्य नियमों के बारे में उचित सलाह दी जानी चाहिए। कार्यक्रम के अधीन, बोर्ड बाजार अध्ययन के लिए पेशेवर एजेंसी के साथ एक समझौता निष्पादित करेगा और परियोजना प्रस्ताव के आधार पर 100 प्रतिशत सहायता प्रदान करेगा।

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के निर्यात संवर्धन पर अध्ययन करने और भारतीय मसालों के निर्यात हिस्से को बढ़ाने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक तंत्रों का सुझाव देने का कार्य भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), नई दिल्ली को सौंपा है, जिसकेलिए वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, कुल 8.08 लाख रुपए का खर्च हुआ है।

ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों बैठकों और प्रशिक्षण में भागीदारी

बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशी आयातकों के बीच की एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों ने भारतीय मसालों के प्रचार और निर्यातकों को अवसर प्रदान करने के लिए अपनी पहलुओं के भाग के रूप में तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रेताओं के समक्ष भारतीय मसालों की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए बोर्ड अंतर्राष्ट्रीय मेलों, प्रदर्शनियों आदि में नियमित रूप से भाग ले रहा है। बोर्ड भारतीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख रेस्तरां और खाद्य श्रृंखलाओं के सहयोग से मसालों के उपयोग और अनुप्रयोगों को लोकप्रिय बनाने के लिए चुनिंदा प्रदर्शनी, खाद्य

त्यौहारों आदि में खाना पकाने के प्रदर्शन की भी व्यवस्था करता है। इसके अलावा, बोर्ड वार्षिक बैठकों, आईपीसी सम्मेलनों, कोडेक्स समितियों आदि में भाग लेता है। वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने 415 लाख रुपए के कुल व्यय पर आठ अंतर्राष्ट्रीय मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लिया है।

बोर्ड नियातकों को व्यापार उत्पन्न/विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बोर्ड के सभी पंजीकृत निर्यातक एमडीए दिशानिर्देशों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी हेतु सहायता-अनुदान के लिए पात्र हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी के लिए 1.00 लाख रुपए की सहायता दी गई।

इ) विपणन और सहायक सेवाएं

क) विपणन सेवाएं

स्पाइसेस बोर्ड भारत से मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात और इलायची के घरेलू विपणन को मज़बूत बनाने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला को कार्यान्वित कर रहा है। कटाई-पश्चात् प्रबंधन, विपणन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता सुधार इत्यादि के दौरान अपनी विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए बोर्ड दैनिक आधार पर पणधारियों की सहायता करता है और निर्यातकों, किसानों और राज्य सरकारों को सलाह और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

i) पंजीकरण और लाइसेंसिंग

लाइसेंसिंग और पंजीकरण बोर्ड के नियामक कार्यों का एक हिस्सा है। बोर्ड मसालों के निर्यातकों को पंजीकरण प्रमाण-पत्र (सीआरएस) जारी करता है और इलायची (छोटी और बड़ी) में व्यापार के लिए नीलामी और ब्यौहारी लाइसेंस भी जारी करता है। वर्ष 2019-20 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के निर्यातकों के रूप में 1517 पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जिनमें से 1487 प्रमाणपत्र व्यापारी श्रेणी में और 30 प्रमाणपत्र निर्माता श्रेणी में थे। इसके अलावा, वर्ष के दौरान 125 ब्यौहारी लाइसेंस भी जारी किए गए।

ii) ब्रैंड नाम का पंजीकरण

कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रैंड नाम का पंजीकरण कर भारतीय ब्रैंड नामों के अंतर्गत उपभोक्ता पैक में मसालों/मसाला उत्पादों के निर्यात का समर्थन करना और ब्रैंडकृत उपभोक्ता पैक के तेजी से बढ़ते बाजार में बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आई आई पी) द्वारा पैकेजिङ की जाँच सहित विनिर्दिष्ट पैरामीटरों के अनुपालन की पुष्टि करने के अपरांत तीन वर्ष की अवधि के लिए ब्रैंड नाम का पंजीकरण प्रदान किया जाता है।

iii) इलायची के लिए नीलामी

वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने केरल के इडुक्की जिले में मसाला पार्क, पुट्टडी और तमिलनाडु के तेनी जिले में बोडिनायकन्नूर में इलायची (छोटी) की ई-नीलामी के संचालन की सुविधा जारी रखी। खंड अवधि 2017-20 के लिए पुट्टडी और बोडिनायकन्नूर में ई-नीलामी केंद्र में नीलामी करने के लिए कुल 13 नीलामीकर्ता लाइसेंस जारी किए गए हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों में इलायची (छोटी) और सिक्किम के सिंगताम में बड़ी इलायची के लिए मैन्युअल नीलामी आयोजित की गई।

iv) मसालों के सीमा शुल्क नमूनों का परीक्षण

वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने सीमा शुल्क विभाग से प्राप्त मसालों के आयात परेषणों के नमूनों का परीक्षण किया है और कोच्ची बंदरगाह के माध्यम से श्रीलंका, वियतनाम, इंडोनेशिया, और इक्वाडोर से 1675 मीट्रिक टन कालीमिर्च के आयात के संबंध में परीक्षण रिपोर्ट जारी की। अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत तेल और तैलीराल के निष्कर्षण के लिए तैलीराल/पिपेरीन सामग्री का परीक्षण करने के बाद, आयात के संबंध में परिणाम जारी किए गए थे।

v) मसालों का जीआई पंजीकरण

स्पाइसेस बोर्ड ने मालाबार पेप्पर, आलप्पी ग्रीन कार्डमम, कूर्ग ग्रीन कार्डमम, गुंटूर सन्नम चिल्ली और ब्यादगी चिल्ली के लिए जीआई पंजीकरण प्राप्त किया है। बोर्ड जीआई पंजीकृत मसालों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लोकप्रिय बना रहा है।

vi) सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्पाइसेस बोर्ड ने सूक्ष्म,लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के साथ संयुक्त रूप से 12-03-2020 को एमएसएमई प्रशिक्षण संस्थान, गुवाहटी में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के मसाला निर्यात सेक्टर पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। मसालों की निर्यातक्षमता, मसालों में मूल्य योजन, मसालों के निर्यातकों

केलिए रजिस्ट्रीकरण प्रक्रियाएँ, क्रेताओं/विक्रेताओं की पहचान, निर्यात संवर्धन केलिए योजनाएँ, निर्यात वित्त, निर्यात बीमा एवं पादप संगरोध प्रक्रियाएं जैसे विषयों को कार्यक्रम में शामिल किया गया। कार्यक्रम में कुल 33 भावी उद्यमियों ने भाग लिया।

vii) मसालों के निर्यात में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों और मसाला उत्पादों के उत्कृष्ट निर्यात-निष्पादकों को सम्मानित करने के लिए मसालों के निर्यात में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कारों की स्थापना की है। पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान करना मसाले और मसाला उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड के निरंतर प्रयास का हिस्सा हैं। श्री सोम प्रकाश, माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने कोच्ची, केरल में 22 फरवरी, 2020 को पिछले वर्ष के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए निर्यातक पुरस्कारों का 29 वां और 30 वां सेट निर्यातक पुरस्कार, जिनमें शीर्षस्थ निर्यातकों के लिए ट्रॉफियां, प्रमुख अग्रणी निर्यातकों के लिए श्रेणीवार पुरस्कार और 2015-16 व 2016-17 के दौरान सराहनीय प्रदर्शन करनेवाले निर्यातकों को योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए।

viii) साउदी अरब केलिए प्रतिनिधिमंडल का दौरा

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित, श्री डी सत्यन भा.व.से., सचिव, स्पाइसेस बोर्ड के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें बोर्ड के अधिकारी और छोटी इलायची के प्रमुख निर्यातक शामिल हैं, की अगुवाई में छोटी इलायची व्यापार को प्रभावित करने वाली समस्याओं के समाधान और निर्यात को फिर से शुरू करने के लिए रियाद, साउदी अरब का दौरा किया। भारतीय दूतावास रियाद के अधिकारियों तथा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दिसंबर 2019 के दौरान निर्बाध व्यापार को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से साउदी खाद्य और औषधि प्राधिकरण (एसएफ़डीए) जीसीसी मानकीकरण संगठन (जीएसओ) और अन्य पणधारियों के साथ कई बैठकें कीं और समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव दिया था। साउदी अरब के रियाद में भारतीय मिशन के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाया गया।

सतत राजनायिक विचार-विमर्शों ने वैश्विक तौर पर स्वीकृत कोडेक्स खाद्य मानकों के अनुरूप, साउदी फूड एण्ड ड्रग अथोरिटी (एस एफ डी ए) द्वारा मानकों की पुनरीक्षा केलिए मार्ग प्रशस्त किया।

ख) क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)

स्पाइसेस बोर्ड प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठकें (बीएसएम) आयोजित करता आ रहा है ताकि मसाला उत्पादकों और निर्यातकों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संबंध स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। बीएसएम उत्पादकों और निर्यातकों दोनों को लाभकर स्थिति प्रदान करता है, जहां उत्पादकों को उनके उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य के साथ बाजार मिलता है, जबकि निर्यातकों को दीर्घकालिक पिछड़े संबंधों और गुणवत्ता वाले मसालों की प्रतिस्पर्धी सोर्सिंग के मामले में लाभ होता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने देश भर में सात बीएसएम और ओपन हाउस बैठकें आयोजित कीं, जिनका विवरण नीचे तालिका में दिया गया हैः-

क्रम सं.	स्थान	तारीख
1	नागरकोविल, तमिलनाडु	10 जुलाई, 2019
2	कट्टप्पना, इडुक्की	27 सितंबर, 2019
3	कोल्ली हिल्स, तमिलनाडु	30 अक्तूबर, 2019
4	ईरोड, तमिलनाडु	2 नवंबर, 2019
5	इटानगर, अरुणाचल प्रदेश	14 नवंबर, 2019
6	गान्तोक, सिक्किम	21 नवंबर, 2019
7	निजामाबाद, तेलंगाना	13 फरवरी, 2020

पूरे देश में मसाला उद्योग के पणधारियों ने इसमें काफी रुचि दिखाई है और बीएसएम में सक्रिय रूप से भाग लिया है, ताकि बाजार संबंध बनाने के लिए मंच का सबसे अच्छा उपयोग किया जा सके। कुल 864 किसान/किसान समूहों और 305 मसाला निर्यातकों ने बीएसएम और ओपनहाउस बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया था। वर्ष 2019-20 के दौरान, इस कार्यक्रम के आयोजन का कुल व्यय 23.47 लाख रुपए था।

ग) अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय (आईपीसी)

अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय (आईपीसी), कालीमिर्च अर्थव्यवस्था से संबंधित सभी गतिविधियों को बढ़ावा देने, समन्वय और सामंजस्य स्थापित करने और सेक्टर द्वारा सामना किए जाने वाले सभी मुद्दों का तुरंत समाधान करने केलिए स्थाई सदस्यो के रूप में भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका और वियतनाम तथा सहयोगी सदस्यों के रूप में पपुवा गिनिया एवं फिलिप्पीन्स जैसे कालीमिर्च उत्पादक देशों सहित एक यूएनईएससीएपी अंतरसरकारी संगठन है। श्री डी सत्यन भा.व.से.,

सचिव, स्पाइसेस बोर्ड ने, 11-14 नवंबर, 2019 के दौरान वूंग ताऊ सिटी, वियतनाम में संपन्न आईपीसी के 47 वां वार्षिक सत्र तथा बैठकों के दौरान अध्यक्ष, आईपीसी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इसके अलावा, स्पाइसेस बोर्ड ने 11 जुलाई, 2019 को कोच्ची, केरल में आईपीसी विपणन समिति की पाँचवीं बैठक की मेजबानी की।

घ) व्यापार सूचना सेवा

विपणन विभाग की व्यापार सूचना सेवा, निर्यात, आयात, क्षेत्र, उत्पादन, मसालों की नीलामी और मसालों की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कीमतों से संबंधित आंकड़ों का संग्रह, संकलन, विश्लेषण और प्रसार करती है।

सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा जारी निर्यात की दैनिक सूची (डीएलई) भारत से मसालों के मासिक अनुमानित निर्यात और वाणिज्य व सांख्यिकी महा निदेशालय (डीजीसीआईवएस), कोलकता द्वारा प्रदत्त निर्यात आंकड़ो का संकलन करने के लिए सूचना का प्रमुख स्रोत है। इसी तरह, सीमा शुल्क द्वारा जारी की गई दैनिक आयात सूची (डीएलआई) वाणिज्य व सांख्यिकी महानिदेशालय, कोलकत्ता द्वारा उपलब्ध कराई गए आयात दिन्ते भारत में मसालों के मासिक आयात का अनुमान लगाने का स्रोत है। बोर्ड मसालों के निर्यात और आयात विवरण को अपने पणधारियों और मंत्रालय /विभागों को नियमित आधार पर संकलित और प्रसारित करता रहा है। इस प्रयोजनार्थ बोर्ड नियमित रूप से कोचीन, जे एन पी टी, चेन्नई, तूतिकोरिन, मुंड्रा, कोलकता, पेट्रोपोल, मोहाधिपुर, रक्सौल, अमृतसर इत्यादि सभी प्रमुख बंदरगाहों और डीजीसीआई व एस एवं बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से डीएलई और डी एल आई दोनों एकत्रित कर रहा है।

स्पाइसेस बोर्ड की वेबसाइट और प्रकाशनों के माध्यम से अंतिम उपयोगकर्ताओं को नियमित आधार पर भारत और विदेशों के प्रमुख बाजारों के लिए मसाला की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का संकलन और प्रसार कर रहा है। भारत का कालीमिर्च और मसाला व्यापार संगठन, कृषि उत्पादन विपणन समितियां, व्यापारियों का संघ, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र, जनेवा, अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय, इंडोनेशिया, एए साइया और कंपनी, यूएसए आदि मूल्य विवरण एकत्र करने की प्रमुख स्रोत एजेंसियां हैं। ये सभी जानकारियां बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की सदस्यता के माध्यम से एकत्र की जाती हैं।

स्पाइसेस बोर्ड इलायची (छोटी और बड़ी) के विकास के लिए उत्तरदायी है और बोर्ड के कार्यालय नेटवर्क द्वारा आयोजित क्षेत्र नमूना अध्ययन के आदानों का उपयोग करके, बोर्ड के व्यापार सूचना सेवा प्रभाग द्वारा इन मसालों के क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता का अनुमान किया जाता है। अन्य मसालों के क्षेत्र और उत्पादन के आंकड़े राज्य अर्थशास्त्र और सांख्यिकी/कृषि/बागवानी विभाग/डीएएसडी से संकलन के लिए एकत्र किए जाते हैं। बोर्ड के प्रकाशनों के साथसाथ बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से पणधारियों और नीति निर्माताओं को अन्य मसालों के क्षेत्र और उत्पादन पर जानकारी प्रसारित की गई है।

स्पाइसेस बोर्ड (निर्यातकों का पंजीकरण) विनियम के अनुसार, मसालों के सभी पंजीकृत निर्यातकों को अपनी तिमाही निर्यात रिटर्न बोर्ड को जमा करनी होती है। वर्ष 2017-20 की ब्लॉक अवधि के दौरान, लगभग 6081 निर्यातकों को बोर्ड के साथ पंजीकृत किया गया था और व्यापार सूचना सेवा ने इन निर्यातकों के त्रैमासिक निर्यात रिटर्न को संकलित किया है तथा मसालों के लिए निर्यातक वार डेटाबेस बनाए रखता है। इस आंकड़ा आधार का प्रयोग करके बोर्ड प्रत्येक मसाले के प्रमुख निर्यातकों के ब्यौरे को संकलित और वेबसाइट पर प्रकाशित करता है।

स्पाइसेस बोर्ड, बोडिनायकन्नूर और पुट्टडी में बोर्ड द्वारा विकसित ईनीलामी केंद्रों में छोटी इलायची के व्यापार के लिए ईनीलामी का आयोजन करता है। दैनिक नीलामी मात्रा और इलायची की कीमत पर विवरण वेबसाइट के माध्यम से दैनिक आधार पर संकलित और प्रसारित किए जाते हैं। इस साल भी नीलामी बिक्री पर समेकित विवरण औसत मूल्य को बोर्ड के प्रकाशनों के माध्यम से संकलित और प्रसारित किया गया।

उद्योग के पणधारियों के लाभ के लिए प्रमुख विदेशी बाजारों सहित विभिन्न बाजार केंद्रों में मसालों की कीमत संबंधी जानकारी, साप्ताहिक आधार पर ऑनलाइन पर स्पाइसेस-मार्केट (बोर्ड की वेबसाइट में) और मासिक आधार पर स्पाइस इंडिया के माध्यम से एकत्रित, संकलित और प्रकाशित की जाती है।

क) मसालों के क्षेत्रफल और उत्पादन

वर्ष 2018-19 की तुलना में, 2019-20 के लिए छोटी व बड़ी इलायची का क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता तालिका-I और तालिका-II में दी गई है। अन्य मसालों के क्षेत्रफल और उत्पादन तालिका-III में दिए गए हैं।

तालिका - I

इलायची (छोटी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन में ट.में, उत्पादकता कि.ग्रा./हे.में)

राज्य	2019-20				2018-19			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज
केरल	39697	29858	10075	337.43	38882	29364	11535	392.83
कर्नाटक	25135	14418	620	43.00	25135	14725	690	46.86
तमिलनाडु	5162	2876	540	187.76	5115	3503	715	204.11
कुल	69994	47152	11235	238.27	69132	47592	12940	271.89

स्रोत : क्षेत्र नमूना अध्ययन के आधार पर अनुमान

तालिका - II

इलायची (बड़ी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन में ट.में, उत्पादकता कि.ग्रा./हे.में)

राज्य	2019-20				2018-19			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज
सिक्किम	23312	15963	4780	299.44	23312	17605	5030	285.71
पश्चिम बंगाल	3305	3159	1086	343.81	3305	3159	1070	338.71
कुल	26617	19122	5866	306.77	26617	20764	6100	293.78

स्रोत : स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अनुमान

वर्ष 2019-20 में बोर्ड ने अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में इलायची (बड़ी) के क्षेत्र और उत्पादन ब्यौरे का अनुमान लगाया है जिसे तालिका-II क में दर्शाया गया है:

तालिका - II क

इलायची (बड़ी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टयर में, उत्पादन में ट.में, उत्पादकता कि.ग्रा./हे.में)

राज्य	2019-20				2018-19			
	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज	कुल क्षेत्र	उपजवाला क्षेत्र	उत्पादन	उपज
अरुणाचल प्रदेश	10909	6395	1614	252.38	9901	6419	1545	240.76
नागालैंड	6408	4214	1046	248.22	6308	4194	1024	244.09
मणिपुर	148	29	4	146.55	93	25	4	168.4
कुल	17465	10638	2664	250.42	16302	10638	2573	241.87

(*) स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अनुमान

तालिका - III

प्रमुख मसालों का क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र-हेक्टेयर में उत्पादन-टनों में उपज-कि.ग्रा./हेक्टेयर में)

मसाला	2019-20 (अनुमान)		2018-19 (अनंतिम)	
	क्षेत्र	उत्पादन	क्षेत्र	उत्पादन
कालीमिर्च	137378	61000	138929	48000
मिर्च	682580	1702350	765330	1605160
अदरक(ताज़ा)	172040	1843530	164310	1788970
हल्दी	245958	938955	253406	959797
लहसुन	362950	2916970	353590	2898240
धनिया	628550	755740	469900	600410
जीरा	841940	546750	1026760	699538
बड़ी सौंफ	75260	127790	90180	157150
मेथी	120340	188480	119870	189880

स्रोतः राज्य आर्थिकी व सांख्यिकी निदेशालय/कृषि/बागवानी विभाग

सुपारी व मसाले विकास निदेशालय, कोषिक्कोड

कालीमिर्च उत्पादन : व्यापार आकलन

ख) इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और कीमतें

वर्ष 2019-20 (अगस्त 2019 - जुलाई 2020) और वर्ष 2018-19 (अगस्त 2018 - जुलाई 2019) के लिए इलायची (छोटी) की राज्यवार नीलामी बिक्री और भारित औसत कीमतें तालिका IV में दी गई हैः

तालिका - IV

इलायची (छोटी) की नीलामी बिक्री और मूल्य

(मात्रा टनों में, मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

राज्य	2019-20 (अगस्त - जुलाई) (अ)		2018-19 (अगस्त - जुलाई)	
	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य
केरल और तमिलनाडु (ई - नीलामी)	13544	2926.15	20809	1528.96
कर्नाटक	4	2133.64	9	1022.69
महाराष्ट्र	50	3132.06	46	1442.11
कुल	13598	2926.70	20865	1528.58

(अ)ः अनंतिम

स्रोतः लाइसेंसधारी नीलामीकर्ताओं से प्राप्त रिपोर्टें

ग) इलायची (बड़ी) की कीमतें

वर्ष 2019-20 और 2018-19 के लिए गान्तोक और सिलिगुडी बाज़ारों में इलयाची (बड़ी) की औसत थोक कीमतें तालिका-V में दी गई हैं

तालिका - V

इलायची (बड़ी) की औसत थोक कीमतें

(मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

केन्द्र	ग्रेड	2019-20	2018-19
गान्तोक	बड़ादाना	475.42	527.31
सिलीगुडी	बड़ादाना	579.86	646.39

स्रोतः बोर्ड का प्रादेशिक कार्यालय

घ) अन्य प्रमुख मसालों की कीमतें

प्रमुख मसालों की औसत कीमतें नीचे दी गई हैं। इन कीमतों को गौण, स्रोतों, जैसेकि चेंबर ऑफ़ कॉमर्स, इंडियन पेप्पर एंड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन, मर्चेंट्स एसोसिएशन आदि द्वारा तैयार की गई बाज़ार समीक्षाओं से एकत्रित किया गया है। मुख्य बाज़ार केंद्रों में प्रमुख मसालों की कीमतें नीचे तालिका VI में दी गई हैं।

तालिका - VI

मुख्य विपणन केन्द्रों में प्रमुख मसालों की कीमतें (मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

(मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

मसाला	विपणन	2019-20	2018-19
कालीमिर्च (एम जी 1)	कोचीन	347.08	378.21
मिर्च	गुंटूर	115.04	77.16
अदरक	कोचीन	267.73	184.39
हल्दी	चेन्नई	79.48	119.63
धनिया	चेन्नई	88.23	70.74
जीरा	चेन्नई	171.89	188.83
बड़ी सौंफ	चेन्नई	98.29	106.01
मेथी	चेन्नई	63.57	50.67
लहसुन	चेन्नई	108.93	33.85
खसखस बीज	चेन्नई	794.45	450.59
अजवाइन बीज	चेन्नई	133.86	120.12
सरसों	चेन्नई	47.41	51.07
इमली	चेन्नई	121.49	161.26
केसर	दिल्ली	111090.90	105604.50
लौंग	कोच्ची	611.81	711.45
जायफ़ल (बिना छिलके के)	कोच्ची	383.27	389.60
जावित्री	कोच्ची	869.47	599.50

ङ) भारत से मसालों का निर्यात निष्पादन

दुनिया भर में कोविद-19 के प्रकोप से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है और अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की स्थिति आई है। फिरभी वर्ष 2019-20 के दौरान भी भारतीय मसालों के निर्यात में बढत का रुख जारी रहा है और मसाला निर्यात के इतिहास में पहली बार तीन अरब यूएस डॉलर अंक पार किया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, पिछले वित्तीय वर्ष के 19505.81 करोड़ रुपए (2805.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 11,00,250 टन मसाले का कुल निर्यात खिलाफ भारत से 21515.40 करोड़ रुपए (3033.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 11,83,000 टन मसाले और मसाला उत्पादों का कुल निर्यात हुआ है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मसाला निर्यात ने मात्रा और मूल्य, दोनों के हिसाब से सर्वाकालिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। पिछले वर्ष की तुलना में, निर्यात ने रुपए मूल्य में 10 प्रतिशत और मात्र के हिसाब से आठ प्रतिशत वृद्धि दर्ज दिखाई है। डॉलर के हिसाब से वृद्धि आठ प्रतिशत है।

वर्ष 2019-20 के दौरान मसाला निर्यात ने भी वर्ष केलिए, मात्रा के हिसाब से, रुपए व डॉलर मूल्य के हिसाब से निर्धारित लक्ष्य पार किया है। वर्ष 2019-20 केलिए 19666.90 करोड़ रुपए (2850.28 मिलियन यूएस डॉलर) मूल्य के 10,75,000 टन के निर्धारित निर्यात लक्ष्य के खिलाफ, मात्रा में 110 प्रतिशत, रुपए मूल्य में 109 प्रतिशत तथा डॉलर के हिसाब से मूल्य में 106 प्रतिशत के साथ 21515.40 करोड़ रुपए मूल्य (3033.44 मिलियन यूएस डॉलर) के 11,83,000 टन का कुल निर्यात हुआ है।

i) प्रमुख योगदानकर्ता

मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात बास्केट में 52 मसाले और उसके उत्पाद शामिल हैं। हालाँकि, मिर्च, पुदीना उत्पाद, जीरा, मसाला तेल और तैलीराल और हल्दी मसाला बास्केट में प्रमुख योगदान देनेवाले रहे हैं। इन पांच मदों ने अकेले मसालों के निर्यात से प्राप्त कुल कमाई का 80 प्रतिशत का योगदान दिया। पुदीना उत्पादों, जैसे पुदीना तेल, मेन्थॉल क्रिस्टल, और मेन्थॉल सहित मसाले के अर्क ने कुल निर्यात आय का 30 प्रतिशत योगदान दिया। मिर्च ने (29 प्रतिशत) और जीरे ने (15 प्रतिशत) और हल्दी ने (छह प्रतिशत) का योगदान दिया। अन्य प्रमुख योगदानकर्ता करी पाउडर (4 प्रतिशत) और कालीमिर्च (तीन प्रतिशत) हैं।

ii) निर्यात गंतव्य

वर्ष 2019-20 के दौरान, भारतीय मसाले व मसाले उत्पाद विश्वभर के 180 गंतव्यों में पहुंचे। इनमें में चीन, संयुक्त राज्य अमरीका, बांगलादेश, थाईलैंड, संयुक्त अरब एमिरेट्स, श्रीलंका, मलेशिया, यूके, इंडोनेशिया व जर्मनी प्रमुख गंतव्य स्थान हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान इन नौ गंतव्यों ने मसालों से कुल निर्यात आय का 70 प्रतिशत से अधिक योगदान किया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका पिछले कुछ दशकों से भारतीय मसालों के लिए पारंपरिक एकल सबसे बड़ा गंतव्य रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका मिर्च, इलायची, मसाला सार, पुदीना उत्पादों आदि जैसे उच्च मूल्य मसालों के लिए पारंपरिक बाजार है, हालांकि, पिछले दो वर्षों के दौरान, चीन भारतीय मसालों के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा और मुख्य रूप से भारतीय मिर्च के लिए भारी मांग के कारण चीन को निर्यात तिगुना हो गया। मिर्च के निर्यात में वृद्धि का मुख्य कारण चीन द्वारा वियतनाम के साथ हाइफोंग बंदरगाह के माध्यम से आयात की जाने वाली सीमा की बिक्री पर प्रतिबंध था। नतीजतन 2019-20 में चीन यूएसए से आगे निकल गया और मात्रा और मूल्य दोनों के मामले में भारतीय मसालों के लिए सबसे बड़ा गंतव्य बन गया। वर्तमान में चीन द्वारा भारत से आयातित मसालों का अनुमानित मूल्य 710 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक है, जो भारत से मसालों की कुल निर्यात आय का लगभग 24 प्रतिशत आता है।

iii) मसालों में मूल्य वर्द्धन

करी पाउडर, स्पाइस पाउडर, कालीमिर्च के व्युत्पन्न, मसाला तेल व तैलीराल, पुदीना उत्पादों आदि जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात के मूल्य के हिसाब से कुल निर्यात का 50 प्रतिशत हिस्सा है। पुदीना उत्पाद, मसाला तेल व तैलीराल एवं करी पाउडर व मिश्रण जैसे प्रमुख मदों ने पिछले वर्ष की तुलना में मात्रा और मूल्य दोनों के मामले में पर्याप्त वृद्धि दिखाई है। वर्ष के दौरान सभी प्रमुख मूल्य वर्द्धित उत्पादों ने मात्रा और मूल्य दोनों के मामले में एक सर्वकालिक बढ़त दिखाई है। मूल्य वर्द्धित उत्पादों के लिए प्रमुख गंतव्य अमेरिका, चीन, ब्रिटेन आदि हैं।

iv) कालीमिर्च

दुनिया में कालीमिर्च का सबसे बड़ा खरीददार व उपभोक्ता संयुक्त राज्य अमेरिका है। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा कालीमिर्च के आयात में किए उतार-चढ़ाव से विश्व कालीमिर्च व्यापार पर सीधा प्रभाव हुआ है। वर्ष 2019-20 के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 85,000 मीटरी टन कालीमिर्च (साबुत व पाउडर) का आयात किया है जो कालीमिर्च के विश्व व्यापार का करीब 20 प्रतिशत आ जाता है। भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका को मुख्यतः कालीमिर्च पाउडर का निर्यात करता है और अन्य स्रोतों

से कड़ी प्रतियोगिता के कारण साबुत कालीमिर्च का निर्यात अपेक्षाकृत कम है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने, मात्रा में 20 प्रतिशत और मूल्य में तीन प्रतिशत की सीमांत गिरावट दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के 568.68 करोड़ रुपए के मूल्यवाले 13540 टन के खिलाफ 551.87 करोड़ रुपए के मूल्यवाले कुल 16250 टन की मात्रा में कालीमिर्च का निर्यात किया। वर्ष के दौरान मूल्य में गिरावट का कारण मुख्य रूप से वैश्विक रूप से कालीमिर्च की कीमतों में हुई गिरावट को माना जाता है। वर्ष 2019-20 में, संयुक्त राज्य अमेरिका हमारा प्रमुख बाज़ार बना रहा और उन्होंने मूल्य के हिसाब से 29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए लगभग 6300 टन का आयात किया। अन्य प्रमुख खरीददार, यू.के., स्वीडन, जर्मनी, कानड़ा, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया हैं। अकेले इन देशों ने कालीमिर्च से निर्यात आय का 50 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। वर्ष 2019-20 में कालीमिर्च का औसत एफ़ओबी निर्यात मूल्य, 2018-19 के 420 रुपए प्रति किलोग्राम से 340 रुपए प्रति किलोग्राम तक गिर गया है।

v) इलायची (छोटी)

साउदी अरब, भारतीय इलायची का पारंपरिक बाजार है और भारत से इलायची का 50 प्रतिशत निर्यात साउदी अरब को होता है। हालांकि, 2018-19 में, साउदी अरब ने, अनुमत्य सीमा से अधिक कीटनाशकों की उपस्थिति के कारण भारत से इलायची के निर्यात खेप को हिरासत में लिया है। इसलिए 2019-20 के दौरान इलायची का कुल निर्यात घटकर 2090 टन रह गया।

हालांकि, बोर्ड द्वारा प्रारम्भ किए गए कदमों के आधार पर, बोर्ड द्वारा गुणवत्ता जांच और प्रमाणन के साथ मई, 2020 से इलायची का निर्यात फिर से शुरू हो गया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने मात्रा में 27 प्रतिशत गिरावट दर्ज करते हुए, लेकिन मूल्य में भारतीय इलायची की उच्च मूल्य-वसूली के कारण 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2018-19 के 356.25 करोड़ रुपए मूल्य के 2850 टन के खिलाफ वर्ष 2019-20 के दौरान 426.30 करोड़ रुपए मूल्य की 2090 टन इलायची (छोटी) का निर्यात किया गया। साउदी अरब के अलावा, भारतीय इलायची के प्रमुख गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान आदि हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान इन चारों देशों ने मात्रा के मामले में भारत की छोटी इलायची के निर्यात में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।

vi) इलायची (बड़ी)

भारत और नेपाल इलायची (बड़ी) के प्रमुख उत्पादक हैं। भारत, दुनिया में इलायची (बड़ी) के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। वर्ष के दौरान भारत ने वर्ष 2018-19 के 61.06 करोड़ रुपए मूल्यवाले 860 टन के खिलाफ 67.58 करोड़ रुपए मूल्यवाले 1100 टन इलायची (बड़ी) का निर्यात किया। परिमाण के मामले में भारतीय बड़ी इलायची के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से के प्रमुख खरीददार अफगानिस्तान, पाकिस्तान और यूएई हैं।

vii) मिर्च

मिर्च भारत की सबसे बड़ा मसाला मद है जिसे मात्रा और मूल्य दोनों के मामले में भारत से निर्यात किया जाता है। देश से अकेले मिर्च और मिर्च उत्पादों के निर्यात का परिमाण, मात्रा में 40 प्रतिशत से अधिक और मूल्य में 29 प्रतिशत थी। बोर्ड द्वारा कार्यान्वित मिर्च और मिर्च उत्पादों के अनिवार्य गुणवत्ता जांच ने भारतीय मिर्च को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक स्वीकार्य बना दिया है और इस उच्च स्तर के निर्यात को प्राप्त करने में मदद की है। वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने पिछले वर्ष के 5411.18 करोड़ रुपए मूल्यवाले 4,68,500 टन के बदले, 6211.70 करोड़ रुपए के मूल्यवाले 4,84,000 टन मिर्च और मिर्च उत्पादों का निर्यात किया था। भारतीय मिर्च के पारंपरिक खरीददार, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया और श्रीलंका बाजार में सक्रिय थे। हालांकि, चीन मिर्च के लिए सबसे बड़ा गंतव्य के रूप में उभरा। वर्ष 2019-20 के दौरान चीन ने लगभग 1,40,000 टन मिर्च का आयात किया है, जो देश से मिर्च के कुल निर्यात में लगभग 29 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। चीन द्वारा सीमा व्यापार पर प्रतिबंध लगाने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में वियतनाम को मिर्च निर्यात में काफी गिरावट आई है।

viii) अदरक

भारत से अदरक के निर्यात ने 2019-20 में 50,000 टन को पार करके एक सर्वकालिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मात्रा के हिसाब से 178 प्रतिशत और मूल्य में 129 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए, पिछले साल के 196.02 करोड़ रुपए मे मूल्यवाले 18,150 टन के बदले 449.05 करोड़ रुपए मूल्यवाले 50,410 टन अदरक का निर्यात किया गया है। निर्यात में वृद्धि का प्रमुख कारण, अपनी फसल का नुकसान होने की वजह से बांग्लादेश द्वारा अदरक की भारी मात्रा में किया गया आयात है। वर्ष 2019-20 के दौरान, अकेले बांग्लादेश ने भारत से 35000 टन से अधिक अदरक का आयात किया। आम तौर पर अदरक सूखे, ताजे और पाउडर रूपों में निर्यात किया जाता है। हालांकि, वर्तमान वर्ष के दौरान बांग्लादेश द्वारा

अदरक के आयात का बड़ा हिस्सा ताजे रूप में हुआ है जिससे देश से अदरक के निर्यात के लिए औसत इकाई मूल्य वसूली में गिरावट हुई है। अन्य प्रमुख खरीददार मोरक्को, यूएसए, यूके और यूएई हैं।

ix) हल्दी

भारत विश्व बाजार में हल्दी का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता और उपभोक्ता है। अन्य प्रमुख आपूर्तिकर्ता वियतनाम, इंडोनेशिया और म्यानमार हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान भारत से हल्दी के निर्यात में मात्रा के संदर्भ में वृद्धि देखी गई है। हालाँकि, बाजार में कम इकाई मूल्य के कारण निर्यात आय में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। वर्ष 2019-20 के दौरान, 1416.16 करोड़ रुपए मूल्य के 1,33,600 टन के बदले 1216.40 करोड़ रुपए मूल्य के कुल 1,36,000 टन हल्दी का निर्यात किया गया। भारतीय हल्दी के लिए अग्रणी खरीददार बांग्लादेश है जिसके बाद यूएसए, ईरान, मलेशिया, मोरक्को और यूएई आते हैं।

x) धनिया

वर्ष 2019-20 के दौरान, धनिया के निर्यात में, मात्रा और मूल्य के तौर पर वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मात्रा में तीन प्रतिशत और मूल्य में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के 352.08 करोड़ रुपए मूल्य के 48,900 टन के बदले 411.10 करोड़ रुपए मूल्य के कुल 50,250 टन धनिया का निर्यात किया गया है। मलेशिया धनिया का प्रमुख खरीददार है उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, यूके, साउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल आते हैं। ये देश, अकेले परिमाण के मामले में निर्यात का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखते हैं।

xi) जीरा

मसाले के निर्यात-बास्केट में जीरा तीसरी सबसे बड़ी मद है। अकेले जीरे के निर्यात की मात्रा कुल निर्यात का 18 प्रतिशत है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मात्रा में 16 प्रतिशत और मूल्य में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के 2884.80 करोड़ रुपए मूल्यवाले 1,80,300 टन के बदले 3225 करोड़ रुपए मूल्यवाले कुल 2,10,000 टन की मात्रा में जीरा का निर्यात किया गया। बोर्ड द्वारा कार्यान्वित अनिवार्य नमूनन प्रणाली ने भारतीय जीरे को विश्व बाजार में और अधिक स्वीकार्य बनाने में मदद की और जिससे पिछले कुछ वर्षों में सतत विकास हुआ। चीन भारतीय जीरे के अग्रणी खरीददार है और अकेले चीन द्वारा भारत से जीरे के कुल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत आयात किया जाता है। भारतीय जीरा के अन्य प्रमुख खरीददार बांग्लादेश, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान, मिस्र और यूएई हैं और अकेले ये गंतव्य मात्रा के मामले में कुल निर्यात का 60 प्रतिशत से अधिक रखते हैं।

xii) बड़ी सौंफ

वर्ष 2019-20 के दौरान, बड़ी सौंफ का कुल निर्यात, 2018-19 अवधि के दौरान के 244.13 करोड़ रुपए मूल्यवाले 26,250 टन के बदले 228.88 करोड़ रुपए मूल्यवाले 23,800 टन रहा। सौंफ़ का निर्यात, मात्रा के मामले में नौ प्रतिशत और मूल्य के संदर्भ में छह प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। गिरावट में कमी का प्रमुख कारण सौंफ की कम आपूर्ति है। भारतीय सौंफ के प्रमुख खरीददार संयुक्त राज्य अमेरिका, मलेशिया, बांग्लादेश, यूके और साउदी अरब हैं।

xiii) मेथी

वर्ष 2019-20 के दौरान, 163.84 करोड़ रुपए मूल्य के कुल 27,660 टन मेथी का निर्यात किया गया, जबकि पिछले वर्ष का निर्यात 138.46 करोड़ रुपए के कुल 27,150 टन का था। वर्ष 2019-20 के दौरान मेथी के निर्यात में मात्रा के हिसाब से दो प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मेथी के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य यमन, संयुक्त राज्य अमरीका, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल आदि हैं।

xiv) करी पाउडर/करी पेस्ट

भारत, दुनिया में करी पाउडर / करी पेस्ट के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। करी पाउडर / पेस्ट का निर्यात पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान, हम ने 834.10 करोड़ रुपए मूल्य के 38,200 टन करी पाउडर/करी पेस्ट का निर्यात किया था जबकि वर्ष 2018-19 के दौरान 744.70 करोड़ रुपए मूल्य के 33,850 टन रहा था। करी पाउडर / पेस्ट के निर्यात में मात्रा में 13 प्रतिशत और मूल्य के संदर्भ में 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। मध्य-पूर्वी प्रदेश प्रमुख खरीददार के रूप में जारी रहा उसके बाद संयुक्त राज्य अमरीका, यूके और ऑस्ट्रेलिया आते हैं।

xv) पुदीना उत्पाद

पुदीना तेल और उसके व्युत्पन्न एक साथ मसालों की निर्यात बास्केट में दूसरी सबसे बड़ी मद हैं। पुदीना उत्पादों के तहत जापानी पुदीना, स्पीयरमिंट, डी-मेंथोलाइज़्ड ऑयल (डीएमओ) और मेन्थॉल क्रिस्टल प्रमुख मदें हैं। मिंट उत्पादों से होने वाली निर्यात आय कुल निर्यात मूल्य का 18 प्रतिशत है। भारत दुनिया में पुदीना उत्पादों के प्रमुख उत्पादकों में से एक है और अन्य

उत्पादकों में चीन और अमरीका हैं। चीन मिंट उत्पादों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। चीन भारत से 12,000 टन से अधिक पुदीना का आयात करता है जो कुल निर्यात का 50 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मात्रा में पाँच प्रतिशत और मूल्य में दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2018-19 दौरान के 3749.34 करोड़ रुपए मूल्य के 21,610 टन के स्थान पर 3838.35 करोड़ रुपए मूल्य के कुल 22,725 टन का निर्यात किया गया। प्रमुख खरीददार चीन, संयुक्त राज्य अमरीका, सिंगापुर और जर्मनी हैं।

xvi) मसाला तेल व तैलीराल

मात्रा के संदर्भ में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ मसाला-निचोड़ के उत्पादन और निर्यात में भारत विश्व में अग्रणी है। अन्य प्रमुख आपूर्तिकर्ता चीन और श्रीलंका हैं। मसाला-निचोड़ के मामले में, भारत दुनिया में स्थिर आपूर्तिकर्ता है और दशकों के दौरान हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2019-20 के दौरान, 2645.25 करोड़ रुपए मूल्य के कुल 13,950 टन मसाला-निचोड़ का निर्यात था, जबकि 2018-19 के दौरान निर्यात 2193.00 करोड़ रुपए मूल्यवाले 12,750 टन रहा था। मसाला-निचोड़ के निर्यात ने, मात्रा में नौ प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 21 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई है। संयुक्त राज्य अमरीका, दुनिया में मसाला-निचोड़ का सबसे बड़ा उपभोक्ता है और संयुक्त राज्य अमरीका का आयात मात्रा के मामले में देश से कुल निर्यात का 30 प्रतिशत से अधिक है। अन्य प्रमुख खरीददार चीन, फ्रांस, जर्मनी और यूके हैं।

अप्रैल-मार्च 2018-19 की तुलना में अप्रैल-मार्च 2019-20 के दौरान भारत से मसालों का मदवार अनुमानित निर्यात, 2019-20 में प्रतिशत परिवर्तन आदि और निर्यात लक्ष्य में उपलब्धि तालिका VII और तालिका VIII में दी गईं हैं।

तालिका - VII

वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

मद	अप्रैल - मार्च 2019-20		अप्रैल - मार्च 2018-19		2019-20 में % परिवर्तन	
	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रुपए में)	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रुपए में)	मात्रा	मूल्य
कालीमिर्च	16,250	55,187.00	13,540	56,868.00	20%	-3%
इलायची (छोटी)	2,090	42,629.50	2,850	35,625.00	-27%	20%
इलायची (बड़ी)	1,100	6,758.50	860	6,106.00	28%	11%
मिर्च	484,000	622,170.00	468,500	541,117.50	3%	15%
अदरक	50,410	44,905.00	18,150	19,602.00	178%	129%
हल्दी	136,000	121,640.00	133,600	141,616.00	2%	-14%
धनिया	50,250	41,110.00	48,900	35,208.00	3%	17%
जीरा	210,000	322,500.00	180,300	288,480.00	16%	12%
सेलरी	6,510	7,175.50	6,100	6,649.00	7%	8%
बड़ी सौंफ	23,800	22,888.00	26,250	24,412.50	-9%	-6%
मेथी	27,660	16,383.60	27,150	13,846.50	2%	18%
अन्य बीज (1)	32,700	19,257.00	29,740	18,736.20	10%	3%
लहसुन	23,350	17,232.50	29,500	17,110.00	-21%	1%
जायफल एवं (जावित्री) मेस	2,955	13,630.75	3,300	15,015.00	-10%	-9%
अन्य मसाले (2)	41,050	66,303.00	43,300	61,486.00	-5%	8%

करी पाउडर/पेस्ट	38,200	83,410.00	33,850	74,470.00	13%	12%
पुदीना उत्पाद (3)	22,725	383,835.00	21,610	374,933.50	5%	2%
मसाला तेल व तैलीराल	13,950	264,525.00	12,750	219,300.00	9%	21%
कुल	1,183,000	2,151,540.35	1,100,250	1,950,581.20	8%	10%
मूल्य मिलियन यू एस डॉलर में		3033.44		2,805.50		8%

(1) में सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) में इमली, हींग, कैसिया, केसर आदि शामिल हैं।

में पुदीना तेल, मेंथोल और मेंथाल क्रिस्टल शामिल हैं।

स्रोत सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट, और पिछले वर्ष के निर्यात-रुख आदि पर आधारित अनुमान।

तालिका - VIII

लक्ष्य की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

मद	2019-20 के लिए लक्ष्य		अप्रैल - मार्च 2019-20 (*)		लक्ष्य की प्रतिशत-प्राप्ति	
	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रुपए में)	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रुपए में)	मात्रा	मूल्य
कालीमिर्च	15,000	58,800.00	16,250	55,187.00	108%	94%
इलायची (छोटी)	3,400	45,900.00	2,090	42,629.50	61%	93%
इलायची (बड़ी)	1,100	6,600.00	1,100	6,758.50	100%	102%
मिर्च	428,000	496,480.00	484,000	622,170.00	113%	125%
अदरक	22,000	26,400.00	50,410	44,905.00	229%	170%
हल्दी	135,000	121,500.00	136,000	121,640.00	101%	100%
धनिया	50,000	40,000.00	50,250	41,110.00	101%	103%
जीरा	175,000	271,250.00	210,000	322,500.00	120%	119%
सेलरी	6,000	6,360.00	6,510	7,175.50	109%	113%
बड़ी सौंफ	28,000	26,600.00	23,800	22,888.00	85%	86%
मेथी	28,000	16,800.00	27,660	16,383.60	99%	98%
अन्य बीज (1)	32,000	22,400.00	32,700	19,257.00	102%	86%
लहसुन	27,000	14,850.00	23,350	17,232.50	86%	116%
जायफल एवं (जावित्री) मेस	5,000	25,000.00	2,955	13,630.75	59%	55%
अन्य मसाले (2)	45,000	76,500.00	41,050	66,303.00	91%	87%
करी पाउडर/पेस्ट	35,000	77,000.00	38,200	83,410.00	109%	108%
पुदीना उत्पाद (3)	25,000	395,000.00	22,725	383,835.00	91%	97%
मसाला तेल व तैलीराल	14,500	239,250.00	13,950	264,525.00	96%	111%
कुल	1,075,000	1,966,690.00	1,183,000	2,151,540.35	110%	109%
मूल्य दशलक्ष यू एस डॉलर में		2850.28		3033.44		106%

(1) में सरसों, सौंफ, अजोवन बीज, सोआ बीज, खसखस बीज आदि शामिल हैं।

(2) में इमली, हींग, कैसिया, केसर आदि शामिल हैं।

(3) में पुदीना तेल, मेंथोल और मेंथाल क्रिस्टल शामिल हैं।

(*) पिछले महीनों की, विलंब से प्राप्त रिपोर्टें शामिल हैं।

स्रोत सीमा शुल्क से प्राप्त डी एल ई, प्रादेशिक कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट, और पिछले वर्ष के निर्यात रुख आदि पर आधारित अनुमान।

6. प्रचार एवं संवर्धन

स्पाइसेस बोर्ड की प्रतिष्ठा को बढ़ाने और मसाले निर्यात संवर्धन केलिए एक अच्छे संवर्धनात्मक तंत्र को रूप देना महत्वपूर्ण है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने विश्व में भारतीय मसालों के प्रचार और ब्रैंडिंग के लिए गतिविधियां जारी रखीं। भारतीय मसालों, मसाला उद्योग और बोर्ड की गतिविधियों को प्रचारित और बढ़ावा देने के लिए इन तंत्रों की रूपरेखा तैयार की गई थी।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू मेलों में प्रतिभागिता, विज्ञापन अभियान, ऑनलाइन प्रचार अभियान, पत्रिका, ब्रोशर इत्यादि का मुद्रण और प्रकाशन तथा मसालों पर वीडियो स्पॉट्स प्रदर्शित करना प्रमुख सुर्खियां रहीं।

बहु-विषयक प्रचार गतिविधियों ने बोर्ड और मसाला उद्योग को समर्थन दिया है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मसालों की मांग को बढ़ावा देता है।

क) घरेलू मेलों में प्रतिभागिता

मसाला उद्योग के विभिन्न पणधारियों तक पहुँचने का श्रेष्ठ साधन है घरेलू मेलों में प्रतिभागिता। वित्तीय वर्ष के दौरान, बोर्ड ने मुख्य मसाला विकास व विपणन केंद्रों और प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मेलों पर ध्यान देने के साथ महत्वपूर्ण घरेलू मेलों में भाग लेना सुनिश्चित किया। मेलों में कृषकों, व्यापारियों, निर्यातकों, वैज्ञानिकों जैसे मसाला उद्योग के विभिन्न स्तर के लोगों और अन्य निर्यात प्रोत्साहन एजेंसियों/संगठनों से बातचीत करने का मंच मिलता है जो भारतीय मसाला उद्योग और भारतीय मसालों के संवर्धन हेतु सक्षम परियोजनाओं/कार्यकलापों के निरूपण में सहायक होता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान मेलों में प्रतिभागिता ने देश और अंतर्राष्ट्रीय मसाला मांग निहित करने और अखिल भारतीय स्तर पर बोर्ड के कार्यकलापों पर जागरूकता पैदा करने में सहायता की।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने भारत के प्रमुख स्थानों में 22 प्रदर्शनियों में भाग लिया।

क्रम सं.	मेले का नाम	स्थान	मेले की तारीख
1	केरला कौमुदी सम्मर फेस्ट	कोल्लम	10-22 अप्रैल, 2019
2	मलयाला मनोरमा एग्री सम्मिट	कण्णूर	17 मई, 2019
3	वाइब्रेन्ट नॉर्थ ईस्ट	मणिपुर	19-21 जून, 2019
4	अन्नपूर्णा अनु फूड इंडिया	मुंबई	29-31 अगस्त, 2019
5	राइस इन हरियाणा	हरियाणा	29-31 अगस्त, 2019
6	उपासी इंडस्ट्रियल एक्सिबिशन	कून्नूर	13-14 सितंबर, 2019
7	उत्तरपूर्वी क्षेत्र के कृषि उत्पादों पर सम्मेलन सह अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक	अगर्तला	26 सितंबर, 2019
8	राष्ट्रीय जैव कृषि उत्पाद प्रदर्शन	विजयवाड़ा	4-6 अक्तूबर, 2019
9	बड़ौदा किसान पखवाड़ा व बड़ौदा किसान दिवस	पालक्काड	18 अक्तूबर, 2019
10	फै & है इंडिया	मुंबई	22-24 अक्तूबर, 2019
11	ग्लोबल आयुर्वेदा सम्मिट	कोच्ची	30-31 अक्तूबर, 2019
12	बायोफाक इंडिया	दिल्ली	7-9 नवंबर, 2019
13	कोच्ची इंटरनेशनल बुक फेस्टिवल	कोच्ची	29 नवंबर - 8 दिसंबर 2019

14	नॉर्थ ईस्ट फूड शॉ 2019	शिलांग	4-6 दिसंबर, 2019
15	डेस्टिनेशन गुजरात 2019	सुरेन्द्र नगर	18-20 दिसंबर, 2019
16	केरला एग्रो फूड प्रो	कलूर	20-23 दिसंबर, 2019
17	107 वां आईएससी - प्राइड ऑफ इंडिया एक्स्पो	बंगलुरु	3-7 जनवरी, 2020
18	वाइगा केरला	तृशूर	4-7 जनवरी, 2020
19	इंडस फूड	दिल्ली	8-9 जनवरी, 2020
20	ऑर्गैनिक नॉर्थ ईस्ट	गुवाहटी	17-19 जनवरी, 2020
21	एमर्जिंग नॉर्थ ईस्ट	असम	19-21 फरवरी, 2020
22	सीआईआई फूड प्रोसेसिंग कोण्क्लेव 2020	कोलकाता	13 मार्च, 2020

ख) अंतर्राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभागिता

बोर्ड, भारतीय निर्यातकों और विदेश में आयातकों के बीच की अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मसालों के संवर्धन हेतु इसकी पहल के भाग के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लेता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में प्रतिभागिता से भारतीय मसाला निर्यातकों को मौजूदा तथा प्रमुख मसाला आयातकों के साथ बातचीत करने और व्यापारिक संपर्क बनाने का प्रभावी अवसर मिलता है, जिससे भारतीय मसाला उद्योग के व्यापारिक परिवेश का विस्तार होता है। बोर्ड को उपभोक्ता व्यवहार के विभिन्न पक्षों को समझने और आयातक देश की खान-पान की आदतों, खुदरा और थोक बाजार का अध्ययन करने, खाद्य संरक्षा और सुरक्षा संबंधी मानकों को जानने में मदद मिलती है।

मेलों के चयन की कार्यनीति, अभी तक लाभ न उठाई गई विपणियों के चयन के आधार पर तैयार की गई थी। निर्यातकों को प्रमुख प्रदर्शनियों में भाग लेने में वरीयता दी गई, बोर्ड के बैनर के अधीन उनके स्वतंत्र प्रचार-प्रसार कार्यकलाप हेतु पृथक स्लॉट प्रदान किए गए। इन कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त बोर्ड के अधिकारियों ने आगुंतकों से पारस्परिक विचार-विमर्श किया। विभिन्न कार्यक्रमों में उत्पादों सहित विभिन्न मसालों/शाकों के लिए व्यापारिक जानकारी को आगे की अनुवर्ती कार्रवाई के लिए निर्यातकों को प्रदान की गई।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, बोर्ड ने निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लिया

क्रम सं.	मेले का नाम	स्थल	तारीख
1	सम्मर फांसी फूड शो 2019	न्यू ओर्क, यूएसए	23-25 जून, 2019
2	फूड इंग्रेडियंट्स साउथ अमरीका (फिसा) - 2019	साओ पॉलो, ब्राज़ील	20-22 अगस्त, 2019
3	अनूगा - 2019	कोलोन, जर्मनी	5-9 अक्तूबर, 2019
4	गलफूड मैनुफैक्चरिंग - 2019	दुबई, यूएई	29-31 अक्तूबर, 2019
5	चैना इंटरनैशनल इंपोर्ट एक्स्पो - 2019	शांधाई, चीन	5-10 नवंबर, 2019
6	फूड इंग्रेडियंट्स यूरोप 2019	पारिस, फ्रांस	3-5 दिसंबर, 2019
7	विंटर फांसी फूड शो 2020	सैन फ्रैंसिस्को, यूएसए	19-21 जनवरी, 2020
8	बायो फैक 2020	न्यूरेनबर्ग, जर्मनी	12-15 फरवरी, 2020

ग) सोशियल मीडिया पर संवर्धन

ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रचार अभियान चलाया जाता है और मसालों व मसाला उत्पादों के गूगल विज्ञापन लिंक उपलब्ध कराता है। इसे ऑनलाइन दर्शकों को शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यह मसालों पर जागरूकता पैदा करता है जिसमें वानस्पतिक, भौगोलिक, व्यापारिक दित्ते, चिकित्सीय और पाककला के पहलू शामिल हैं।

घ) पत्रिकाएं

i) स्पाइस इण्डिया

अंग्रेजी, हिंदी, मलायलम, कन्नड और तमिल- पाँच भाषाओं में प्रकाशित होनेवाली सावधिक मासिक पत्रिका 40 ‘स्पाइस इण्डिया’ (मासिक) समय पर निकली गई। समय-सारणी के अनुसार त्रैमासिक अंक तेलुगू भाषा में निकाला गया।

फोरिन ट्रेड एंक्वयरीज़ बुलेटिन (एफटीईबी)ः मसालों के निर्यातकों को सुविधाजनक बनाने के लिए, विदेशी व्यापार मेलों, ई-मेल और बोर्ड के कार्यालयों से बोर्ड द्वारा सीधे एकत्रित व्यापारिक जानकारी एफटीईबी के रूप में समेकित करके प्रकाशित की गई।

iii) अन्य प्रकाशनः

वर्ष 2019-20 के दौरान प्रकाशित पुस्तिकाएं और ब्रोशर थेः

क) स्पाइसेस बोर्ड इंडिया (अंग्रेजी) पर सामान्य विवरणिका

ख) विविध भाषाओं में (जर्मन, जापानी, अरबी) अंतर्राष्ट्रीय मेलों के लिए विवरणिका

7. कोडेक्स सेल और हस्तक्षेप

अ) मसालों और पाक्य शाकों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच)

जुलाई, 2019 के दौरान जिनेवा में आयोजित अपने 42वें सत्र (सीएसी42) में कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन ने सूखे या निर्जलित लहसुन के लिए मानक अपनाया। अपनी स्थापना के बाद से आयोग द्वारा मसालों के लिए अपनाया जाने वाला यह चौथा कोडेक्स मानक है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रूप (ईडब्ल्यूजी) की अध्यक्षता स्पाइसेस बोर्ड के एक वैज्ञानिक द्वारा की थी। इसके अतिरिक्त, पांच प्रस्तावित मसौदा मानकों अर्थात् शुष्क ओरगेनो पत्ती, शुष्क या निर्जलित अदरक, केसर, शुष्क तुलसी और शुष्क लौंग को चरण 5 पर अपनाया गया था।

सीसीएससीएच के चौथे सत्र के सफल आयोजन के बाद, होटल लीला कोवलम, तिरुवनंतपुरम, केरल में 21 से 25 जनवरी, 2019 तक की अवधि के दौरान विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक कार्यकारी समूहों (ईडब्ल्यूजी) के माध्यम से शुष्क ओरगेनो पत्ती, शुष्क या निर्जलित अदरक, केसर, शुष्क तुलसी और शुष्क लौंग के लिए प्रस्तावित मसौदा मानकों को अंतिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है। दो अन्य प्रस्तावित मसौदा मानक अर्थात् शुष्क या निर्जलित मिर्च और पैप्रिका, शुष्क या निर्जलित जायफल, चरण 2 की अवस्था पर हैं। बोर्ड के वैज्ञानिक मिर्च और पैप्रिका के काम की अध्यक्षता कर रहे हैं और केसर के काम की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं, तथा अदरक, तुलसी, लौंग, अजवायन और जायफल के लिए ईडब्ल्यूजी में सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

आ) आगामी सत्र (सीसीएससीएच 5)

स्पाइसेस बोर्ड इस समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करता है और इसे भारत की ओर से सीसीएससीएच के सत्र का आयोजन करना होता है। स्पाइसेस बोर्ड का कोडेक्स प्रकोष्ठ इस समिति के आयोजन सचिवालय के रूप में काम करता है और इस संबंध में प्रारंभिक कार्य शुरू हो गए हैं। पांचवां सत्र कोच्ची, केरल में 20 से 25 सितंबर, 2020 तक आयोजित किया जाना था, लेकिन वर्तमान में व्याप्त कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण बैठक को अप्रैल 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के लिए स्थल के रूप में ग्रैंड हयात, बोलगाट्टी कोच्ची, केरल को तय किया गया है। कोडेक्स प्रकोष्ठ, सत्र के संचालन के साथ-साथ सात मसालों के लिए मानकों के प्रारूपण से संबंधित कार्यों से जुड़ी संपूर्ण गतिविधियों का समन्वय कर रहा है।

इ) कोडेक्स बैठकें

क) कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन (सीएसी 42)

कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन (सीएसी 42) के 42 वें सत्र की बैठक 8-12 जुलाई, 2019 के दौरान जिनेवा, स्विटज़रलैंड में आयोजित की गई थी। इस बैठक के दौरान मसालों के लिए चौथा कोडेक्स मानक अर्थात् शुष्क या निर्जलित लहसुन को अंगीकृत किया गया। बोर्ड के पदाधिकारियों ने कोडेक्स एलिमेंटारियस आयोग द्वारा संचालित बयालीसवें सत्र में भाग लिया।

ख)एशिया के लिए कोडेक्स समन्वय समिति (सीसीएएसआईए)

इक्कीसवें सत्र (सीसीएएसआईए 21) का आयोजन गोवा, भारत में 23 से 27 सितंबर 2019 तक किया गया था। सत्र के दौरान "खाद्य सुरक्षा और प्राथमिक उत्पादन - विकसित होते क्षेत्र में मुद्दे और सर्वोत्तम प्रथाएं" पर आधार-व्याख्यान दिया गया। भारत ने खाद्य सुरक्षा के संबंध में रोगाणुरोधी प्रतिरोध, खाद्य-जनित रोगों/संकटों तथा सोशल मीडिया पर झूठे और दुर्भावनापूर्ण वीडियो के परिचालन की पहचान की थी, जिस पर बैठक में चर्चा की गई। सत्र में कोडेक्स रणनीतिक योजना 2020-25 के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए विकासशील गतिविधियों पर ध्यान-केंद्रित किया गया था। स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बैठक में भाग लिया और चर्चा में प्रतिभागिता की।

ग) ब्रसेल्स में कोडेक्स ईडब्ल्यूजी सलाहकार समूह की बैठक

बैठक का आयोजन यूरोपीय कमीशन (स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा महानिदेशालय) द्वारा किया गया था और इसका उद्देश्य विषयों/कोडेक्स समितियों की एक विस्तृत श्रृंखला से ईडब्ल्यूजी के अनुभवी अध्यक्षों को एक मंच पर लाना था। सलाहकार समूह की बैठक का उद्देश्य कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन और इसकी कार्यकारी समिति की सिफारिशों को लागू करना तथा ईडब्ल्यूजी के प्रयोग, प्रबंधन और संगठन के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन विकसित करना था। बैठक में स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिक ने भाग लिया।

घ) कोडेक्स और संबंधित गतिविधियों की समीक्षा

कोडेक्स और संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए अगस्त 2019 के दौरान सचिव स्पाइसेस बोर्ड की अध्यक्षता में स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई थी। स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिकों ने, जो ईडब्ल्यूजी के अध्यक्ष/सीसीएससीएच के अंतर्गत सदस्य हैं, संबंधित मसौदा मानकों की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इस बैठक के परिणामस्वरूप, मानकों से संबंधित क्रियाकलापों के प्रबंधन के लिए मसाला उद्योग के विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक तकनीकी समिति का गठन किया गया। इसके बाद से, सीसीएससीएच के अंतर्गत मसौदा मानकों को अंतिम रूप से कोडेक्स सचिवालय को प्रस्तुत करने से पूर्व उनकी टिप्पणियों/सुझावों के लिए इस तकनीकी समिति के सदस्यों के बीच परिचालित किया जाता है, ताकि भारतीय मसाला उद्योग के हितों को संरक्षित किया जा सके। इसके अलावा, जैसा कि बैठक में निर्णय लिया गया था, सीसीएससीएच के लिए राष्ट्रीय आभासी समिति के पुनर्गठन के लिए सुझाव नेशनल कोडेक्स कांटेक्ट प्वाइंट को प्रस्तुत किए गए।

ई) मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ)

स्पाइसेस बोर्ड द्वारा डब्ल्यूटीओ के अंतर्गत मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ) को प्रस्तुत "*भारत में मसाला मूल्य श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण और क्षमता निर्माण के माध्यम से बाजार तक पहुंच में सुधार*" नामक परियोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया और अक्तूबर 2019 के दौरान हस्ताक्षरित क्रियान्वयन असाइनमेंट प्राप्त हुआ। परियोजना को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था, जो विभिन्न सरकारी निकायों, अनुसंधान संगठनों और मसाला क्षेत्र में अन्य पणधारियों को एक साथ लेकर आएगी। इस परियोजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ 22 फरवरी, 2020 को कोच्ची, केरल में श्री सोम प्रकाश, माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया।

इस परियोजना का उद्देश्य चार परियोजना स्थानों में स्वच्छता और पादपस्वच्छता (एसपीएस) मुद्दों का समाधान करना है अर्थात्: (1) गुजरात के मेहसाना जिले में जीरा/सौंफ, (2) राजस्थान के जोधपुर में जीरा/सौंफ, (3) मध्य प्रदेश के गुना जिले में धनिया, और (4) आंध्र प्रदेश के पडेरु में कालीमिर्च। परियोजना का कुल बजट 992,030 यूएस डोलर है। कोडेक्स परिकोष्ठ परियोजना के सचिवालय के रूप में कार्य कर रहा है।

अक्तूबर 2019 के दौरान परियोजना के क्रियाकलाप प्रारंभ हुए। परियोजना की अवधि आरंभ में तीन साल अर्थात् अक्तूबर 2022 तक के लिए थी। वर्तमान में, इन क्रियाकलापों को एक और साल अर्थात् अक्तूबर 2023 तक बढ़ाने की योजना है, क्योंकि व्याप्त कोविड-19 महामारी की वर्तमान स्थिति ने इन क्रियाकलापों की शुरुआत में देरी की है। स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रमाणित विकेता पंजीकरण फॉर्म एफएओ को फरवरी, 2020 के दौरान प्रस्तुत किया गया था। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और स्पाइसेस बोर्ड इंडिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने हैं तथा यह प्रक्रिया वर्तमान में, मसौदा अवस्था में हैं।

उ) आईएसओ टीसी 34/एससी7

मसालों के लिए मानकों का मसौदा तैयार करने के लिए आईएसओ समिति, अर्थात् तकनीकी समिति 34/उप-समिति 7, की अध्यक्षता पदनाम द्वारा निदेशक अनुसंधान, स्पाइसेस बोर्ड द्वारा की जाती है। आईएसओ बैलेट, जिस पर सदस्य देशों से टिप्पणियां प्राप्त हुई थीं, पर आगे की कार्रवाई करने के लिए चर्चा की गई थी। आईएसओ टीसी 34/एससी 7 का 30 वां सत्र प्रारंभ में फरवरी 2020 के दौरान आयोजित करने के लिए निर्धारित किया गया था, परंतु इसे जून 2020 के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया गया। स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिकों ने मसालों के विभिन्न मसौदा मानकों पर टिप्पणियां प्रदान की थीं। कोडेक्स प्रकोष्ठ इस समिति के लिए मेजबान सचिवालय अर्थात् भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नई दिल्ली के साथ मिलकर काम करता है।

ऊ) मसाले, पाक्य शाकों और रुचिकर सामग्री अनुभागीय समिति, एफएडी 9

निदेशक (अनुसंधान), स्पाइसेस बोर्ड को पदनाम द्वारा मसालों, पाक्य शाकों और रुचिकर सामग्री अनुभागीय समिति, एफएडी 09 के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इस समिति की 16 वीं बैठक भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नई दिल्ली में 25 जून, 2019 को आयोजित की गई थी।

बोर्ड के अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। इस समिति में मसालों के कई भारतीय मानकों की समीक्षा की जा रही है। स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिक मानकों को संशोधित करने के लिए यथाउपयुक्त टिप्पणियां प्रदान करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नई दिल्ली इस समिति के लिए मेजबान सचिवालय है और कोडेक्स प्रकोष्ठ बीआईएस के साथ मिलकर काम करता है।

स्पाइसेस बोर्ड के अधिकारी ने 26 फरवरी, 2020 को नई दिल्ली में आयोजित खाद्य और कृषि प्रभाग परिषद (एफएडीसी) की 24 वीं बैठक में भाग लिया।

8. गुणवत्ता सुधार

कोच्ची में स्पाइसेस बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला (क्यूईएल), वर्ष 1989 में बोर्ड की अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला के रूप में स्थापित की गई थी। गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोच्ची, वर्ष 1997 से ब्रिटिश मानक संस्थान, यूके द्वारा आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, वर्ष 1999 से आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रमाणित है और भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा सितंबर 2004 से आईएसओ/आईईसी 17025 प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रत्यायित है। गुणवत्ता को प्रमुख प्रतिबद्धता मानते हुए, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोच्ची ने हमेशा गुणवत्ता प्रणालियों को उन्नत करके अपना प्रत्यायक बनाए रखा है। प्रयोगशाला को नवीनतम उन्नत प्रणालियों के तहत इसका प्रत्यायन हुआ है; वर्ष 2018 के दौरान ब्रिटिश मानक संस्था, यूके द्वारा आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 जो 6 अगस्त, 2021 तक वैध है और वर्ष 2019 के दौरान एनएबीएल द्वारा आईएसओ/आईईसी 17025:2017 जो 12 अप्रैल, 2022 तक वैध है।

भारत से निर्यात होने वाले मसाले उपयुक्त राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप हैं और ग्राहकों को समय पर, विश्वसनीय और सटीक परीक्षा परिणाम प्रदान करें, इस उद्देश्य के साथ स्पाइसेस बोर्ड ने अपनी क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं की स्थापना करके पूरे भारत में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। छह क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ अब प्रमुख उत्पादक/निर्यात केंद्रों, चेन्नई, गुंटूर, मुंबई, नई दिल्ली, तूतीकोरिन और कांडला, में परिचालन में हैं। कोलकाता और रायबरेली में स्थापित सातवें और आठवें क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ शीघ्र ही परिचालन में आने की प्रतीक्षा में हैं। कोच्ची, मुंबई, गुंटूर, चेन्नई और दिल्ली की प्रयोगशालाएँ एनएबीएल द्वारा प्रत्यायित हैं और अन्य प्रयोगशालाएँ प्रत्यायन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने स्पाइसेस बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के तहत परेषण के नमूनों का विश्लेषण किया, भारतीय मसाला उद्योग को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान कीं और देश में उत्पादित और प्रसंस्कृत मसालों की गुणवत्ता की निगरानी करने में मदद की। आयात करने वाले देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप विश्लेषण के लिए प्रयोगशालाएँ परिष्कृत उपकरणों से सुसज्जित हैं। प्रयोगशाला की विश्लेषणात्मक सेवाओं के लिए प्रासंगिक दस्तावेज़ क्वाडमास नामक एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन किया जाता है, जिसमें वर्कशीट बनाने और विश्लेषणात्मक परिणाम प्रस्तुत करना शामिल है तथा इसे लगातार अपडेट किया जाता है।

अ) विश्लेषणात्मक सेवाएं

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, प्रयोगशाला ने मिर्च व मिर्च उत्पादों के अनिवार्य नमूने के तहत सूडान डाई I-IV और एफ्लाटॉक्सिन की मौजूदगी के लिए मिर्च और मिर्च उत्पादों, हल्दी पाउडर और अन्य मिर्चयुक्त खाद्य उत्पादों की खेप के अनिवार्य नमूनों का विश्लेषण जारी रखा। इसके अलावा, बोर्ड द्वारा लागू अनिवार्य निरीक्षण और परीक्षण के अनुसार, चीनीलेपित सौंफ के बीज (सनसेट येल्लो के लिए), करी पत्ते (यूरोपीय संघ केलिए प्रोफेनोफोस, ट्रायजोफोस और एंडोसल्फान जैसे नाशीजीवनाशी हेतु), जीरा (बाहरी पदार्थ और अन्य बीजों के लिए) और मिर्च, जीरा और मसाला मिश्रण (यूएस के लिए साल्मोनेला हेतु) के निर्यात परेषण का विश्लेषण किया गया है।

अवधि के दौरान, भारत से जापान केलिए (तेलों और तैलीराल को छोड़कर) साबुत और पीसे हुए रूप में मसाले और मसाला उत्पादों जैसे मिर्च, जीरा, हल्दी, काली कालीमिर्च, मेथी और छोटी इलायची में इप्रोबेन्फ़ोस, प्रोफेनोफोस, ट्रायजोफोस, एथियोन, फोरेट पैराथियॉन, क्लोरपाइरीफोस और मिथाइल पैराथियान जैसे नाशीजीवनाशी अवशेषों के परीक्षण और आयातित काली कालीमिर्च के परेषण में पिपेरीन और तैलीराल सामग्री का विश्लेषण भी किया गया था।

मसालों और मसाला उत्पादों में सामान्य भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजैविकीय पैरामीटरों के अलावा अन्य अवैध रंजकों (जैसे कि पैरा रेड, रोड़ामाइन बी, बटर येल्लो, सूडान रेड 7 बी

एवं सूडान ऑरेंज जी), ओक्राटॉक्सिन ए, काली कालीमिर्च में खनिज तेल, इलायची में अवैध रंग, कैसिया / दालचीनी, आदि में कौमारिन घटक का पता लगाने के लिए विश्लेषणात्मक सेवाएं भी प्रदान की गईं।

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं अपने ग्राहकों को, वेबसाइट पर इसके परीक्षण की गुंजाइश उपलब्ध कराते हैं। इसे और अधिक सूक्ष्मजैविकीय पैरामीटरों सहित संशोधित किया गया है, जो स्वचालित, तेज, मान्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत हैं।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोग-शालाओं ने एफ़्लाटोक्सिन, अवैध रंजकों, नाशीजीवनाशी अवशेषों, सालमोनेल्ला एसपी इत्यादि सहित विविध पैरामीटरों केलिए 1,16,772 नमूनों का विश्लेषण किया।

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, सऊदी अरब, आदि जैसे विभिन्न आयातित देशों से निर्यात की अस्वीकृति की निगरानी की, अनिवार्य निरीक्षण और परीक्षण के दायरे के विस्तार की आवश्यकता के लिए, लगातार समीक्षा की जाती है।

गु.मू.प्र.	प्राप्त नमूनों की संख्या	परीक्षित पैरामीटरों की संख्या
कोच्ची	13060	25300
कांडला	9334	18105
चेन्नई	18659	21290
मुंबई	15009	28752
नरेला	2675	4720
तूतिकोरिन	3567	6518
गुंटूर	7945	12087
कुल	70249	116772

आ) मानव संसाधन विकास कार्यक्रम

अवधि के दौरान, प्रयोगशाला कर्मियों की तकनीकी क्षमताओं में सुधार और प्रयोगशाला द्वारा अपनाई गई विभिन्न आईएसओ गुणवत्ता प्रणालियों की आवश्यकताओं को अद्यतन करने के भाग के रूप में, तकनीकी स्टाफ सदस्यों के द्वारा 27 अंतर्राष्ट्रीय /राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाओं में भाग लिया गया।

इ) प्रशिक्षण कार्यक्रम

क) मसाला उद्योग से तकनीकी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2019-20 के दौरान, प्रयोगशाला ने मसालों/मसाला उत्पादों के भौतिक, रासायनिक, अवशेष और सूक्ष्मजैविकीय पैरामीटरों केलिए मसालों और मसाला उत्पादों के विश्लेषण पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में मसाला उद्योग के तकनीकी कार्मिक सहित कुल पाँच प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ख) अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरण

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने मसालों में गुणवत्ता के मुद्दों पर किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और सरकारी अधिकारियों के लिए तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए।

ग) छात्र प्रशिक्षुता/शैक्षिक परियोजना कार्य

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने विभिन्न महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के कुल 12 छात्रों को (स्नातक/स्नातकोत्तर छात्र सहित) शोध-निबंध की सुविधाएं और दिशानिर्देश प्रदान किए।

ई) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में भागीदारीः

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं के तकनीकी अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता संबंधित 13 राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में भाग लिया।

उ) आईएसओ सिस्टम संबंधित कार्यकलाप

क) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नै ने आईएसओ आईईसी 17025: 2017 केलिए एनएबीएल लेखापरीक्षा सफलतापूर्वक पूरा की और प्रत्यायन प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

ख) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, मुंबई ने आईएसओ आईईसी 17025: 2017 केलिए एनएबीएल लेखापरीक्षा पूरी की।

ग) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, तूतिकोरिन ने आईएसओ आईईसी 17025: 2017 केलिए आंतरिक लेखा-परीक्षा पूरा की है और प्रयोगशाला के पूर्वमूल्यांकन की प्रतीक्षा में है।

ऊ) एएसटीए जाँच नमूना कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, मुंबई ने कैप्सेइसिन, कलर वैल्यू, नमी, वाष्पशील तेल और पिपेरीन पैरामीटरों केलिए एएसटीए 2019 चौथी तिमाही के पीटी कार्यक्रम में भाग लिया। सभी अध्ययनों का "Z" स्कोर, मंजूर सीमाओं के बिलकुल अंदर पाए गए।

ऋ) स्पाइसेस बोर्ड नमूनाजांच कार्यक्रम / प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम

क) क्यूईएल ने विभिन्न भौतिक, रासायनिक, अवशिष्ट और सूक्ष्मजैविकीय पैरामीटरों के लिए अंतर-प्रयोगशाला जांच नमूना कार्यक्रम आयोजित किया और परिणाम "Z" स्कोर की सीमा के भीतर थे और जहां भी विचलन देखा गया है वहां सुधारात्मक कार्रवाई की गई है।

ख) विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों जैसेकि एफएपीएएस, त्रिलोगी एनलिटिकल लेबोरटरी व आश्वी पीटी प्रोवाइडर्स द्वारा आयोजित प्रवीणता-परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुंटूर, मुंबई तथा तूतिकोरिन की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने विभिन्न भौतिक, रासायनिक, अवशिष्ट और सूक्ष्मजैविकीय पैरामीटरों में सक्रिय रूप से भाग लिया। सुड़ान-I, सुड़ान-II, सुड़ान-III, सुड़ान-IV, टोटल एफ्लाटॉक्सिन, टोटल एंड़ोसल्फान, टोटल प्लेट काउंट, स्टैफाइलोकोकस औरियस, पैरारेड, बट्टर येल्लो, रोड़ामिन बी, सुड़ान ऑरेंज जी, ऑरेंज–II और सुड़ान रेड 7बी ऐसे कुछ पैरामीटर थे।

ग) एफ़एपीएएस प्रवीणता-जांच कार्यक्रम के अंतर्गत, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोच्ची ने सुड़ान ड़ाई, पैरा रेड, बट्टर येल्लो, रोडामाइन बी, सूडान ऑरेंज जी, सुडान रेड 7बी और ऑरेंज - II केलिए पीटी कार्यक्रम में भाग लिया।

घ) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कोच्ची ने नमी, कुल राख, गैर वाष्पशील ईथर निचोड़, वाष्पशील तेल, एसिड अघुलनशील राख, कैप्सेइसिन, क्रूड फाइबर जैसे पैरामीटरों केलिए आश्वी पीटी प्रोवाइडर द्वारा आयोजित पीटी कार्यक्रमों में भाग लिया।

ए) खरीद के लिए मानकों का सामंजस्यः

गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला के स्टाफ ने मसालों व पाक शाकों केलिए कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच) में सक्रिय रूप से भाग लिया और विनिर्देशों को तैयार करनेवाले इलेक्ट्रोनिक कार्य दलों (ईडब्ल्यूजी) का नेतृत्व किया। वर्ष के दौरान गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने सीसीएससीएच के अंतर्गत ईडबल्यूजी के रूप में निम्नलिखित मानकों के विकास केलिए सक्रिय रूप से योगदान दियाः

- "सूखे फलों और फलियों" (सूखी मिर्च, कालीमिर्च और पैप्रिका) के लिए समूह मानक
- "सूखे फूलों के भाग" (केसर व लौंग) केलिए समूह मानक
- "सूखी जड़ें, राइज़ोम एवं प्रकंद" (सूखे लहसुन व अदरक) केलिए समूह मानक
- ओरेगेनो पर प्रस्तावित संशोधित मानक मसौदा
- "सूखे पत्ते" (तुलसी) केलिए समूह मानक
- "सूखे बीज" (जायफल) केलिए समूह मानक

ऐ) परियोजना / मानकीकरण कार्य

क) रायबरेली की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला ने उपकरणों की स्थापना पूरी की है और मेंथा तेल में भौतिक रासायनिक पैरामीटर हेतु परीक्षण शुरू करने के लिए तैयार है। रिफ्रेक्टोमीटर, डेंसिटोमीटर, पोलारिमीटर और फ्लैश पॉइंट उपस्कर जैसे उपकरण, क्रमशः पुदीने के तेल के नमूनों के अपवर्तक सूचकांक, घनत्व, ऑप्टिकल रोटेशन और फ्लैश पॉइंट के परीक्षण के लिए स्थापित किए गए हैं।

ख) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, मुंबई ने करी पत्ते में नाशीजीवनाशी अवशेषों की दस अणुओं (मोणोक्रोटोफोस, एसेफेट, ट्रियाजोफोस, क्लोर्पाइरिफोस, एसेटमीप्रीड, क्लोथियंडिन, मेथमिडोफोस, थियामेथोकसाम, प्रोपार्गाइट, ऑक्सी डेमेटोनमेथाइल) केलिए परीक्षण मानकीकृत किया गया और जुलाई, 2019 से लेकर यूरोपीय संघ के परेषणों केलिए परीक्षण प्रारंभ किया है। मानकीकरण के अंतर्गत सउदी अरब केलिए इलायची में छह नाशीजीवनाशी अवशेषों (एसेटमीप्रीड, साइहलोथ्रिन, साइपेर्मेथ्रिन, प्रोफेनोफोस, ट्रियाजोफोस, डाइथियोकार्बमेट्स) केलिए विधि का विकास मानकीकरणाधीन है।

9. निर्यातोन्मुख अनुसंधान

भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआई) ने रिपोर्ट की अवधि के दौरान अनेक शोध कार्यक्रम संचालित किए जिनमें मुख्य रूप से पोषक प्रबंधन और मृदा विश्लेषण पर आधारित फसल सुधार, जैव-प्रौद्योगिकी, फसल उत्पादन अध्ययन, छोटी और बड़ी इलायची में एकीकृत कीट और रोग प्रबंधन पर आधारित फसल संरक्षण अध्ययन तथा अन्य मसालों में अनुकूली परीक्षण शामिल थे। प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण किसानों और लक्षित समूहों के लिए विभिन्न विस्तार गतिविधियों के माध्यम से किया गया था जैसे परामर्शिकाएं, वैज्ञानिक-किसान संपर्क, स्पाइस क्लिनिक, क्षेत्रीय संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ऑडियो और विज़ुअल मीडिया एवं प्रकाशन। आईसीआरआई ने रणनीतियों को विकसित किया और इलायची में कीटनाशक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता पैदा की, एकीकृत नाशकजीव प्रबंधन (आईपीएम), एकीकृत रोग प्रबंधन (आईडीएम) और एकीकृत पोषक प्रबंधन (आईएनएम) प्रणालियों के साथ-साथ जैविक खेती की प्रथा को प्रोत्साहित किया।

क. फसल सुधार

क) छोटी इलायची

जननद्रव्य अन्वेषण ने केरल के इडुक्की जिले से छोटी इलायची के सात अनोखे अभिगमन प्राप्त किए। कर्नाटक के मडिकेरी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों तथा कर्नाटक के चिकमंगलूर जिले के बनाकाल क्षेत्र में कर्नाटक में किए गए सर्वेक्षण में इलायची के 18 अभिगमन प्राप्त हुए, जिन्हें जननद्रव्य भंडार में जोड़ा गया। डिजिटलीकरण के भाग के रूप में, छोटी इलायची के 100 अभिगमनों के आकारकीय और उपज आंकड़ों को संकलित और विश्लेषित किया गया था। आईसीआरआई, आरआरएस, सकलेशपुर में राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन द्वारा एकत्रित छोटी इलायची की आठ अलग-अलग भू-प्रजातियों (पच्चैकाई, पनिकुलांगारा, वंडर कार्डमम, तिरुताली, अर्जुन, एलाराजन, पप्पालु और पीएनएस वेगई) का प्रदर्शन मूल्यांकन परीक्षण शुरू किया गया था। आईसीआरआई, आरआरएस सकलेशपुर में छोटी इलायची के एफ1 संकर (संख्या 10) का क्षेत्र मूल्यांकन किया गया था। मूल्यांकन किए गए दस संकरों में, एसएचसी 28 (एसकेपी 189 x एमसीसी 260) (1255.2 किग्रा/हे.) और एसएचसी 24 (एसकेपी 189 x एसकेपी 184) (1077.5 किग्रा/हे.) श्रेष्ठ पाए गए।

किसानों की कालीमिर्च की किस्म जैसे पेप्पर तेक्कन, ज़ियोनमुंडी और कुंबुक्कल पेप्पर के गुणवत्ता पैरामीटरों का विश्लेषण किया गया था।

किसानों को छोटी इलायची (1500 रोपण इकाइयाँ) और छोटी इलायची संकर (5000 पादप) की गुणवत्ता रोपण सामग्री की आपूर्ति क्रमशः आईसीआरआई, मैलाडुंपारा और आईसीआरआई, आरआरएस, सकलेशपुर द्वारा की गई थी। इस अवधि के दौरान कर्नाटक से रोपणकर्ताओं को कालीमिर्च की 6,021 रोपण सामग्री की आपूर्ति की गई थी।

ख) बड़ी इलायची

जर्मप्लाज्म अन्वेषण से एक अभिगमन प्राप्त हुआ जो कि कृषिजोपजाति वर्लेगे जैसा था। वर्तमान में, कुल उपलब्ध संग्रहण में 167 अभिगमन हैं तथा उन्हें काबी और पांगथांग अनुसंधान फार्मों में जननद्रव्य संरक्षणशाला में रखा गया है।

आईसीएआर-आईआईएसआर, कालीकट के सहयोग से बड़ी इलायची के दस (तीन जंगली सहित) आशाजनक अभिगमनों की ऑयल प्रोफाइलिंग जारी है। इन नमूनों में वर्लेगे (एससीसी 260), सावनी (एससीसी 157), सेरेमना (एससीसी 243), रामसे (एससीसी 246), रामला (एससीसी 254), आईसीआरआई सिक्किम-1 और 2, अमोमम किंगली, अमोमम डेलबेटम और अमोमम एरोमैटिकम शामिल हैं।

एआईसीआरपीएस के अंतर्गत, सात अभिगमनों के पासपोर्ट डाटा को प्रलेखित किया गया था और आईसी नंबर के लिए

एनबीपीजीआर को भेजा गया था। कोहिमा, नागालैंड में परीक्षण भूखंड से दर्ज किए गए विकास पैरामीटरों के आंकड़ों से पता चला है कि वार्लेंगे ने सभी विकास पैरामीटरों और स्थान के लिए अनुकूलन क्षमता में गोलसी से बेहतर प्रदर्शन किया।

ख. जैव-प्रौद्योगिकी

छोटी और बड़ी इलायची

आणविक मार्करों का प्रयोग करते हुए छोटी इलायची की भू-प्रजातियों की विविधता का विश्लेषण किया गया था। सभी 20 भू-प्रजातियों के पासपोर्ट डाटा संकलित किए गए थे। मलबार किस्म विशिष्ट एससीएआर सीक्वेंस एनसीबीआई (यूएसए) में प्रकाशित हुआ था। बड़ी इलायची की प्राकृतिक किस्मों/ कृषिजोपजातियों के विविधता-विश्लेषण से उच्च बहुरूपता का पता चला है। बड़ी इलायची के 65 अभिगमनों के पासपोर्ट डाटा को तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। प्राकृतिक कृषिजोपजातियों की आकृतिक और आणविक विशेषता-वर्णन के आधार पर बड़ी इलायची का वर्णनकारी कार्य शुरू किया गया था और प्रत्येक प्राकृतिक कृषिजोपजाति का विभेद करने के लिए विशिष्ट विशेषताओं और महत्वपूर्ण प्रमुख विशेषताओं का चयन किया गया था।

भौगोलिक मूल के विश्लेषण के भाग के रूप में भारतीय इलायची और ग्वाटेमाला इलायची के डीएनए प्रोफाइलों ने बहुरूपता के उच्च स्तरों को दर्शाया है जो विशिष्ट मार्कर विकास के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। अनुक्रम विश्लेषण शुरूकिया गया है।

इलायची ट्रांसक्रिप्टम परियोजना के अंतर्गत कैप्सूल रॉट और चिर्के वायरस रोग से संबंधित ट्रांस्क्रिप्ट की आरएनए सीक्वेंसिंग को पूरा किया गया तथा जेएनटीबीजीआरआई, केएससीएसटीई, केरल सरकार, तिरुवनन्तपुरम के सहयोग से डाटा विश्लेषण का कार्य किया जा रहा है। छोटी और बड़ी इलायची के ट्रांसक्रिप्टम डाटा और पांडुलिपियों को क्रमशः एनसीबीआई और एल्सेवियर जर्नल में प्रकाशित किया गया था। बड़ी इलायची वायरस से आरएनए विलगन और विषाणु संक्रमित बड़ी इलायची के नमूनों में प्राइमर सत्यापन विषाणु नैदानिकी पर प्रयोगात्मक परीक्षणों के अंतर्गत और डब्ल्यूओएस (डीएसटी) परियोजना के भाग के रूप में संचालित किया गया था। इडुक्की जिले में 13 स्थानों से 20 फ्यूसैरियम संक्रमित इलायची पादप नमूनों के रूपात्मक विशेषता-वर्णन ने इसकी उपस्थिति की पुष्टि की। आईटीएस 3/आईटीएस 4, आईटीएस 2/ आईटीएस 5, आईटीएस 6/ आईटीएस 2, एफओएक्स एफ/एफओएस आर प्राइमर संयोजनों का उपयोग करके डीएनए विलगन और पीसीआर विश्लेषण संचालित किया गया।

छोटी और बड़ी इलायची, कालीमिर्च, वैनिला, अदरक और शाकीय मसालों के ऊतक संवर्धन प्रारंभ किए गए थे। चार पीजी परियोजना प्रशिक्षुओं और दो शिक्षुओं को डीएनए प्रोफाइलिंग, जैवसूचनाविज्ञान तकनीकों और ऊतक संवर्धन पर प्रदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए। पीएच.डी परियोजना के एक भाग के रूप में, आणविक मार्करों का उपयोग करते हुए कालीमिर्च की भूप्रजातियों को आनुवंशिक विविधता अध्ययन के अधीन रखा गया था। कृषि विश्वविद्यालयों के पीजी प्रशिक्षुओं और छात्रों को इलायची में ऊतक प्रवर्धन, मेरिस्टेम प्रवर्धन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवधि के दौरान प्रशिक्षुओं के तीन बैचों को पादप ऊतक प्रवर्धन तकनीशियन पर आरपीएल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ग. कृषिविज्ञान और मृदा विज्ञान

क) छोटी इलायची

रिपोर्ट के वर्ष के दौरान, इलायची उत्पादकों से प्राप्त 1340 मृदा नमूनों का मृदा पीएच के अलावा प्रमुख, माध्यमिक और सूक्ष्म पोषक-तत्वों के लिए विश्लेषण किया गया था। मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर, उत्पादकों को इलायची के लिए उपयुक्त उर्वरक कार्यक्रम प्रदान किए गए। इडुक्की जिले के विभिन्न भागों से मृदा के इक्कीस नमूनों को सलाहकार सेवा के भाग के रूप में उनकी बनावट के आधार पर वर्गीकृत किया गया था।

केरल सरकार के भू-जल विभाग के सहयोग से कृषि-विज्ञान और मृदा विज्ञान प्रभाग, आईसीआरआई, मैलाडुंपारा में "इडुक्की जिले के इलायची की खेती वाले क्षेत्रों में कीटनाशकों के पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन" नामक एक सहयोगी परियोजना शुरू की गई। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, विभिन्न कीटनाशकों के लिए इडुक्की जिले के इलायची उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों से पानी के 92 नमूनों का विश्लेषण किया गया।

मैलाडुंपारा स्थित आईसीआरआई की कालीमिर्च पौधशाला को इस वर्ष के दौरान सुपारी और मसाला विकास निदेशालय

(डीएएसडी), कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग (डीएसी एंड एफडब्ल्यू), भारत सरकार से प्रत्यायन प्राप्त हुआ है।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, जलवायु-विज्ञान पर परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2009 से 2019 तक 10 वर्षों के जलवायु मापदंण्डों को संकलित किया गया। पिछले तीन दशकों में मौसम संबंधी पैरामीटरों में परिवर्तनों की मात्रा को आंका गया।

पीजी परियोजनाओं के भाग के रूप में, इडुक्की जिले में तीन प्रमुख स्थानों का कालीमिर्च के लिए सर्वेक्षण किया गया और नमूनों को एकत्र किया गया तथा इसके भौतिक और आंतरिक गुणों का विश्लेषण किया गया।

ख) बड़ी इलायची

बड़ी इलायची में पैदावार अधिकतम करने में बोरोन की भूमिका पर किए गए अध्ययनों से दूसरों की तुलना में बोरेक्स @ 0.5% + @ 2.5 कि.ग्रा/हे. बोरेक्स मृदा अनुप्रयोग के उपचार में अधिकतम शुष्क उपज किलोग्राम/हेक्टेयर (561.0), अधिकतम लाभः लागत अनुपात (2.49) का पता चला है।

सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों से उच्च (बड़ी इलायची उत्पादकता पुरस्कृत भूखंड) और कम उत्पादकता (रोग प्रभावित) वाले बागानों से मृदा और पौधों के नमूनों के संग्रह के लिए सर्वेक्षण किया गया था। परिणाम में पाया गया कि उच्च उत्पादकता के लिए पीएच 5.5 से 6.0 तक की मृदा सबसे अच्छी है।

यथास्थाने मृदा संरक्षण प्रक्रियाओं, सतह की मल्चिंग में काफी अधिक संख्या में मृदा आर्द्रता मात्रा (23.10 प्रतिशत) दर्ज की गई है, जिसका उपचार ढलान पर खांचे बनाना है जो सम्यक रूप से बायोमास से भरे हों, जिसमें अन्य सभी उपचारों की तुलना में सबसे अधिक शुष्क उपज (617.94 किलोग्राम/हेक्टेयर) पाई गई और अधिकतम लाभ लागत अनुपात (2.89) दर्ज किया गया।

घ. पादप रोगविज्ञान

छोटी और बड़ी इलायची के लिए पादप संरक्षण संहिता (पीसीसी) को अंतिम रूप दिया गया और विशेषज्ञ समिति द्वारा उसे अनुमोदित किया गया जिसमें सचिव एचसी और डीडी, सिक्किम सरकार, बागवानी आयुक्त, भारत सरकार, निदेशक, आईआईएसआर, निदेशक, डीएएसडी एवं प्रत्यायन समिति के अध्यक्ष शामिल थे और उसे मंत्रालय को भेजा गया। इडुक्की के विभिन्न स्थानों में छोटी इलायची के रोगों का आवधिक सर्वेक्षण निश्चित भूखंडों में संचालित किया गया तथा बड़ी और छोटी बीमारियों की घटनाओं को दर्ज किया गया। कैप्सूल रॉट की घटना 2.11-19.58 प्रतिशत, क्लंप रॉट 1.07-13.99 प्रतिशत, फ्यूज़ेरियम रूट रॉट 2.89-5.99 प्रतिशत, लीफ ब्लॉच 1.88-6.56 प्रतिशत और विषाणु रोग 2.11-2.90 प्रतिशत तक थी। इडुक्की में सड़न रोग वाले प्रमुख क्षेत्रों से छोटी इलायची की पांच रॉट एस्केप लाइनों को एकत्र किया गया था।

प्राकृतिक क्षेत्र परिस्थितियों में रोगों के प्रति उनकी सहिष्णुता के लिए वर्ष 2019-20 के दौरान बीस छोटी इलायची जननद्रव्य जीनोटाइपों की जांच की गई थी। पचास प्रतिशत पौधों को फिओडैक्टाइलम अल्पीनिए द्वारा कारित लीफ ब्लॉच के प्रति अतिसंवेदनशील पाया गया। फाइटोफ्थोरा मीडी द्वारा कारित लीफ ब्लॉच 15 प्रतिशत पादपों के मध्य देखी गई जबकि कोलेटोट्रिकम ग्लीओस्पोरिओइड्स द्वारा कारित चेंथल अध्ययन किए गए सभी इलायची जीनोटाइपों में देखा गया था।

कीटनाशकों, क्विनालफोस + डायफेंथियूरोन, क्विनालफोस + फेंथोएट, क्विनालफोस + कॉपर ऑक्सीक्लोराइड, + कॉपर ऑक्सीक्लोराइड + फेंथोएट, कॉपर ऑक्सीक्लोराइड + डायफेंथियूरोन, फेनथोएट + डायफेंथियूरोन को अनुशंसित खुराकों पर स्प्रे विलायकों में अनुकूल पाया गया तथा 72 घंटे बाद भी कोई पादप-विषाक्तता नहीं देखी गई।

47 मसाला नमूनों पर रोगजनक पृथक्करण और पहचान अध्ययनों से पता चला है कि फ्यूज़ेरियम ऑक्सीस्पोरम इलायची के 23 नमूनों में, कोलेटोट्रिचम ग्लोइओस्पोरिओडेस 9 नमूनों में, फाइटोफ्थोरा मीडी 4 नमूनों में, पायथियम स्प. 3 नमूनों में और रीज़ोक्टोनिया सोलानी 3 नमूनों में सहयोजित था। फाइटोफ्थोरा कैप्सिकी कालीमिर्च के 4 नमूनों से प्राप्त की गई थी।

इडुक्की, केरल में इलायची के थोक मृदा नमूनों से एकत्र किए गए अट्ठाईस बैक्टीरियल आइसोलेट्स और 22 फंगल आइसोलेट्स का सड़न रोगजनकों अर्थात् पायथियम, फाइटोफ्थोरा, फ्यूजेरियम और रीजोक्टोनिया के विरुद्ध यथास्थाने परिस्थिति में उनकी जैव-नियंत्रण प्रभावकारिता के लिए अध्ययन किया गया। एक बैक्टीरियल आइसोलेट और पांच फंगल आइसोलेट्स ने इन रोगजनकों के प्रति 70 प्रतिशत से अधिक अवरोध दिखाया।

अड़िमाली क्षेत्र में जायफल के पादपों में सिलिंड्रोक्लेडियम स्कोपेरियम के कारण लीफ स्पॉट रोग देखा गया और इसे पहली बार दर्ज किया गया।

ड. कीट-विज्ञान

क) छोटी इलायची

इलायची के प्रमुख कीटों अर्थात् थ्रिप्स और शूट बोरर पर नए कीटनाशक अणुओं अर्थात् फ़िप्रोनिल पाँच प्रतिशत एससी और स्पिनोसैड 45 प्रतिशत एससी, 25 प्रतिशत ईसी इमिडैक्लोप्रिड @ 17.8 एसएल और क्विनालफ़ॉस 25 प्रतिशत ईसी का विश्लेषण किया गया और इलाइची उत्पादकों को न्यूनतम संकेंद्रण पर प्रभावी खुराकें अनुशंसित की गईं।

एकत्रित ऐन्टोपैथोजेनिक कवक (ईपीएफ) ने इलायची क्षेत्र से रूट ग्रब और थ्रिप्स को प्रभावित किया और प्रयोगशाला में रूट ग्रब और थ्रिप्स से कवक को पृथक किया। इन्हें विभिन्न इलायची अभिगमनों में थ्रिप्स सहिष्णु लाइनों के लिए स्क्रीन किया गया।

इलायची रूट ग्रब के पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन के लिए ऐन्टोपैथोजेनिक नेमाटोड (ईपीएन) के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए कम लागत वाला कृत्रिम आहार का विकसित किया गया। वर्ष 2019-20 के दौरान, इलायची रूट ग्रब के प्रबंधन के लिए 97.06 एकड़ क्षेत्र को कवर करने वाले जरूरतमंद किसानों को 1,70,840 ईपीएन संक्रमित 49 'गैलेरिया' कैडेवरों की आपूर्ति की गई थी।

कर्नाटक में जैव-नियंत्रण उपायों के एक भाग के रूप में, इलायची में शूट फ्लाई संक्रमण को प्रबंधित करने के लिए आईसीआरआई फार्म में तीस फिश मील ट्रैप लगाए गए थे।

ख) बड़ी इलायची

प्रमुख कीटों की कोई घटना नहीं होने के साथ काबी और पांगथांग अनुसंधान फार्मों में निर्धारित भूखंड सर्वेक्षण में कीटों की घटना 5 प्रतिशत से कम दर्ज की गई। तथापि, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड में तथा पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों में निगरानी के दौरान कैप्स्यूल बोरर और लीफ कैटरपिलर की घटना क्रमशः 10 से 15 प्रतिशत और 2 से 10 प्रतिशत थी। पांगथांग फार्म की तुलना में काबी फार्म में कैप्स्यूल बोरर की घटना अधिक पाई गई। काबी फार्म में कृषिजोपजाति सावर्णी, वर्लेंगे और सेरेमना में प्रतिशत संक्रमण 4.80, 3.22 और 3.03 था, जबकि पांगथांग फार्म में यह क्रमशः 1.32, 1.02 और 1.15 था।

पादप परजीवी सूत्रकृमि की घटना पश्चिम बंगाल के कालिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों के अलावा पूर्वी, उत्तर और पश्चिम जिला सिक्किम के बड़ी इलायची के बागानों में देखी गई। बड़ी इलायची मृदा में मेलोइडोजीन इंकोग्निटा, प्राटिलैन्चस एसपी. और हेलिकोट इलेंचस एसपी. मौजूद पाए गए।

च. प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण

क) छोटी इलायची

इडुक्की जिले में 14 मसाला क्लीनिक आयोजित किए गए, जिनमें 74 बागानों का दौरा किया गया और खेती के विभिन्न पहलुओं पर सलाह दी गई जिससे 325 किसान लाभान्वित हुए। कर्नाटक में दस मसाला क्लीनिक आयोजित किए गए जिनसे 700 किसानों को लाभान्वित किया गया। आईसीआरआई अनुसंधान प्रभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं से एक हजार छह सौ छत्तीस कृषक/पणधारी लाभान्वित हुए। इस अवधि के दौरान इलायची, मिर्च और अन्य मसालों की खेती के विभिन्न पहलुओं पर इक्कीस प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम/अनुभवजन्य दौरे आयोजित किए गए जिनसे 659 किसानों/छात्रों को लाभ प्राप्त हुआ। "जैव-नियंत्रण एजेंट्स के व्यापक प्रवर्धन पर सात व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों" का आयोजन किया गया और एसएचजी/किसान समूहों/क्लबों के 89 किसानों ने इनमें भाग लिया।

बायोएजेंट अर्थात् स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंस (द्रव्य) 830 ली., ट्राइकोडर्मा हर्ज़िएनम (द्रव्य) 759 ली., ट्राइकोडर्मा हर्ज़िएनम (ठोस) 346 किलोग्राम, पैसिलिलोमाइसिस लिलसिनस (द्रव्य) 21 ली. और वीएएम (ठोस) 46 किलोग्राम की आपूर्ति केरल और कर्नाटक में किसानों को की गई। इस वर्ष के दौरान फसल संरक्षण प्रभाग द्वारा प्रदान की गई रोग और कीट नैदानिक सेवाओं से तीन सौ 34 कृषक/हितधारक लाभान्वित हुए।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, जॉब रोल्स पर 95 आरपीएल (पीएमकेवीवाई) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे अर्थात् जैव कृषक, पैक हाउस कर्मी, पौधशाला कर्मी और पादप ऊत्तक प्रवर्ध तकनीशियन तथा इनमें कर्नाटक में आदिवासी

युवाओं सहित कुल 3866 प्रशिक्षु लाभान्वित हुए।

आकाशवाणी द्वारा आईसीआरआई मैलाडुंपारा और सकलेशपुर के वैज्ञानिकों की भागीदारी के साथ रेडियो वार्ताएं आयोजित की गईं। आरआरएस, आईसीआरआई सकलेशपुर और प्रसार भारती (आकाशवाणी, हसन) ने संयुक्त रूप से रेडियो कार्यक्रमों 'सम्बारा बेलाकु' और 'सम्बारा सिरी' का आयोजन करने के लिए सहयोग किया और रेडियो 'किसान वाणी' के माध्यम से प्रचालनों का कैलेंडर प्रसारित किया गया।

ख) बड़ी इलायची

सिक्किम और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में चार मसाला क्लिनिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और इनसे 117 किसान लाभान्वित हुए। तेरह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों और तीन संगोष्ठियों का आयोजन किया गया तथा इन कार्यक्रमों से 326 किसान और अधिकारी लाभान्वित हुए। वैज्ञानिकों ने राज्य और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित तेईस बैठकों/कार्यशालाओं में भाग लिया।

छ. बाह्य वित्त-पोषित और सहयोगी परियोजनाएँ

आईसीआरआई ने रिपोर्ट की अवधि के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं को निष्पादित किया:

- मसालों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना - आईसीएआर, नई दिल्ली - आईसीआरआई के तीन केंद्रों (एमवाईएल, एसकेपी एवं जीकेटी) को सहयोजित केंद्र के रूप में मान्यता दी।
- डीयूएस (विशिष्टता, एकरूपता और स्थिरता) - पीपीवी और एफआर, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय छोटी इलायची के लिए डीयूएस परीक्षण केंद्र के रूप में आईसीआरआई से मान्यताप्राप्त।
- जेएनटीबीजीआरआई, तिरुवनंतपुरम, (केएससीएसटीई, केरल सरकार) - इलायची पर आणविक - जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर सहयोगात्मक परियोजना (समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत)
- रैलीज़ इंडिया बैंगलोर ने सहयोगात्मक अनुसंधान और कीट नाशक परीक्षण लिए वित्त-पोषण किया - एंटोमोलॉजी
- केंद्रीय भू-जल विभाग नई दिल्ली और भूजल विभाग, केरल द्वारा इलायची की खेती वाले क्षेत्रों में कीटनाशक अवशिष्टों के पर्यावरणीय प्रभाव पर वित्त-पोषित परियोजना - कृषि और मृदा विज्ञान

ज. सामान्य

छोटी इलायची के लिए 31वीं वार्षिक अनुसंधान परिषद (एआरसी) मार्च 2020 के दौरान, आईसीआरआई मैलाडुंपारा में और बड़ी इलायची के लिए 27 वीं एआरसी फरवरी 2020 में तादोंग, सिक्किम में आयोजित की गई थी, जिसके दौरान वैज्ञानिकों के काम की प्रगति की समीक्षा की गई थी। आईआईपीएम्, बैंगलोर द्वारा सभी केन्द्रों पर निर्यात-उन्मुख अनुसंधान से संबंधित एक मध्यावधि समीक्षा की गई।

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान आईसीआरआई मैलाडुंपारा में दर्ज की गई कुल वार्षिक वर्षा कुल 120 बारिश-दिनों के साथ 2004.7 मिमी थी। इस अवधि के दौरान 19.8° से. के औसत वार्षिक तापमान के साथ तापमान 31.41 से. से 12.010 से. तक था। आरआरएस सकलेशपुर में कुल वर्षा 118 बारिश-दिनों में 4155.65 मिमी थी। माध्य अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 29.40 से. और 19.20 से. दर्ज किया गया।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों, पुस्तकों, लोकप्रिय प्रकाशनों में शोध दस्तावेज प्रकाशित किए गए और विभिन्न विचार-गोष्ठियों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में अनुसंधान प्रस्तुतियाँ पेश की गई। वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में समीक्षकों के रूप में कार्य किया।

वैज्ञानिकों ने इलायची और कालीमिर्च के लिए क्यूआईटीपी में विषय विशेषज्ञों के रूप में भाग लिया, अन्य विभागों और संघों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की, विशेष रूप से जनजातीय समूहों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जैव विविधता, सामाजिक-वानिकी/कृषि-वानिकी, पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रमों का संचालन किया, किसानों की आय को सुदृढ़ बनाने पर बैठकें आयोजित कीं, पौधशाला प्रत्यायन, जागरूकता कार्यक्रम, अनुसंधान समीक्षाएं, उत्पादन प्रौद्योगिकियां आदि। वैज्ञानिकों ने आईसीएआर-सीसीएआरआई, ओल्ड गोवा में मसालों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी पर्चे प्रस्तुत किए। वैज्ञानिकों ने आईआईएसआर, अपांगला, कर्नाटक विश्व मसाला संगठन की बैठक में भाग लिया जिसका विषय था 'मसाला उत्पादन में संधारणीयता'।

10. सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रक्रमण

सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग से बोर्ड के कार्यकलापों में काफी बदलाव आया है। कई मैनुअल प्रचालनों का ऑनलाइन प्रणाली में बदल दिया जाता है जो बोर्ड के विभिन्न विभागों के कार्यभार को प्रभावी ढंग से कम करते हैं और उनके संचालन के लिए बदलाव का समय कम करते हैं। ईडीपी विभाग उनके साथ काम करके बोर्ड के विभिन्न विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की सुविधा प्रदान करता है। वास्तव में, यह पूरी प्रणाली को त्वरित और अधिक उत्पादक बनाता है और बोर्ड को अधिक कुशलता से प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है।

ईडीपी विभाग की मुख्य गतिविधियाँ है

- सूचना प्रौद्योगिकी के कारगर प्रयोग के लिए बोर्ड के विभिन्न विभागों और कार्यालयों को सलाह, मार्गदर्शन और सहायता करना;
- मौजूदा अनुप्रयोगों, संदेश समाधान, इंटरनेट और वेबसाइट के रखरखाव के लिए हेल्प डेस्क प्रबंधन
- हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस, नेटवर्किंग और बाह्य उपकरण जैसे सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों के ज़रिए संगठन का प्रशासन;
- प्रौद्योगिकी अधिग्रहण, एकीकरण, और कार्यान्वयन के लिए उपाय तैयार करना;
- सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना का उन्नयन;
- सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण और सॉफ्टवेयर के सुचारू संचालन के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओंका निरूपण और कार्यान्वयन
- आंकड़ा प्रक्रमण
- नई प्रणालियां (या मौजूदा प्रणाली में संशोधन) की आवश्यकता को पहचानना और प्रयोक्ताओं के अनुरोध की पूर्ति करना ।
- सूचना प्रणालियों और अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर की डिजाइन, विकास, प्रलेखन, परीक्षण, कार्यान्वयन और रखरखाव।
- बोर्ड की वेबसाइट spicesboard.in, indianspices.org.in, worldspicecongress.com और ccsch.in का रखरखाव और अद्यतनीकरण
- कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का गठन और संचालन।

11. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (2005 का 22) संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था और राष्ट्रपति की स्वीकृति 15 जून 2005 को प्राप्त हुई थी। अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक प्राधिकरण के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के क्रम में, सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण के अधीन की जानकारी सुरक्षित रूप से प्राप्त करने हेतु नागरिकों को सूचना के अधिकार का एक व्यावहारिक शासन व्यवस्था स्थापित करना है। अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत अधिसूचित कुछ सूचना को छोड़कर सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नागरिक, बोर्ड की जानकारी प्राप्त कर सकता है। नागरिक निर्धारित शुल्क के भुगतान पर बोर्ड के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

बोर्ड ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को कारगर ढंग से कार्यान्वित किया है और इस संबंध में सरकार के सभी निर्देशों का अनुपालन किया है। बोर्ड ने केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों द्वारा प्रेषित सूचना के प्रसारण के समायोजन हेतु उप-निदेशक (लेखापरीक्षा और सतर्कता) को समन्वयक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के रूप में नामित किया है। मुख्यालय में एक सहायक समन्वयक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी को भी नामित किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना के प्रसारण के लिए बोर्ड ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 5 (2) के तहत मुख्यालय में सात केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और अनुसंधान स्टेशन, मैलाडुंपारा, इडुक्की में एक केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) को पदनामित किया गया है। निदेशक (प्रशासन), स्पाइसेस बोर्ड को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (1) के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है और सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के सक्रिय प्रकटीकरण दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपनिदेशक (लेखापरीक्षा और सतर्कता) को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उप-निदेशक (ईडीपी) को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अंतर्गत दायित्वों के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए बोर्ड के 'पारदर्शिता अधिकारी' के रूप में नामित किया गया है। बोर्ड ने हर सूचना, जो प्रकट करना अपेक्षित है, को स्वप्रेरणा से, ऐसे प्ररूप और रीति में बोर्ड के आधिकारिक वेबसाइट के ज़रिए आवश्यक जानकारी का ऐसे प्रकार और रूप में प्रकट किया है, जो [सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1)] जनता के लिए सहज रूप से पहुँच योग्य है। वर्ष 2019-20 के दौरान, भौतिक रूप से और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल 113 सूचना का अधिकार आवेदन और छह अपीलें सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त हुईं और निर्धारित समय के भीतर सभी मामलों में सूचना का प्रसार किया गया। इस अवधि के दौरान केंद्रीय सूचना आयोग की कोई सुनवाई नहीं हुई। आरटीई पंजीकरण शुल्क के रूप में रु. 220/- की राशि प्राप्त की गई थी। केंद्रीय सूचना आयोग की वेबसाइट पर निर्धारित क्रम के अनुसार त्रैमासिक आरटीआई विवरणी (पहली तिमाही से चौथी तिमाही तक) का अद्यतनीकरण किया गया।

परिशिष्ट I

	सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2019-20 के पैरा	उत्तर /प्रस्तावित कार्रवाई
अ	**तुलन पत्र**	
1	**देनदारियाँ**	
1.1	**उद्दिष्ट/धर्मस्व निधियां 240.46 करोड रुपए**	
	उपर्युक्त को, 'निधियों के खाते में किए गए निवेश से आय' के शीर्ष के अधीन उद्दिष्ट निधियों (पेंशन देनदारियाँ) में जमा करने के बदले, आय एवं व्यय खाते में आय के रूप में वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज के लेखाकरण के कारण 3.52 करोड़ रुपए कम करके दिखाया गया है। इसके परिणामस्वरूप उद्दिष्ट/धर्मस्व निधियों तथा आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता में 3.52 करोड़ रुपए की न्यूनोक्ति हुई है। **यह टिप्पणी वर्ष 2018-19 के पृ.ले.रि. में भी उठाई गई थी लेकिन बोर्ड द्वारा कोई सुधारात्मक कार्य नहीं किया गया।**	वर्तमान में अनुसूची 3 के अनुसार प्रमुख निधि शेष केवल पेंशन देयताओं, मसाला पार्क और गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला हेतु उद्दिष्ट निधि के लिए है। वित्तीय लेखा प्रणाली के अनुसार केवल एक ही ब्याज कोड है। यह कोड आय और व्यय खाते से जुड़ा हुआ है। इसलिए ही आय और व्यय खाते में ब्याज का पूरी तरह से हिसाब रखा गया है। लेखापरीक्षा पर की गई टिप्पणी अच्छी तरह से नोट की गई है। टिप्पणी के समाधान की संभावना का 2020-21 के दौरान पता लगाया जाएगा। ऊपर को दृष्टि में रखते हुए, लेखापरीक्षा-पूछताछ छोड़ दी जाए।
